नई दिल्ली
बुधवार 07 मई 2025
वैशाख मास कृष्ण पक्ष,
दशमी वर्ष : 29, अंक : 22
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 41
न्यून. 27

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | गिरावट |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 80,641.07 | 155.77 ▼ |
| निफ्टी | 24,379.60 | 81.55 ▼ |

| धातु | कीमत | तेजी |
|---|---|---|
| सोना | 99,300 /- | +2400/- ▲ |
| चांदी | 98,500/- | +1800/- ▲ |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | नीचे/उछाल |
|---|---|---|
| रुपया | 84.45 | 15 पैसे ▲ |
| क्रूड ऑयल 61.85/ बैरल | | 2.76% ▲ |

पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### तीर्थयात्रियों को देहरादून ले जा रहे हेलिकॉप्टर ने की इमरजेंसी लैंडिंग

**चमोली।** बदरीनाथ धाम क्षेत्र में मौसम खराब होने के कारण



तीर्थयात्रियों को लेकर बदरीनाथ से देहरादून जा रहे एक हेलिकॉप्टर को गोपेश्वर खेल मैदान में इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ी। करीब पांच मिनट तक मैदान में रहने के बाद हेलिकॉप्टर देहरादून के लिए रवाना हो गया। सोमवार को अपराह्न करीब दो बजे पीपलकोटी से चमोली के

### सीयूईटी-यूजी परीक्षा स्थगित होने की संभावना

**नई दिल्ली।** विश्वविद्यालय सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी)-स्नातक (यूजी) की




आठ मई को होने वाली परीक्षा के स्थगित होने की संभावना है। नई तारीखों की आधिकारिक घोषणा जल्द होने की संभावना है। परीक्षा गुरुवार को शुरू होने वाली थी, लेकिन एजेंसी ने अब तक विषयवार 'डेटशीट' की घोषणा नहीं की है।

### हवाई हमले के सायरन बजेंगे और ब्लैकआउट भी होगा

# देश भर में आज 244 जगह होगी मॉक ड्रिल सिखाए जाएंगे हमले से बचने के तरीके

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान से तनाव के बीच बुधवार को देश के 244 इलाकों में युद्ध के दौरान बचाव के तरीकों की मॉक ड्रिल होगी। गृह मंत्रालय ने इन इलाकों को सिविल डिफेंस डिस्ट्रिक्ट के तौर पर सूचीबद्ध किया है। ये सामान्य प्रशासनिक जिलों से अलग हैं। सिविल डिफेंस डिस्ट्रिक्ट को उनकी संवेदनशीलता के आधार पर 3 कैटेगरी में बांटा गया है। कैटगरी-1 सबसे संवेदनशील, कैटगरी-2 संवेदनशील और कैटेगरी-3 कम सेंसेटिव है। गृह ▶▶ शेष पेज 7 पर

सिविल डिफेंस डिस्ट्रिक्ट को उनकी संवेदनशीलता के आधार पर 3 कैटेगरी में बांटा गया है।

| कैटेगरी-1 | कैटेगरी-2 | कैटेगरी-3 |
|---|---|---|
| सबसे संवेदनशील | संवेदनशील | कम सेंसेटिव है |



श्रीनगर की डल झील में सेना ने मॉक ड्रिल की

### पानी, दवाएं और टॉर्च पास में रखें

अधिकारियों ने जनता से मॉक ड्रिल के दौरान शांति बनाए रखने और स्थानीय प्रशासन के निर्देशों का पालन करने की अपील की है। साथ ही लोगों को यह सलाह दी गई है कि वे जरूरी वस्तुएं जैसे पानी, दवाएं और टॉर्च पास में रखें। सोशल मीडिया के माध्यम से फैलने वाली अफवाहों से बचने के लिए जनता से आग्रह किया गया है कि वे केवल सरकारी स्रोतों से ही जानकारी लें। यदि बिजली या ▶▶ शेष पेज 7 पर

### वायुसेना ने जारी किया नोटाम

भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान सीमा के नजदीक एक महत्वपूर्ण युद्धाभ्यास को लेकर एनओटीएएम यानी नोटाम (नोटिस टू एयर मिशन) जारी किया है।



इसका सीधा मतलब है कि उस क्षेत्र में किसी भी सामान्य विमान या एयरलाइन को उड़ान भरने की इजाजत नहीं होगी। भारत के इस कदम को सैन्य तैयारी के संकेत के रूप में देखा जा रहा है जिससे पाकिस्तान की चिंता बढ़ गई है। इस बार भारत ने नोटाम इसलिए जारी ▶▶ शेष पेज 7 पर

### कतर ने कहा-आतंक के खिलाफ भारत का देंगे पूरा साथ

कतर के अमीर तमीम बिन हमद अल-थानी ने पहलगाम हमले को लेकर दुख जताया है। आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई में कतर ने साथ देने की बात कही है। कतर के अमीर ने पीएम मोदी से फोन पर बात की। कतर के अमीर अल थानी ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में हम भारत के साथ हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल-थानी ने मंगलवार को प्रधानमंत्री मोदी से टेलीफोन पर बातचीत की। उन्होंने पहलगाम में सीमा पार से हुए आतंकी हमले में मारे गए लोगों के प्रति ▶▶ शेष पेज 7 पर

### दिल्ली के हर जिले में पांच जगहों पर होगी मॉक ड्रिल, तय हुआ समय

*बुधवार शाम को दिल्ली के हर जिले में पांच जगहों पर मॉक ड्रिल होगी। युद्ध सायरन बजेगा। इसमें सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स, पुलिस और अन्य विभाग हिस्सा लेंगे। पूर्वी जिले में शाम चार बजे गीता कॉलोनी स्थित स्कोप मीनार, कोंडली मार्केट, आइपी एक्सटेंशन, एनएसयूआइटी में मॉक ड्रिल होगी।बता दें कि पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर भारत-पाक के बीच बढ़ते तनाव के बीच गृह मंत्रालय के मॉक ड्रिल के निर्देश के बाद दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने सभी डीसीपी को तैयारियों के लिए विस्तृत योजना तैयार करने को कहा है। उन्होंने बताया कि पुलिस उपायुक्तों (डीसीपी) ने राष्ट्रीय राजधानी में गश्त को मजबूत करने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ बैठकें शुरू कर दी हैं। एक सूत्र ने बताया, "हमने शहर में दिन और रात की गश्त बढ़ा दी है। हमने हरियाणा और उत्तर प्रदेश से लगती दिल्ली की सीमाओं पर पुलिसकर्मियों के साथ अर्धसैनिक बलों को भी तैनात किया है। शहर में सुरक्षा पहले ही बढ़ा दी* ▶▶ शेष पेज 7 पर

*मयूर विहार में 11 बजे की जाएगी मॉक ड्रिल*

बुधवार सुबह 11 बजे दिल्ली के मयूर विहार स्थित विद्या बाल भवन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मॉक ड्रिल की जाएगी। वहीं, शाम 4 बजे महर्षि वाल्मीकि कॉलेज ऑफ एजुकेशन, स्कोप मीनार, डीएम ईस्ट ऑफिस, कोंडली मार्केट, सहयोग अपार्टमेंट के अलावा खान मार्केट, एनडीएमसी, कार्यालय भवन, पालिका केंद्र,चरक पालिका अस्पताल, वसंत विहार, डी-6, आवासीय कॉलोनी, टी3, आईजीआई, एयरपोर्ट, केन्द्रीय विद्यालय स्कूल, दिल्ली कैंट में मॉक ड्रिल की जाएगी।

### बुधवार से होगा दो दिवसीय युद्धाभ्यास, राफेल, सुखोई, तेजस और मिराज जैसे विमान होंगे शामिल





## पाक से लगी भारत की सीमाओं के पास होगी वायुसेना के विमानों की गर्जना

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पहलगाम आतंकी हमले के बाद जम्मू-कश्मीर में एलओसी पर बने हुए तनावपूर्ण हालात के बीच भारतीय वायुसेना बुधवार से पाकिस्तान से लगी देश की पश्चिमी और दक्षिणी सीमा पर एक बड़ा युद्धाभ्यास करेगी। जिसमें उसके अग्रिम पंक्ति के लड़ाकू विमान जैसे राफेल, स्वदेशी तेजस, सुखोई-30 एमकेआई, मिराज-2000, मिग-29 और जगुआर जैसे विमान शामिल होंगे। ▶▶ शेष पेज 7 पर

### दो दिवसीय होगा युद्धाभ्यास

सूत्रों ने कहा कि यह युद्धाभ्यास कुल दो दिनों तक चलेगा। जिसमें वायुसेना के लड़ाकू विमानों के अलावा बल का एयरबॉर्न वॉर्निंग एंड कंट्रोल सिस्टम (अवाक्स) भी भाग लेगा। युद्धाभ्यास के दौरान वायुसेना दुश्मन के लक्ष्यों को जमीन से और आसमान में आभासी रूप से चित्रित ▶▶ शेष पेज 7 पर

### पाकिस्तान पर एक्शन की तैयारी

## 24 घंटे में एनएसए डोभाल ने मोदी से दूसरी बार की मुलाकात

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए हमले के बाद से भारत और पाकिस्तान के बीच तनातनी जारी है। इस बीच एनएसए अजीत डोभाल पीएम मोदी से मिलने पहुंचे। प्रधानमंत्री के आवास पर ये मुलाकात हुई है। केंद्र सरकार आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई की रणनीति तैयार करने में जुटी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का इस हमले के बाद से लगातार उच्च-स्तरीय बैठकों का सिलसिला जारी



है। पिछले 24 घंटों में यह दूसरी बार है जब प्रधानमंत्री ने अजीत डोभाल से मुलाकात की। यह मुलाकात राज्य सरकारों द्वारा मॉक ड्रिल आयोजित करने से एक दिन पहले हुई है। पिछले कुछ दिनों में नरेंद्र मोदी ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, एनएसए डोभाल, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ ▶▶ शेष पेज 7 पर

## हरियाणा सरकार यातायात की भीड़ कम करने और क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने एनसीआर क्षेत्र में आठ नमो भारत कॉरिडोर परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की, जिसके तहत तीन कॉरिडोर वर्तमान में चरण-एक में कार्यान्वयन के अधीन हैं। इनमें दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ (82 किमी), दिल्ली-गुरुग्राम-एसएनबी (105 किमी) और दिल्ली-पानीपत-करनाल (136 किमी) मार्ग शामिल हैं।

बैठक में हरियाणा के पर्यावरण एवं वन मंत्री राव नरबीर सिंह भी शामिल हुए। बैठक में सीएम के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, सीएम के प्रधान सचिव अरुण कुमार गुप्ता, एसीएस- टाउन एंड कंट्री प्लानिंग और शहरी संपदा विभाग ए.के. सिंह और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने यातायात को कम करने, क्षेत्रीय संपर्क को बढ़ावा



देने और हरियाणा के शहरी और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में आर्थिक विकास को बढ़ाने में नमो भारत कॉरिडोर (आरआरटीएस) की परिवर्तनकारी क्षमता पर जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को दिल्ली-एसएनबी और दिल्ली-करनाल परियोजनाओं के लिए मंजूरी में तेजी लाने के निर्देश दिए ताकि उनका समय पर पूरा होना सुनिश्चित हो सके। बैठक के दौरान, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) के एमडी शलभ गोयल ने दो नमो भारत कॉरिडोर की विभिन्न विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए विस्तृत परियोजना रिपोर्टों पर एक विस्तृत प्रस्तुति दी। बैठक में बताया गया कि दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस ▶▶ शेष पेज 7 पर

### भारत की अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर अच्छी खबर

## साल के अंत तक भारत बनेगा चौथी बड़ी इकोनॉमी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत-पाक टेंशन के बीच इंडियन इकोनॉमी के मोर्चे पर अच्छी खबर आई है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) का अनुमान है कि भारत की अर्थव्यवस्था दिसंबर 2025 तक जापान को पीछे छोड़ दुनिया की चौथी सबसे बड़ी इकोनॉमी बन सकती है। आंकड़ों के अनुसार, भारत 2025 तक जापान को पीछे छोड़कर चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

वर्ल्ड इकोनॉमिक डेटा के अनुसार, भारत की वर्तमान में जीडीपी 4.3 ट्रिलियन डॉलर के साथ दुनिया में पांचवे नंबर पर है और जापान की जीडीपी अभी 4.4 ट्रिलियन डॉलर है। बता दें कि अभी भारत से आगे अमेरिका, चीन, जर्मनी और जापान है। आईएमएफ ने अनुमान लगाया है कि 2025 में भारत की नॉमिनल जीडीपी बढ़कर 4,187.017 अरब डॉलर हो जाएगी। वहीं, जापान की जीडीपी




4,186.431 अरब डॉलर रहने का अनुमान है। आने वाले वर्षों में भारत जर्मनी को पछाड़कर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भी बन सकता है। यदि बढ़ोतरी की वर्तमान दर बनी रही तो भारत 2028 तक जर्मनी (4.9 ट्रिलियन डॉलर जीडीपी) को भी पीछे छोड़ कर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

**पिछले साल पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का रिकॉर्ड रहा :**

बता दें कि इस साल अगर ऐसा होता है तो यह 2024 के बाद एक महत्वपूर्ण बदलाव होगा, क्योंकि पिछले साल भारत 3.9 ट्रिलियन डॉलर की जीडीपी के साथ पांचवीं सबसे बड़ी ▶▶ शेष पेज 7 पर

### पूर्व में हुई मॉक ड्रिल के अनुभवों को साझा करते हुए बोले विशेषज्ञ

1965 और 1971 की जंग में भी ऐसी ही मॉक ड्रिल हुई थीं

## सीमाओं पर मजबूत तैनाती के बीच 'मॉक ड्रिल' में सेनाओं की भागीदारी के मायने

कविता जोशी ▶▶ नई दिल्ली

अलग खबर

पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है। बुधवार को केंद्र सरकार के आदेश पर देश की 200 से अधिक जगहों पर स्थानीय प्रशासन द्वारा 'मॉक ड्रिल' की जाएंगी। जिनका उद्देश्य युद्ध या किसी तरह की मिलिट्री स्ट्राइक जैसी आपातकालीन परिस्थिति में आम जनता को शारीरिक और मानसिक रूप से अपने बचाव और सुरक्षा के उपायों को लेकर पूरी तरह से जागरूक करना है।

ये इसलिए भी जरूरी है ताकि जनता के मन से डर को बाहर निकाला जा सकें और उन्हें यह भली भांति पता हो कि मुश्किल समय में उन्हें क्या जरूरी कदम उठाने हैं? मॉक ड्रिल स्थानीय प्रशासन द्वारा ही की जाएंगी। लेकिन उसमें सेना,



फाइल फोटो

वायुसेना और नौसेना की भी भूमिका रहेगी। ऐसा इसलिए है क्योंकि इतिहास में भारत-पाकिस्तान के बीच हुई 1965 और 1971 की जंग में भी ऐसी ही मॉक ड्रिल हुई थीं। जिनमें सशस्त्र सेनाएं आवश्यकता पड़ने पर स्थानीय प्रशासन को हर तरह से सहयोग प्रदान कर रही थीं। हरिभूमि ने तीनों सेनाओं के सेवानिवृत्त अधिकारियों से बातचीत कर मॉक ड्रिल के उनके पुराने अनुभवों और ▶▶ शेष पेज 7 पर

### सीमा के पास और दूर मॉक ड्रिल का अंतर

*मेजर जनरल अस्थाना ने कहा, तनाव के हालात में अभी दोनों देशों के बीच जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा (एलओसी), आईबी पर केवल छोटे हथियारों से गोलीबारी की जा रही है। लेकिन कभी भी यह बड़ा रूप ले सकती है और इसमें तोपों से फायरिंग (आर्टिलरी फायर) शुरू हो सकती है। अगर तोपों से फायरिंग होगी तो साफ तौर पर उससे सीमाई इलाकों के करीब रहने वाली आबादी को भी नुकसान होगा। ऐसे में मॉक ड्रिल में सीमा के करीब बसे हुए और उससे दूर रहने वाले लोगों द्वारा अपनाए जाने वाले सुरक्षा उपायों में अंतर होगा। तनाव के बीच एलओसी या पाक से लगी देश की बाकी सीमाओं के पास रहने वाले लोगों की सुरक्षा के लिए बंकर बनाने पड़ते हैं। जिनमें ये लोग फायरिंग के दौरान तुरंत चले जाएं, दूसरी स्थिति में दुश्मन के विमान के सीमा पार करने पर सायरन बजने लगे जिससे लोग बंकर में शरण ले लें। कई बार जिन इलाकों में सेना को लगता है कि* ▶▶ शेष पेज 7 पर

आपकी सुरक्षा
... आपके हाथ
दिल्ली पुलिस
शांति सेवा न्याय



21वां ग्रीष्मकालीन शिविर 2025
प्रशिक्षण कार्यक्रम की तिथियाँ: 27 मई से 10 जून, 2025
समय: प्रातः 8 बजे से प्रातः 10 बजे तक (रविवार छोड़कर)



सभी महिलाओं के लिए निहत्था प्रतिरोध एवं आत्मरक्षा तकनीकों पर प्रशिक्षण

स्थान

| क्र.सं. | स्थान | आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम की तिथि व समय (रविवार छोड़कर) | नये कानून पर नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम की तिथि | लैंगिक संवेदनशीलता कार्यक्रम की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | एमसीडी प्राइमरी को-एड स्कूल, नानकपुरा, नई दिल्ली -110021 | 27.05.2025 से 10.06.2025 (प्रातः 8.00 से प्रातः 10.00 तक) | 02.06.2025 | 03.06.2025 |
| 2. | विद्या बाल भवन सीनियर सेकेंडरी स्कूल, पॉकेट-5, कोंडली, मयूर विहार फेज़-3, दिल्ली-110096 | 27.05.2025 से 10.06.2025 (प्रातः 8.00 से प्रातः 10.00 तक) | 03.06.2025 | 04.06.2025 |
| 3. | छोटू राम पब्लिक स्कूल, सीनियर सेकेंडरी, बख्तावरपुर, अलीपुर, दिल्ली-110036 | 27.05.2025 से 10.06.2025 (प्रातः 8.00 से प्रातः 10.00 तक) | 04.06.2025 | 05.06.2025 |
| 4. | गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, गोयला खुर्द, दिल्ली-110043 | 27.05.2025 से 10.06.2025 (प्रातः 8.00 से प्रातः 10.00 तक) | 05.06.2025 | 06.06.2025 |

विशेष कार्यक्रम: नये कानूनों एवं महिला सशक्तिकरण पर नुक्कड़ नाटक
पंजीकरण के लिए
06 मई 2025 से 16 मई 2025 सुबह 10:00 बजे से शाम 04:00 बजे तक निर्धारित स्थल पर आएं।
24x7 विशेष महिला हेल्पलाइन नं. 1091/7835075012
साइबर अपराधों की सूचना तुरंत 1930 पर दें
ऑनलाइन पंजीकरण हेतु www.spuwac.in पर जाएं
DP/9776/2025
हमें फॉलो करें @DelhiPoliceOfficial @DelhiPolice @Delhi.Police_official @DelhiPoliceofficial delhiPoliceofficial
पुलिस आयुक्त, दिल्ली की ई-मेल: cp.sanjayarora@delhipolice.gov.in | पुलिस आयुक्त, दिल्ली को लिखें : पोस्ट बॉक्स नं. 171, जीपीओ, नई दिल्ली
तत्काल पुलिस सहायता के लिए कॉल करें 112
जानकारी साझा करने हेतु कॉल करें 14547

# GALGOTIAS UNIVERSITY STUDENTS OUTPERFORM GLOBALLY

## 10 students won Apple's WWDC 25 Swift Student Challenge on a Worldwide Platform



Abu Shahma Ansari | Aditya Rai | Arnav Chauhan | Avineet Singh Juneja | Harshit Gupta | Kavyansh Pratap Singh | Mayank Verma | Praveen Shrivastav | Raj Pratap Singh | Nalinish Ranjan

## AMONGST THE WORLDS BEST

## TOP RANKED IN QS ASIA & THE WORLD UNIVERSITY RANKINGS 2025

## G-SCALE
**GALGOTIAS STUDENT CENTERED ACTIVE LEARNING ECOSYSTEM**

• Critical Thinking • Collaboration • Engagement • Experiential Learning

IN CONSULTANCY COLLABORATION WITH

**InsPIRE at NANYANG TECHNOLOGICAL UNIVERSITY SINGAPORE**

### AN HONOUR BEYOND WORDS. A LEGACY BEYOND BOUNDARIES.

We will continue to carry forward the vision of our Hon'ble Prime Minister Shri Narendra Modi Ji of making India a Vishvaguru & Viksit Bharat and the dream of our Dynamic Leader, Hon'ble Chief Minister of UP, Shri Yogi Aditya Nath Ji of making the State of Uttar Pradesh a truly Global Knowledge Superpower.



Her Excellency Smt. Anandiben Patel, Hon'ble Governor Of Uttar Pradesh felicitating Dr Dhruv Galgotia, CEO, Galgotias University for the University's exceptional performance in the QS Asia-World University Rankings 2025.

## ALWAYS LEADING BY EXAMPLE

Transforming Galgotias University as one of the leading **"Industry Integrated Learning Campuses"** in India; supported by multiple centers of excellence including

wipro | SAMSUNG | LG | Infosys | iOS Development Centre (Powered by Apple and Infosys) | hp | Tech Mahindra | intel | ITMI | T-Series

**iOS Development Centre** Powered by Apple and Infosys

### The Edge That Sets Us Apart

Amongst **#98** in India (Management Category)

**#50** in India (Pharmacy Category)

By NIRF Ranking 2024 — nirf NATIONAL INSTITUTIONAL RANKING FRAMEWORK — शिक्षा मंत्रालय Ministry of Education Government of India

**TOP 3** in India for filing MAXIMUM PATENTS

NAAC A+ — Accreditation in First Cycle

Ranked Platinum+ Band: Institution of Prominence — OBE Rankings 2024

NBA National Board of Accreditation ACCREDITED Tier 1 for Computer Science Engineering, Mechanical Engineering, Electronics & Communications Engineering, B.Pharm and MBA

School of Business — AACSB Business Education Alliance Member

**5th Ranked** Amongst the Top Private Universities by Times B School Survey 2025

### Apply Today for Career Focussed 2025-26 UG/PG/DIPLOMA/Ph.D. Programmes

Engineering | Computer Applications | Biosciences & Technology | Clinical Healthcare | Forensic Science | Design | Education | Nursing | Liberal Education
Media and Communications Studies | Law | Agriculture | Basic Sciences | Finance & Commerce | Pharmacy | Allied & Health Sciences | Business | Aviation
Logistics & Supply Chain Management | Hospitality & Tourism | Polytechnic | Vocational Education




Launched India's 1st and Finest
**AI led Active Learning Campus**
@ Galgotias University

GALGOTIAS UNIVERSITY

GALGOTIAS INCUBATION CENTRE — FOR RESEARCH INNOVATION STARTUP AND ENTREPRENEURS — Government of UP Recognized Incubator

- Launchpad for 100+ Promising Startups
- Several of our Startups are already generating revenue in crores of rupees.
- Over 30 Industry Partnerships & 80+ Mentors empowering startups with invaluable resources and expertise

For the complete list of programmes offered and to apply online visit
www.galgotiasuniversity.edu.in
9810162221 / 9582847072
9717300418 / 0120-4370000

#GetYourSelfPlaced

## जल संकट के विरोध में केजरीवाल आवास पर दिया धरना

# दिल्ली के हक का पानी रोक रही पंजाब सरकार है पाकिस्तान समर्थक : सचदेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली के हक का पानी आम आदमी पार्टी प्रमुख व पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल अब पंजाब में रोक रहे हैं और और उनके द्वारा पानी का रोकना पाकिस्तान के समर्थन में उन्हें खड़े करता है। दिल्ली को गर्मी में प्यासा मारने की साजिश केजरीवाल और आम आदमी पार्टी की पंजाब में बैठी सरकार कर रही है। केजरीवाल शासित पंजाब सरकार द्वारा दिल्ली में उत्पन्न किये जा रहे जल संकट के विरोध में दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल के आवास के सामने एक बस स्टाप पर धरने के दौरान प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने आम आदमी पार्टी पर आरोप लगाते हुए यह बयान दिया। सचदेवा ने कहा कि पंजाब की मान सरकार द्वारा भाखड़ा नहर से पड़ोसी राज्यों की जल सप्लाई में कटौती के कारण दिल्ली जल संकट की ओर बढ़ रही है और इसको लेकर दिल्ली वासियों में जबरदस्त रोष है। बता दें कि दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा के नेतृत्व में दिल्ली के सांसदों, विधायकों एवं कुछ पार्षदों ने यह धरना दिया। धरने में सांसद मनोज तिवारी, रामवीर सिंह बिधूड़ी, योगेन्द्र चंदोलिया, कमलजीत सहरावत, प्रवीन खंडेलवाल एवं बांसुरी स्वराज और विधायक अजय महावर, जितेंद्र महाजन, नीरज बसौया, अनिल शर्मा, शिखा राय, संजय गोयल, गजेन्द्र दराल, राजकुमार भाटिया, प्रदेश भाजपा पदाधिकारी एवं मोर्चा अध्यक्ष आदि गणमान्य लोग भी शामिल हुए। सचदेवा ने कहा कि दिल्ली में हार को अभी तक केजरीवाल और उनकी पार्टी नहीं पचा पाई है और हार का बदला दिल्लीवालों से लेने के लिए वह यह सब करने की कोशिश कर रहे हैं। दिल्ली के दुश्मन अरविंद केजरीवाल हैं और उनके द्वारा पानी का रोकना पाकिस्तान के समर्थन में उन्हें खड़े करता है। सचदेवा ने कहा कि पहलगाम में हुए हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के पानी को रोक दिया और ठीक उसी तरह से अपनी हार से बौखलाए दिल्लीवालों के लिए पानी रोक रहे हैं।

### 'अपनी हार का बदला दिल्ली की जनता से क्यों ले रही है आम आदमी पार्टी'

हाथों में अरविंद केजरीवाल की पंजाब सरकार के विरोध में नारों की तख्ती उठाये और काली पट्टी बांधे गणमान्य नागरिकों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने मांग करते हुए कहा कि केजरीवाल पंजाब सरकार को भाखडा नहर से पानी की कटौती वापस लें। सचदेवा ने कहा कि अब यह आम आदमी पार्टी नहीं है बल्कि पाक समर्थक पार्टी है। उन्होंने कहा कि यह हम सब की जिम्मेदारी हैं कि हम दिल्लीवालों के हक का पानी उन्हें दिलाए और इसलिए आज हम उनके आवास के बाहर खड़े हैं और उनसे हिसाब ले रहे हैं कि आखिर अपनी हार का बदला दिल्ली की मासूम जनता से केजरीवाल और उनकी पार्टी क्यों ले रही है।

### भाजपा नेताओं ने उपराज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा और दिल्ली के सांसदों ने मंगलवार को दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना से मुलाकात की और उपराज्यपाल को आम आदमी पार्टी की पंजाब सरकार द्वारा दिल्ली वासियों पर थोपे जा रहे कृत्रिम जल संकट के संबंध में ज्ञापन सौपा। उन्होंने इस जल संकट को लेकर कहा कि हम इस ज्ञापन के माध्यम से आपसे आग्रह करते हैं कि आप इस मामले में हस्तक्षेप करें और दिल्ली को अरविंद केजरीवाल द्वारा निर्मित जल संकट से बचाने के लिए समाधान सुनिश्चित करें।

## दिल्ली सचिवालय में हुई समीक्षा बैठक

# प्रदूषण को कम करने के लिए जल्द होगा कृत्रिम वर्षा का ट्रायल : रेखा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में प्रदूषण को कम करने के लिए कृत्रिम वर्षा कराई जा सकती है। इस योजना को प्रभावी बनाने के लिए जल्द ही कृत्रिम बर्षा का ट्रायल किया जाएगा। इस बात की जानकारी दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली सचिवालय में राजधानी की वायु गुणवत्ता प्रबंधन को लेकर पर्यावरण विभाग, सीएक्यूएम सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करने के बाद दी। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कई महत्वपूर्ण निर्णय और निर्देश दिए गए। साथ ही निर्माण स्थलों और वाहनों से होने वाले प्रदूषण की सख्ती से निगरानी के लिए भी सभी सम्बंधित विभागों को निर्देश दिए गए। इसके अलावा सभी सम्बंधित विभागों को प्रदूषण नियंत्रण हेतु सख्त और समयबद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। इस बैठक के दौरान दिल्ली के कैबिनेट मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा भी मौजूद रहे। बैठक के बाद सीएम ने बताया कि दिल्ली सरकार ने सभी सम्बंधित विभागों के द्वारा राजधानी को स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए आवश्यक तैयारियां भी शुरू कर दी गई हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि दिल्ली में विभिन्न क्षेत्रों में अनेक योजनाएं और कार्य प्रगति पर हैं। चाहे वह वायु प्रदूषण हो, धूल से जुड़ी समस्याएं हों या अन्य पर्यावरणीय चुनौतियां, हर दिशा में दिल्ली सरकार समर्पित रूप से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि इन मुद्दों के समाधान के लिए सभी सम्बंधित एजेंसियों जैसे एमसीडी, एनडीएमसी, डीडीए सहित अन्य विभागों को साथ लेकर समन्वित प्रयास किए जा रहे हैं।

### पिछले एक सप्ताह से दिल्ली को मिलने वाला पानी घट रहा लगातार : प्रवेश वर्मा

नई दिल्ली। दिल्ली में पानी की कम आपूर्ति पर दिल्ली के जल मंत्री प्रवेश वर्मा ने कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) और पंजाब सरकार सोची समझी साजिश के तहत दिल्ली का पानी रोककर चुनाव में हार का बदला ले रही है। जल मंत्री प्रवेश वर्मा ने इस मामले पर केंद्र सरकार और भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बीबीएमबी) से त्वरित कार्रवाई की मांग की। वर्मा ने कहा कि पिछले एक सप्ताह से हरियाणा से दिल्ली को मिलने वाला पानी लगातार घट रहा है। इसकी वजह पंजाब की आप सरकार है जिसने जानबूझकर भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बीबीएमबी) से छोड़े जाने वाले पानी को सीमित कर दिया है। बीबीएमबी हरियाणा को सप्लाई करता है और वहीं से दिल्ली को भी पानी मिलता है। जल मंत्री प्रवेश वर्मा ने बताया कि दिल्ली को सामान्य रूप से हरियाणा के माध्यम से प्रतिदिन 980 क्यूसेक पानी मिलना चाहिए। लेकिन पिछले पांच दिनों में इस आपूर्ति लगातार कमी हुई है। एक मई को 88 क्यूसेक कम, 2 मई को 119 क्यूसेक कम, 3 मई को 71 क्यूसेक कम, 4 मई को 55 क्यूसेक कम और 5 मई को 130 क्यूसेक कम पानी की आपूर्ति की गई। इन पांच दिनों में कुल 463 क्यूसेक पानी की कमी दर्ज की गई। यह एक भारी घाटा है जिससे शहर के लाखों घर प्रभावित हुए हैं।

### दिल्ली में पानी की कमी भाजपा के मिस-मैनेजमेंट का नतीजा : आतिशी

नई दिल्ली। दिल्ली में भाजपा के मिस-मैनेजमेंट से पानी का संकट हो रहा है। लेकिन अपने कुप्रबंधन को दूर करने के बजाय भाजपा सरकार के जल मंत्री अपनी नाकामी को छुपाने के लिए झूठ बोल रहे हैं। यह बात मंगलवार को विधानसभा में नेता विपक्ष आतिशी ने कही। उन्होंने कहा कि जल मंत्री प्रवेश वर्मा को बुनियादी जानकारी तक नहीं कि दिल्ली को पानी सिर्फ यमुना और गंगा नदी से मिलता है, जो पंजाब से नहीं आतीं, ऐसे गलत बयान देने वाले मंत्री को तुरंत इस्तीफा देना चाहिए। आतिशी ने कहा कि दिल्ली में मुनक नहर और अपर गंगा नहर के ज़रिए पूरा पानी मिल रहा है। दिल्ली में पानी की कमी की असल वजह भाजपा का मिस-मैनेजमेंट है। उन्होंने कहा कि जिस मंत्री को ये भी नहीं पता कि दिल्ली को किस नदी से पानी मिलता है, वो उस पानी को क्या ही मैनेज कर पाएंगे।

### दिल्ली सरकार ने सरकारी अस्पतालों में लगाई 300 डायलिसिस मशीनें : पंकज

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने दिल्ली के 16 सरकारी अस्पतालों में 300 डायलिसिस मशीनें लगी हैं। इस बात की जानकारी मंगलवार को स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने दी। उन्होंने कहा कि इस पहल से आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को निशुल्क तथा अन्य जरूरतमंदों को रियायती दरों पर किडनी उपचार/ डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। मंत्री पंकज ने बताया कि इसमें पहले से संचालित 150 मशीनों के साथ अब 150 नई मशीनें जोड़ी गई हैं। अब 150 नई डायलिसिस मशीनें जुड़ने से अब यह संख्या 300 तक पहुंच गई है जिससे दिल्ली में स्वास्थ्य सुविधाओं को और गति मिलेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि अब दिल्ली में कोई भी मरीज पैसे की कमी के कारण डायलिसिस की सुविधा से वंचित नहीं रहेगा।

### एससी/एसटी वर्ग के लोगों को आर्थिक सुरक्षा देने लिए किए जाएं ठोस प्रयास : रविंद्र इंद्राज

**नई दिल्ली।** एससी/एसटी कल्याण विभाग मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह ने मंगलवार को विभाग को निर्देश दिए हैं कि एससी/एसटी वर्ग के लोगों की आर्थिक सुरक्षा देने और जागरूकता बढ़ाने के लिए ठोस प्रयास किए जाएं। दरअसल मंत्री इंद्राज ने मंगलवार को एससी/एसटी कल्याण विभाग के साथ समीक्षा बैठक की। इस बैठक में उन्होंने नागरिक अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1955, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 और अन्तर्जातीय विवाह प्रोत्साहन योजना की प्रगति जानी और इसे लेकर महत्वपूर्ण निर्देश दिए। मंत्री इंद्राज ने कहा कि एससी/एसटी समुदायों के अधिकारों की रक्षा और उन्हें न्याय दिलाने के लिए व्यापक जागरूकता आवश्यक है। उन्होंने विभाग को निर्देशित किया कि जनजागरण के लिए ऑडियो-वीडियो माध्यमों का प्रभावी उपयोग किया जाए, ताकि कानूनी प्रावधानों की जानकारी समाज के हर वर्ग तक पहुंचे। इंद्राज ने कहा कि अन्तर्जातीय विवाह के मामलों में भी पीड़ितों को तय मानकों के आधार पर आवश्यक सुविधाएं और आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने में विभाग की ओर से लापरवाही न हो और पुलिस-प्रशासन के साथ विभागीय समन्वय बनाकर पीड़ितों को न्याय और राहत के लगातार प्रयास हों। वहीं मंत्री इंद्राज ने मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में स्टेट लेवल विजिलेंस एण्ड मॉनिटरिंग कमिटी की जुलाई में होने वाली प्रस्तावित बैठक को लेकर भी तैयारी के निर्देश दिए। साथ ही, जिला स्तर (डीएम) एवं उपखंड अधिकारी (एसडीएम) स्तर पर विजिलेंस एंड मॉनिटरिंग कमिटी की नियमित बैठक सुनिश्चित कराने हेतु विभागीय समन्वय मजबूत करने पर बल दिया।

### नारी शक्ति जब आगे बढ़ती है तो पूरे समाज का होता है विकास : विजेंद्र गुप्ता

**नई दिल्ली।** आज भारत की महिलाएं हर क्षेत्र में अपना लोहा मनवा रहीं हैं। नारीशक्ति जब आगे बढ़ती है तो पूरे समाज का विकास होता है। यह बात मंगलवार को दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने माता सुंदरी कॉलेज ऑफ वूमेन के 58वें वार्षिकोत्सव को संबोधित करते हुए कही। गुप्ता ने बताया कि यह कॉलेज 1967 में माता सुन्दरी गुरुद्वारा परिसर में मात्र 407 छात्राओं के साथ शुरू हुआ था, जो आज एक प्रमुख शिक्षा केंद्र के रूप में स्थापित हो चुका है। गुप्ता ने कहा कि माता सुन्दरी कॉलेज न केवल शैक्षिक उत्कृष्टता का प्रतीक है, बल्कि यह चरित्र निर्माण और सामाजिक उत्तरदायित्व के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है। यह संस्था माता सुन्दरी जी के आदर्शों का जीवंत प्रतीक है, जिनका जीवन भक्ति, शक्ति और नेतृत्व का अद्वितीय संगम था। गुप्ता ने इस बात पर जोर दिया कि कॉलेज में छात्रों को नैतिक मूल्यों के साथ शिक्षा प्रदान की जानी चाहिए। उन्होंने छात्रों से कहा कि आप अपने शैक्षणिक और व्यक्तिगत जीवन की यात्रा को विवेकपूर्ण सोच, जिम्मेदारी और ईमानदारी के साथ प्रारंभ करें। यह यात्रा न केवल आपकी समझ को समृद्ध करेगी, बल्कि आपको एक जिम्मेदार और विचारशील नागरिक के रूप में आकार भी देगी। गुप्ता ने कहा कि भारत प्रतिभाओं का देश है, जहां अवसरों की कोई कमी नहीं है। जिसके पास कौशल और प्रतिभा है, वह आगे बढ़ सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने युवा प्रतिभाओं के विकास, रोजगार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं, जैसे प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, नेशनल अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग स्कीम और स्टार्टअप इंडिया।



## खबर संक्षेप

### टेलीग्राम टास्क के माध्यम से ठगी, काबू

**फरीदाबाद।** टेलीग्राम टॉस्क के माध्यम से ठगी करने के मामले में खाता उपलब्ध करवाने वाला आरोपी को साइबर थाना



बल्लभगढ़ पुलिस ने काबू किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि साइबर थाना बल्लभगढ की टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी विकास को जोधपुर से गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में आरोपी को पुलिस ने 3 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है।

### फेक कॉल के जरिए ठगी, आरोपी काबू

**फरीदाबाद।** रिश्तेदार बन फेक कॉल के जरिए ठगी करने के मामले में एक खाता उपलब्ध करवाने



वाले आरोपी को साइबर थाना बल्लभगढ़ की टीम ने काबू किया है। साइबर थाना बल्लभगढ की टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी ऋषि निवासी गांव बंहिगा जिला महोबा उप्र को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी ठगों के लिए खाते उपलब्ध करवाता है ।

### चोरी करने वाली नौकरानी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** घर में चोरी की वारदात को अंजाम देने वाली नौकरानी को पुलिस चौकी



अनखीर की टीम ने काबू किया है। पुलिस चौकी अनखीर की टीम ने कार्रवाई करते हुए महिला आरोपी प्रीती को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी महिला यहां पिछले कई महिने से काम कर रही थी। घर में शिकायतकर्ता के बूढ़े माता-पिता के अलावा कोई नही था, इस बात का फायदा उठाते हुए उसने चोरी की वारदात को अंजाम दिया।

शाजिया इल्मी ने अल्पसंख्यक प्रबुद्ध संवाद में कहा-

# मुस्लिम समाज को बहकाकर कांग्रेस, सपा और बसपा ने की वोट, नोट और खोट की राजनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

भाजपा की राष्ट्रीय प्रवक्ता शाजिया इल्मी ने सोमवार को यहां कहा कि मुस्लिम समाज को बहकाकर कांग्रेस, सपा और बसपा ने वोट, नोट और खोट की राजनीति की है। शाजिया इल्मी भाजपा महानगर गाजियाबाद के तत्वावधान में ₹वफ्फ़ सुधार जनजागरण अभियान₹ के अंतर्गत आयोजित अल्पसंख्यक प्रबुद्ध संवाद संगोष्ठी में बोल रही थीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा के महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने की। शाजिया इल्मी ने कहा कि वक्फ़ संपत्तियों का दुरुपयोग और उन पर भ्रष्टाचार एक गहरा षड्यंत्र रहा है, जिसमें दशकों से कांग्रेस, सपा और बसपा जैसी पार्टियाँ शामिल रही हैं।



उन्होंने कहा कि इन दलों ने मुस्लिम समाज को केवल वोट बैंक समझा, उन्हें विकास और अधिकारों से दूर रखकर वक्फ़ संपत्तियों को लूट का अड्डा बना दिया। वोट, नोट और खोट की इस तिकड़ी ने वक्फ़ बोर्ड को अपने खास लोगों के हवाले कर दिया, जिससे पारदर्शिता और जवाबदेही समाप्त हो गई।

### वक्फ़ संपत्तियों का उपयोग शिक्षा, स्वास्थ्य व सामाजिक कल्याण में हो

उन्होंने कहा कि देशभर में वक्फ़ संपत्तियों की भारी संख्या है, लेकिन उनका उचित उपयोग नहीं हो पा रहा। कहीं न कहीं इन संपत्तियों का गलत हाथों में जाना और पारदर्शिता की कमी, अल्पसंख्यक समाज को ही नुकसान पहुंचा रही है। भाजपा सरकार इन मुद्दों को नजरअंदाज नहीं करेगी। हमारा लक्ष्य है कि वक्फ़ संपत्तियाँ उनके असली हक़दारों तक पहुंचें और उनका उपयोग शिक्षा, स्वास्थ्य व सामाजिक कल्याण में हो।' उन्होंने कहा कि भाजपा इस राजनीतिक धोखे को उजागर करने का काम कर रही है। हम चाहते हैं कि वक्फ़ संपत्तियाँ मुस्लिम समाज के वास्तविक कल्याण – जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार – में लगें, न कि राजनीतिक हितों की पूर्ति में। मुस्लिम युवाओं को चाहिए कि वे इस सच्चाई को समझें और इस अभियान से जुड़कर बदलाव लाने में योगदान दें।

अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कुंवर वाहिद ने कहा कि ₹वक्फ़ संपत्तियों पर सबसे ज़्यादा कब्ज़ा और भ्रष्टाचार उन्हीं दलों के समय में हुआ जिन्होंने अल्पसंख्यकों के नाम पर केवल वोटबैंक की राजनीति की। कांग्रेस, सपा और बसपा ने वक्फ़ बोर्ड को अपने नेताओं और चहेतों का अड्डा बना दिया।

नागरिक सुरक्षा के लिए अहम कदम

# फरीदाबाद में 4 जगह होगा मॉक ड्रिल, निरस्त की गई सभी की छुट्टी

तैयारियों का जायजा लेने के लिए डीसी विक्रम सिंह ने ली अधिकारियों की बैठक

डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि 7 मई को भारत व राज्य सरकार के दिशा-निर्देशानुसार एयर रेड, ब्लैकआउट, आगजनी, सिविल डिफेन्स, सर्च व रेस्क्यू, ऑपरेशन संबंधित मॉक ड्रिल की जाएगी। इस दौरान बिना फोन के संचार सेवाएं जारी रखने, आपातकालीन सेवा जैसे अस्पताल के लिए पावर सप्लाई बैकअप, ग्रामीण स्तर तक हूटर या सायरन के जरिए आपातकाल जैसी स्थिति की जानकारी का अलर्ट पहुंचाने जैसी तैयारियों को परखा जाएगा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

फरीदाबाद के डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि विभिन्न आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए 7 मई शाम 4 बजे मॉक ड्रिल का आयोजन चिह्नित विभिन्न स्थानों जैसे जिला मुख्यालय, उपमंडल कार्यालय व पुलिस विभाग और अस्पताल स्तर पर किया जाएगा, जिसमें विभिन्न सरकारी और निजी एजेंसियों के कर्मचारी भाग लेंगे। यह मॉक ड्रिल मुख्य रूप से नागरिक सुरक्षा, आपातकालीन प्रबंधन और प्राकृतिक आपदाओं के प्रभावी प्रबंधन पर आधारित होगी। ग्रामीण स्तर तक इन तैयारियों का जायजा लिया जाएगा। यह जानकारी लघु सचिवालय में मॉक ड्रिल की तैयारियों का जायजा लेने के लिए डीसी विक्रम सिंह द्वारा अधिकारियों की बैठक के दौरान दी गई।



### बचाव व राहत कार्यों की रणनीतियों का होगा अभ्यास


उन्होंने बताया कि इस दौरान, घटना स्थल पर बचाव और राहत कार्यों की रणनीतियों का अभ्यास किया जाएगा, जिसमें घटनास्थल से लोगों को सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित करनाए प्राथमिक चिकित्सा देना और अधिकारियों द्वारा तय किए गए मार्गों का पालन करना शामिल होगा। यह ड्रिल यह सुनिश्चित करने में मदद करेगी कि सभी संबंधित एजेंसियां आपातकालीन स्थिति में त्वरित और प्रभावी तरीके से कार्य कर सकें। यह संदेश दिया जा रहा है कि नागरिक सुरक्षा किसी भी राष्ट्र की प्राथमिकता होनी चाहिए। इसे एक संगठित और सुसंगत दृष्टिकोण से संभालने की आवश्यकता है, ताकि आपातकालीन स्थिति में नुकसान को कम किया जा सके और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। पंचायत, नंबरदार, पंचायत समिति के गणमान्य व्यक्तियों सहित नगर निकाय के पार्षद, जिला व उपमंडल स्तरीय अधिकारी व आपदा मित्र के संपर्क मजबूत किया जाएगा।

### कंट्रोल रूम की वर्किंग जांची जाएगी

डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि 7 मई को भारत व राज्य सरकार के दिशा-निर्देशानुसार एयर रेड, ब्लैकआउट, आगजनी, सिविल डिफेन्स, सर्च व रेस्क्यू, ऑपरेशन संबंधित मॉक ड्रिल की जाएगी। इस दौरान बिना फोन के संचार सेवाएं जारी रखने, आपातकालीन सेवा जैसे अस्पताल के लिए पावर सप्लाई बैकअप, ग्रामीण स्तर तक हूटर या सायरन के जरिए आपातकाल जैसी स्थिति की जानकारी का अलर्ट पहुंचाने सम्बंधित तैयारियों को परखा जाएगा। इस दौरान जिला मुख्यालय उपमंडल व पुलिस स्तर तक कंट्रोल रूम की वर्किंग जांची जाएगी। कहा कि मॉक ड्रिल का उद्देश्य नागरिक सुरक्षा तंत्र की तत्परता को परखना और विभिन्न आपातकालीन परिस्थितियों के दौरान प्रतिक्रिया समय (रेस्पॉन्स टाइम्स) और कार्यप्रणाली का परीक्षण करना है। यह अभ्यास उन परिस्थितियों में टीमवर्क, समन्वय और सुरक्षा प्रक्रियाओं की दक्षता का मूल्यांकन करेगा, जिनमें तत्काल निर्णय लेने की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि मॉक ड्रिल में अग्नि, भूकंप, बाढ़ और आतंकवादी हमले जैसी विभिन्न आपातकालीन परिस्थितियों का सामना करने के लिए तैयारियां परखी जाएंगी। विशेष रूप से, यह ड्रिल सुरक्षा बलों, चिकित्सा टीमों, नागरिक प्रशासन और स्थानीय नागरिकों के बीच समन्वय को मजबूत करने के लिए आयोजित की जा रही है।

निदेशक डॉ. भारती ने किया अस्पताल का निरीक्षण

# आमजन को गुणवत्तापूर्ण त्वरित स्वास्थ्य सेवाएं मिले



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

हरियाणा स्वास्थ्य विभाग की निदेशक डॉ. रत्ना भारती ने फरीदाबाद में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और उनके संचालन का गहन निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने विशेष रूप से जिला नागरिक अस्पताल परिसर में स्थापित पीपीपी मॉडल के तहत संचालित हार्ट सेंटर, डायलिसिस सेंटर और सीटी, एमआरआई सेंटर का दौरा किया और व्यवस्थाओं की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान सिविल सर्जन फरीदाबाद डॉ. जयंत आहूजा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

डॉ. भारती ने इन केंद्रों की कार्यप्रणाली और सेवाओं की गुणवत्ता का जायजा लेते हुए कहा कि सरकार का उद्देश्य हर वर्ग के मरीज तक उत्कृष्ट और समयबद्ध स्वास्थ्य सेवा पहुंचाना है। पीपीपी मॉडल एक सफल प्रयास है, इसकी नियमित निगरानी और मूल्यांकन आवश्यक है। जिसके अंतर्गत जनसामान्य को सुलभ, गुणवत्ता पूर्ण और त्वरित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जा रहा है।

### हृदय रोगियों के सुविधाओं की समीक्षा की

निरीक्षण के दौरान डॉ. भारती ने मरीजों से बातचीत की और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता की जानकारी ली। विशेष रूप से उन्होंने हृदय रोगियों के लिए उपलब्ध उपचार सुविधाओं की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि हृदय संबंधी सेवाओं को बिना किसी बाधा के सुचारू रूप से चलाया जाए। उन्होंने कहा कि हार्ट सेंटर जैसी सुविधाएं जीवन रक्षक हैं और इनका संचालन बेहद जिम्मेदारी और तत्परता से किया जाना चाहिए।
डॉ. रत्ना भारती ने यह भी स्पष्ट निर्देश दिए कि आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत आने वाले सभी मरीजों का पंजीकरण दैनिक आधार पर सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत लाखों गरीब और वंचित वर्ग के नागरिकों को मुफ्त स्वास्थ्य सेवाएं मिलती हैं, इसलिए किसी भी स्तर पर देरी या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकारी अस्पतालों में आने वाला हर मरीज सर्वोच्च प्राथमिकता का पात्र है और उसे समुचित देखभाल मिलनी चाहिए।

# एक ही रात में बदमाशों के साथ 4 जगह मुठभेड़, आठ दबोचे गए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

गाजियाबाद पुलिस ने अलग-अलग पुलिस मुठभेड़ के दौरान आठ पेशेवर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इसमें पांच अपराधी पुलिस की गोली लगने से घायल हुए हैं। इनमें 25 हजार रुपए का शातिर अपराधी भी शामिल है। इन अपराधियों के पास कब्जे से तमंचे, चोरी व लूट का सामान व वाहन भी बरामद हुआ है। घायल अपराधियों को इलाज के लिए अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक क्षेत्र में रात में पुलिस रात्रि गश्त में के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि गाड़ियों के शीशे तोड़कर सामान चोरी करने वाले बदमाश कोई वारदात करने की फिराक में चित्रावन सोसाइटी के पास 1 ऑटो में बैठे हैं तथा उनके पास 2 मोटरसाइकिल खड़ी है । सूचना पर पुलिस मौके पर पहुँची तो देखा कि सामने ऑटो व मोटरसाइकिलें खड़ी है, ऑटो में चार बदमाश बैठे हैं। बदमाशों को पुलिस के आने की आहट होने पर मोटर साइकिलों पर सवार होकर पुलिस से बचने के लिए भागने लगे। पुलिस ने बदमाशों का पीछ किया और कुछ ही दूरी पर घेर लिया। रिछपालगढी की पुलिया पर स्वयं को पुलिस से घिरा हुआ देख बदमाशों ने पुलिस पर फायर किए गए। पुलिस ने आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग की गयी। जिसमें करन जाट उर्फ सोनू,अनीस गोली लगने से घायल हुए, जबकि निजाकत अली उर्फ असलम व गोविन्द कश्यप उर्फ काले को पुलिस ने मौके पर पकड़ लिया गया। पूछताछ में आरोपियों ने 29 अप्रैल को थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक क्षेत्र में 2 कारों के शीशे तोड़कर उनसे लैपटॉप व 45 हजार रुपये नकद चोरी किए जाने की घटना स्वीकार किया। एसीपी अंबुज कुमार यादव ने बताया कि मुरादनगर पुलिस टीम में क्राइम ब्रांच टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए ऑर्डिनेंस फैक्ट्री के पास से 25000 के इनामी अपराधी हरकश को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है।

# पुलिस ने बरामद किए 1.52 करोड़ के 609 मोबाइल



**गुरुग्राम ।** पुलिस ने सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर (सीईआईआर) पोर्टल की मदद से बीते चार माह के दौरान गुम हुए 609 मोबाइल फोनों को बरामद किया है। जिले के चारों जोन पूर्व, पश्चिम, दक्षिण व मानेसर की पुलिस टीमों द्वारा ढूंढकर बरामद किए मोबाइल की अनुमानित कीमत 1.52 करोड़ रुपए है।

डीसीपी (मुख्यालय) डॉ. अर्पित जैन ने बताया कि लोगों को अपने मोबाइल का ध्यान रखना चाहिए क्योंकि मोबाइल फोन में जरुरी दस्तावेज व जानकारी होते हैं। वहीं, मोबाइल गुम होने आर्थिक नुकसान भी होता है। किसी भी प्रकार से कोई मोबाइल फोन या अन्य वस्तु मिलती है तो उस वस्तु का अपने नजदीकी पुलिस स्टेशन में जमा कराएं, ताकि उसके असल मालिक पर वस्तु पहुंचाई जा सके।

दिल्ली के 3 चिकित्सकों ने दिया ठगी की वारदात को अंजाम

# एफएमजीई परीक्षा के नाम पर चिकित्सक से 26 लाख रु. ठगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

सेक्टर-14 एरिया में कर्गिस्तान से एमबीबीएस करके आए चिकित्सक से एफएमजीई परीक्षा पास कराने के नाम पर दिल्ली के तीन चिकित्सकों ने 26.57 लाख रुपए ठग लिए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी।




पुलिस को दी शिकायत में झज्जर जिले के रहने वाले रवि कुमार ने बताया कि वह गुडग़ांव के राजीव नगर में रहता है। उसने वर्ष 2014 से 2019 तक किर्गिस्तान के बिश्केक में इंटरनेशनल हायर स्कूल ऑफ मेडिसिन से एमबीबीएस की डिग्री हासिल की थी। भारत लौटने के बाद उन्हें एफएमजीई (फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट एग्जामिनेशन) परीक्षा पास करनी थी। जो विदेशी मेडिकल डिग्री धारकों के लिए अनिवार्य है।

वर्ष 2021 में कोविड-19 के दौरान दिल्ली के बुराड़ी सरकारी अस्पताल में ड्यूटी के दौरान उनकी मुलाकात गाजियाबाद के मैक्स अस्पताल में कार्यरत डॉ. अभिषेक राजपूत से हुई। इसके बाद उनके बीच दोस्ती हो गई। बातचीत के दौरान एक दिन डॉ. अभिषेक ने रवि से एफएमजीई परीक्षा के बारे में पूछा तो रवि ने बताया कि उन्होंने परीक्षा के लिए आवेदन किया है, लेकिन पेपर अभी बाकी है। इस पर डॉ. अभिषेक ने कहा कि एफएमजीई परीक्षा बहुत कठिन होती है। उनकी और उनके दोस्त डॉ. सिद्धांत की इस क्षेत्र में अच्छी पहचान है।

### पैसे लेकर परीक्षा पास कराने का दिया था भरोसा

उन्होंने रवि को पैसे देकर परीक्षा पास कराने का भरोसा दिलाया। जिस पर रवि ने 4 जुलाई 2022 को सेक्टर-14 में डॉ. अभिषेक को 2.5 लाख रुपए नकद दिए। इसके बाद डॉ. अभिषेक ने परीक्षा पास करवाने में शामिल डॉ. सिद्धांत और उनके छोटे भाई वास्तव चौधरी से रवि को मिलवाया। जनवरी 2023 में रवि ने डॉ. अभिषेक के खाते में 7 लाख रुपए और 3 लाख रुपए नकद दिए। इसके अलावा जनवरी से मार्च 2023 के बीच वास्तव चौधरी के खाते में 10.2 लाख रुपए और डॉ. सिद्धांत के खाते में 20 हजार रुपए ट्रांसफर किए गए। मार्च से मई 2023 तक रवि ने डॉ. अभिषेक के खाते में 3.67 लाख रुपए और भेजे। कुल मिलाकर रवि ने 26.57 लाख रुपए नकद और बैंक ट्रांसफर के जरिए दिए। इसके बाद 20 जनवरी 2023 को रवि ने एफएमजीई परीक्षा दी और 3 फरवरी 2023 को आए परिणाम में वह फेल हो गया। उसने डॉ. अभिषेक से बात की तो उन्होंने परिणाम को गलत बताते हुए रवि को पास होने का एक फर्जी प्रमाण पत्र भेजा। रवि ने इसकी जांच की तो प्रमाण पत्र फर्जी निकला। रवि ने जब अपने पैसे मांगे तो डॉ. अभिषेक ने उसे धमकी दी। पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी।

# ईएसआईसी मेडिकल कालेज में नौकरी लगवाने के नाम पर तीन लाख रु. रिश्वत, 4 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

ईएसआईसी मेडिकल कालेज एवं अस्पताल में नौकरी लगवाने के नाम पर रिश्वत लेने के आरोप में पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया है।एंटी करप्शन ब्यूरो फरीदाबाद की टीम द्वारा होडल ईएसआईसी हस्पताल एवं मेडिकल कालेज फरीदाबाद के आरोपी दीपक शर्मा आउटसोर्सिंग नर्सिंग अर्दली को शिकायतकर्ता से तीन लाख रुपए नगद बतौर रिश्वत राशि लेते नगर निगम फरीदाबाद कार्यालय के पास दशहरा मैदान के




सामने एनआईटी से रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है तथा इसी दौरान मौके पर आरोपी दीपक शर्मा के कहने पर मौका पर रिश्वत राशी लेने आए अन्य आरोपी दीन दयाल नर्सिंग अर्दली को भी आरोपी दीपक शर्मा से रिश्वत राशी तीन लाख रुपए लेते गिरफ्तार किया गया। रेड कार्यवाही के दौरान ईएसआईसी अस्पताल एंव मेडिकल कालेज फरीदाबाद के पास अपनी-अपनी कारों में बैठे मामले में अन्य नामजद आरोपी हरी सिंह सहायक नर्सिंग अधीक्षक ईएसआईसी अस्पताल एंव मेडिकल कालेज फरीदाबाद व योगेश शर्मा मैनेजर सुदर्शन फैसलिटिज प्रा. लि. को भी गिरफ्तार किया गया।

### स्टाफ नर्स के पद पर नौकरी का लालच

शिकायतकर्ता ने एसीबी फरीदाबाद को दी गई अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि ईएसआईसी हस्पताल एवं मेडिकल कालेज के हरी सिंह सहायक नर्सिंग अधीक्षक ने सुदर्शन फैसलिटिज प्रा.लि. के मैनेजर योगेश शर्मा व दीनदयाल नर्सिंग अर्दली के साथ मिलकर उसको ईएसआईसी अस्पताल एवं मेडिकल कालेज एनआईटी फरीदाबाद में स्टाफ नर्स के पद पर नौकरी देने के नाम पर 3 लाख रुपए रिश्वत की मांग की गई है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 (2) Cr. P.C. देखें**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **विक्रांत, पुत्र** राकेश कुमार, **निवासी:** म.नं. 753, पूठ खुर्द, दिल्ली ने **FIR. No. 293/19 U/s 323/341/34 IPC. थाना: सुभाष प्लेस, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **विक्रांत** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **विक्रांत** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR. No. 293/19 U/s 323/341/34 IPC. थाना: सुभाष प्लेस, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **विक्रांत** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **10.06.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**वसुन्धरा छौंकर**
**सीजेएम (उत्तरी–पूर्वी)**
**कमरा नं. 108, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/5635/NW/2025**
**(Court Matter)**

**निविदा सूचना सं. RN-ST-07-2025-26; दिनांक: 30-04-2025 के विरूद्ध शुद्धि-पत्र-1**

**कार्य का नामः**- रंगिया मंडल में सभी ईआई और बीपीएससी की अर्थिंग और सुरक्षा प्रणाली में सुधार।
संशोधित आइटन टीएसः
**एनआईटी शेड्यूल**

| आइटम सं | मौजूदा टीएस | संशोधित टीएस |
|---|---|---|
| 5 | विभिन्न अर्थिंग गड्ढों को जोड़ने के लिए जीआई टेप की आपूर्ति | विभिन्न अर्थिंग गड्ढों को जोड़ने के लिए 20×3 मिमी आयाम के जीआई टेप की आपूर्ति। |
| 11 | टीएस के अनुसार एसपीडी 24वी की आपूर्ति | मेक/ब्रांड के सॉफ्टवेयर संस्करण के अनुसार मौजूदा सिस्टम के एसएसडीएसी/ एचएएसएसडीएसी के लिए उपयुक्त/संगत एसपीडी 24वी की आपूर्तिः ओबीओ/ फीनिक्स संपर्क/श्नाइडर/एबीबी या उच्चतर। |
| 12 | टीएस के अनुसार एसपीडी48वी की आपूर्ति | मेक/ब्रांड के सॉफ्टवेयर संस्करण के अनुसार मौजूदा सिस्टम के एसएसडीएसी/ एचएएसएसडीएसी के लिए उपयुक्त/संगत एसपीडी48वी की आपूर्तिः ओबीओ/ फीनिक्स संपर्क/श्नाइडर/एबीबी या उच्चतर। |
| 13 | टीएस के अनुसार एसपीडी डेटा की आपूर्ति | मेक/ब्रांड के सॉफ्टवेयर संस्करण के अनुसार मौजूदा सिस्टम के एसएसडीएसी/ एचएएसएसडीएसी के लिए उपयुक्त/संगत डेट एसपीडी की आपूर्तिः ओबीओ/ फीनिक्स संपर्क/श्नाइडर/एबीबी या उच्चतर। |
| 14 | स्पार्क गैप की अलग करना | प्रकारः एफएलटी–आईएसजी–100–ईएक्स–स्पार्क गैप फीनिक्स मेक या उच्चतर। |
| 17 | बिजली की गिनती प्राप्त करने के लिए बिजली काउंटर 6 अंक आईपी 67 | लाइट्निंग काउंटर 6 अंक आईपी 67 लाइटनिंग काउंट प्राप्त करने के लिए यह आइटम नंबर–15 के साथ संगत होना चाहिए और निर्माण मुख्य सिस्टम के जैसा होना चाहिए। |

अन्य शर्तों यथावत रहेंगी।

**मंडल रेल प्रबंधक ( एसएंडटी )/रंगिया**

**पूर्वोत्तर सीमा रेलवे**
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 BNSS देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **प्रशांत यादव, पुत्र ओम बीर सिंह, निवासी झुग्गी नंबर एस 66 / 199, प्रताप कैंप, नेहरू नगर, लाजपत नगर, नई दिल्ली** ने **FIR No. 30/23, U/s 84 BNSS, पुलिस थाना सराय रोहिल्ला, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **प्रशांत यादव** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि **प्रशांत यादव** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना सराय रोहिल्ला, दिल्ली** के अभियुक्त **प्रशांत यादव** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **06.06.2025** को इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री मनुज कौशल**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी – 04 (केंद्रीय)**
**कमरा नंबर 37,**
**तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/5738/N/2025**

## साउथ दिल्ली में पुलिस की गोली से हुआ घायल

# गैंगस्टरों को हथियार सप्लाई करने वाला मनोज हथौड़ी एनकाउंटर के बाद दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

गैंगस्टर प्रिंस तेवतिया गिरोह के शातिर बदमाश मनोज हथौड़ी को 5 और 6 मई की मध्य रात्रि को लगभग 2 बजे दक्षिण जिले की स्पेशल स्टाफ टीम ने एनकाउंटर के बाद दबोच लिया। हथौड़ी हथियार आपूर्तिकर्ता के रूप में सक्रिय था। इसे बांध रोड, फतेहपुर बेरी इलाके में गोलीबारी के बाद गिरफ्तार किया गया। मनोज के पैर में गोली लगी है। उसे एम्स ट्रॉमा सेंटर में भर्ती करवाया गया है।

पुलिस के अनुसार आरोपी मनोज मोटरसाइकिल पर था। जब पुलिस टीम ने उसे रुकने का इशारा किया तो उसने रुकने के बजाय भागने का प्रयास किया। इसी बीच उसने पुलिस टीम पर गोलीबारी शुरू कर दी। पुलिस द्वारा की गई जवाबी गोलीबारी के दौरान मनोज के दाहिने पैर में गोली लग गई। आरोपी की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक भरी हुई पिस्तौल बरामद हुई। पिस्तौल के चैंबर में एक गोली थी। उसके द्वारा दो राउंड गोली पुलिस टीम पर चलाई गई। उसके पास से मिले एक बैंग में दो देसी पिस्तौल और तीन जिंदा कारतूस भी बरामद हुये।



■ एम्स ट्रॉमा सेंटर में करवाया गया भर्ती

### जालसाज 15 महीने बाद चढ़ा क्राइम ब्रांच के हत्थे

नई दिल्ली। क्राइम ब्रांच की ईस्टर्न रेंज 2, टीम ने एक वांछित धोखेबाज को गिरफ्तार किया है। वह पिछले 15 महीनों से फरार था। आरोपी दीपक कुमार झा पंचशील कॉलोनी, साहिबाबाद का रहने वाला है। इस पर कभी ऑनलाइन बीमा पॉलिसी खरीदने का झांसा देकर ठगी करने और कभी बल्क ऑर्डर डिलीवर करवा पेमेंट ना करने के आरोप है। डीसीपी विक्रम सिंह के अनुसार आरोपी अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर भोले-भाले व्यक्तियों को ऑनलाइन बीमा पॉलिसी खरीदने, किसी डीलर को बड़ा काम देने और अन्य विभिन्न तरीकों के बहाने ठगी करता था। इसी तरीके से आरोपी ने साहिल मनचंदा निवासी कीर्ति नगर को लाखों का चूना लगाया था। दरअसल साहिल की पूठ खुर्द में कप बनाने की फैक्ट्री है। जालसाजों ने 2 लाख 80 हजार रुपये की कीमत के दो टन कप का ऑनलाइन ऑर्डर दिया था। शिकायतकर्ता को उनके द्वारा दिए गए पते पर इसे पहुंचाने का निर्देश दिया था। बाद में शिकायतकर्ता ने खेप पहुंचा दी और आरोपियों ने उसे 2 लाख 80 हजार रुपये का चेक दिया। बाद में चेक बाउंस हो गया। आरोपी अपने कार्यालय से भाग गए थे और फोन नंबर भी बंद कर लिए थे। एक अन्य घटना में आरोपियों ने खुद को बीमा पॉलिसी विक्रेता बताया और अजय पाल नामक व्यक्ति से लगभग 20 लाख रुपये ठग लिए थे। आरोपी दीपक और उसके साथी ने खुद को बीमा लोकपाल बिल के सरकारी अधिकारी बताया था। उन्होंने शिकायतकर्ता को उसकी बीमा पॉलिसी पर बोनस देने का लालच दिया था। शिकायतकर्ता उनके प्रलोभन में फंस गया और अपनी मेहनत की कमाई खो दी। 5 मई को हेड कांस्टेबल सुधीर को दीपक कुमार झा के ठिकाने के बारे में सूचना मिली थी, जो 15 महीने से फरार था। टीम ने छापा मारा और इसे सफलतापूर्वक गिरफ्तार कर लिया।

## नाबालिग लड़की ग्वालियर से बरामद, अपहरणकर्ता अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

दक्षिण पश्चिम जिले की एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट ने एक अपहृत नाबालिग लड़की को ग्वालियर से सकुशल बरामद किया है। एक आरोपी को भी मालघड़ा चौक, थाना हजारी बाग, ग्वालियर, मध्य प्रदेश से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी का नाम अनीस खान बताया गया है। 15 वर्षीय किशोरी गीता कालोनी थाना एरिया से अगवा हुई थी।

डीसीपी सुरेंद्र चौधरी के अनुसार गत वर्ष 18 सितंबर को थाना गीता कॉलोनी में एक नाबालिग लड़की के अपहरण/गुमशुदा होने के संबंध में शिकायत प्राप्त हुई थी। तुरंत थाना कर्मचारियों द्वारा लापता लड़की की तलाश शुरू की गई, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। लापता लड़की का पता लगाने के लिए एएचटीयू प्रभारी इंस्पेक्टर बलबीर सिंह के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई, जिसमें एसआई शिल्पी गुप्ता, एएसआई शीशपाल और हेड कांस्टेबल संगीता शामिल थी। उन्होंने लड़की के परिवार और दोस्तों से मुलाकात की और गुप्त सूत्रों से भी संपर्क किया। पूछताछ के दौरान पता चला कि लड़की अनीस खान नामक व्यक्ति से बात कर रही थी, जो पास में ही पैटीज बेचता था। अनीस खान के परिवार वालों से संपर्क किया गया और पता चला कि अनीस खान भी उसी दिन से लापता है। इसके अलावा यह पता चला कि अनीस खान शादीशुदा है और उसका एक बच्चा है व उसकी पत्नी रोजी पांच महीने की गर्भवती है। इसके बाद सूचना पर मुरैना के अल्लाहपुर गांव में छापा मारा गया। हालांकि लापता बच्ची और अनीस का कोई पता नहीं चला। आखिरकार पुलिस कड़ी दर कड़ी जोड़ते हुये तीन मई को मालघड़ा चौक थाना हजारी बाग, ग्वालियर पहुंची और गुमशुदा लड़की को सुरक्षित बरामद कर आरोपी अनीस खान को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में पता चला कि लड़की वर्तमान में दो माह की गर्भवती है।



## रेप और हत्या केस में दो साल से फरार पैरोल जंपर पकड़ा



नई दिल्ली। पिछले दो वर्षों से फरार चल रहे बलात्कार और हत्या मामले के पैरोल जम्पर को उत्तर पश्चिमी जिले की सुभाष प्लेस पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी रमेश उर्फ बजरंगी (51) जेजे कॉलोनी, शकूरपुर का रहने वाला है। पुलिस के अनुसार आरोपी रमेश के खिलाफ सरस्वती विहार थाने में 1999 में केस दर्ज हुआ था। उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। इसके बाद उसे मंडोली जेल में बंद किया गया था। आरोपी को न्यायालय द्वारा तीन सप्ताह की पैरोल दी गई थी। उसे पैरोल समाप्त होने से पहले आत्मसमर्पण करना था, लेकिन उसने जेल प्राधिकरण के समक्ष आत्मसमर्पण नहीं किया और दो साल से फरार था। हाल ही में उसे आई-ब्लॉक, रंगीला पार्क, शकूरपुर में होने की सूचना पुलिस को मिली थी। एक टीम बनाकर आरोपी को सफलतापूर्वक गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी के बाद उसका मेडिकल परीक्षण कराया गया और उसे वापस मंडोली जेल भेज दिया गया।

## प्रतिष्ठित वर्ल्ड ज्यूरिस्ट एसोसिएशन से सम्मानित होने वाले पहले भारतीय अधिवक्ता बने भुवन ऋभु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

प्रख्यात बाल अधिकार कार्यकर्ता व अधिवक्ता भुवन ऋभु को वर्ल्ड लॉ कांग्रेस में वर्ल्ड ज्यूरिस्ट एसोसिएशन ने प्रतिष्ठित 'मेडल ऑफ ऑनर' पुरस्कार से सम्मानित किया। भुवन ऋभु यह अंतरराष्ट्रीय सम्मान पाने वाले पहले भारतीय अधिवक्ता हैं। इस कांग्रेस में 70 देशों के 1500 से ज्यादा विधिक क्षेत्र के दिग्गजों व 300 वक्ताओं ने हिस्सा लिया, जहां दुनिया की इस सबसे पुरानी ज्यूरिस्ट एसोसिएशन ने कानूनी हस्तक्षेपों और जमीनी लामबंदियों के जरिए बच्चों और उनके अधिकारों की सुरक्षा की दिशा में दो दशक से जारी संघर्षों और उपलब्धियों के लिए भुवन ऋभु को सम्मानित किया। यह कांग्रेस डोमिनिकन रिपब्लिक में 4 से 6 मई के बीच संपन्न हुई। दिल्ली में पले-बढ़े भुवन ऋभु ने दिल्ली हाई कोर्ट से वकालत की शुरुआत की और तब से अब तक वे बच्चों की सुरक्षा के लिए कई ऐतिहासिक फैसलों के केंद्र में रहे हैं।

वर्ष 1963 में स्थापित वर्ल्ड ज्यूरिस्ट एसोसिएशन दुनिया के विधिवेत्ताओं की सबसे पुरानी संस्था है भुवन ऋभु के सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालयों में दायर 60 से ज्यादा जनहित याचिकाओं के नतीजे में कई ऐतिहासिक फैसले आए हैं जिसने देश में बाल अधिकार व बच्चों की सुरक्षा का पूरा परिदृश्य बदल दिया है। वे वैश्विक विस्तार की ओर अग्रसर नागरिक समाज संगठनों के दुनिया के सबसे बड़े कानूनी हस्तक्षेप नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) के संस्थापक हैं।

पुरस्कार स्वीकार करते हुए भुवन ऋभु ने कहा कि न्याय की लड़ाई में बच्चों को कभी भी अकेला नहीं छोड़ना चाहिए। कानून उनकी ढाल और न्याय उनका अधिकार होना चाहिए।



■ भुवन ऋभु ने बाल अधिकारों की सुरक्षा के लिए कानूनी हस्तक्षेपों को बनाया सशक्त औजार

## नाबालिग ने तेज रफ्तार कार से राहगीर को मारी टक्कर

नई दिल्ली। बहादुर शाह जफर मार्ग पर सोमवार देर रात एक तेज रफ्तार कार ने राहगीर को टक्कर मार दी। हादसे में शख्स गंभीर रूप से घायल हो गया। कार चालक नाबालिग बताया जा रहा था। उसे हादसे के बाद ही पकड़ लिया गया। पुलिस उसकी उम्र वैरिफाई कर रही है। पुलिस ने मंगलवार को जानकारी दी कि यह हादसा रात करीब 10 बजकर 20 मिनट पर हुआ। लापरवाही से चलाई जा रही एक कार ने राहगीर को टक्कर मार दी। घायल व्यक्ति को तुरंत अस्पताल ले जाया गया जहां उसका इलाज चल रहा है। हादसे के बाद कार को जब्त कर लिया गया और चालक को भी पकड़ लिया गया है, जोकि संभवतः नाबालिग है। चालक की उम्र का सत्यापन किया जा रहा है। उसके नाबालिग होने की संभावना है। यदि चालक के नाबालिग होने की पुष्टि होती है, उसके पिता यानि कार के पंजीकृत मालिक के खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और मोटर वाहन अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## तीन साल में 75 किलो सोना लूटने वाले सात अंतरराज्यीय अपराधी हुये गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

स्पेशल सेल ने बिहार के सोना लूटने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस सिलसिले में सात बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। यह गिरोह गत तीन वर्षों में राजस्थान, मध्य प्रदेश और उड़ीसा में 75 किलोग्राम से अधिक सोना लूट चुका था। बदमाशों के पास से 14 जिगाना पिस्टल के साथ-साथ 12 अतिरिक्त मैगजीन और 250 जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। बिहार पुलिस द्वारा एक विकास नामक आरोपी की गिरफ्तारी पर दो लाख रुपये का इनाम भी घोषित किया जा चुका था। इनसे सोने के आभूषण 3,78,500 रुपये नकद और एक क्रेटा कार भी बरामद की गई।

डीसीपी प्रतीक्षा गोदारा के अनुसार 24 मार्च को इंस्पेक्टर विनय पाल और मनोज कुमार के नेतृत्व में नई दिल्ली रेंज की एक टीम ने दो लुटेरों को गिरफ्तार किया था। इनके नाम सकलदीप पासवान और फंटुश कुमार तिवारी पता चले थे। दोनों की निशानदेही पर 10 अवैध जिगाना पिस्टल, 20 मैगजीन और 9 एमएम के 195 जिंदा कारतूस बरामद हुये थे। यह हथियार दिल्ली और एनसीआर के अपराधियों को आपूर्ति करने के लिए थे। दोनों आरोपियों ने अपने अगले लक्ष्य के रूप में पड़ोसी राज्यों में कुछ गोल्ड लोन एजेंसी की टोह लेने की बात भी कबूली थी। दोनों ने गिरोह के सरगना का नाम सुबोध सिंह बताया था। धरपकड़ के दौरान 5 अप्रैल को विकास कुमार उर्फ जॉन राइट नामक बदमाश को गिरफ्तार किया गया। यह अगस्त 2022 से फरार था और तीन सशस्त्र सोना डकैती मामलों में शामिल था। आरोपी की निशानदेही पर .32 बोर की एक देसी पिस्तौल और पांच कारतूस बरामद किए गए। इसके अलावा पांच सोने की अंगूठी और दो सोने की चेन भी जब्त हुई। बिहार पुलिस द्वारा इसकी गिरफ्तारी पर दो लाख रुपये का इनाम घोषित किया गया था। इसके अलावा 8 अप्रैल को रोशन कुमार को गिरफ्तार किया गया। यह उदयपुर, राजस्थान (24 किलोग्राम सोने की लूट) के मामले में भी वांछित था। 10 अप्रैल को दो भाईयों पीयूष जायसवाल और यश आनंद को गिरफ्तार किया गया। 20 अप्रैल को रोहित नामक एक अन्य बदमाश की गिरफ्तारी हुई। पुलिस की जांच अभी जारी है और गिरोह के लिंक तलाशे जा रहे हैं।



■ 14 जिगाना पिस्टल, 12 मैगजीन और 250 कारतूस बरामद

## निगम की गलतियों का खामियाजा ज्यादा हाउस टैक्स देकर भुगत रहे हैं लोग : यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



दिल्ली नगर निगम की कायशैली को लेकर दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने सवाल उठाते हुए गंभीर आरोप लगाए है। प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने सवाल उठाते हुए कहा कि निगम में आंतरिक कमियों, हाउस टैक्स के साथ गलत तरीके से लगाए कूड़े के यूजर चार्ज और निगम पोर्टल की खामियों का खामियाजा लाखों लोगों को सैंकड़ों प्रतिशत ज्यादा हाउस टैक्स भरकर भुगतना पड़ रहा है। निगम खुद स्वीकार कर रहा है कि पोर्टल में कमी के कारण हाउस टैक्स अदायगी की राशि सही नही है। लेकिन किसी भी तरह की परेशानी के डर से लोग मजबूरी में अपना हाउस टैक्स भर रहे है। यादव ने कहा कि ट्रिपल इंजन की सरकार की नाकामी के कारण जिसका हाउस टैक्स 800 रुपये है उसको 3100 रुपये टैक्स भरना पड़ रहा है। निगम की भारी कमी है कि टैक्स कलेक्शन के पोर्टल पर सोफटवेयर की गलतियों के कारण उपयुक्त टैक्स की जगह कहीं अधिक हाउस टैक्स देना पड़ रहा है। हाउस टैक्स के साथ कूड़ा उठाने का यूजर चार्ज मिलाकर दिल्लीवाले लगभग दो गुणा हाउस टैक्स भर रहे है जिसके तहत सम्पति के मालिक न्यूनतम 600 रुपये और अधिकतम 2400 रुपये वार्षिक अतिरिक्त देने पड़ेंगे। इसके साथ व्यवसायिक सम्पतियों के मालिकों को न्यूनतम 6000 रुपये और अधिकतम 60,000 रुपये प्रति वर्ष देने पड़ रहे है। यादव ने कहा कि एक तरफ साफ्टवेयर की खराबी और विभागीय गड़बड़ी के कारण लोगों को अनाप शनाप हाउस टैक्स देना पड़ रहा है और दूसरी तरफ दिल्ली नगर निगम के ठोस कचरा प्रबंधन अधिनियम 2018 उपनियम के तहत हर महीने घर से कूडा उठाने के लिए यूजर चार्ज वूसने के कारण लोगों को हाउस टैक्स की दोहरी मार झेलनी पड़ेगी।

### मेगा सफाई अभियान के नाम पर सीएम, महापौर व एनडीएमसी अध्यक्ष ने किया गुमराह यादव

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने मेगा सफाई अभियान को लेकर भाजपा पर हमला बोला है। यादव ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, महापौर और एनडीएमसी के चेयरमैन ने मेगा सफाई अभियान के नाम पर केवल फोटो बाजी के सहारे लोगों को खूब गुमराह किया है। उन्होंने कहा कि नेशनल कैपिटल रीजन प्लानिंग बोर्ड की सिफारिशों के अनुसार प्रति एक हजार लोगों पर 3-6 सफाई कर्मचारी होने चाहिए। अर्थात जनसंख्या और क्षेत्रफल के हिसाब से 2 लाख सफाई कर्मचारियों की जरूरत है , लेकिन वर्तमान में केवल 60 हजार ही कर्मचारी लगे है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने दिल्ली की सत्ता संभालने के बाद विकास के काम की एक भी योजना को अंजाम नही दिया है, सिर्फ झूठी और बेबुनियाद घोषणाएं कर रही है।

## डीजेबी उपभोक्ताओं को कर रहा सही जगह बिल भुगतान करने के लिए जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) अपने उपभोक्ताओं के साथ होने वाले फ्रॉड व धोखे से बचने को लेकर उन्हें सही जगह व सही तरीके से पानी का बिल भरने के लिए जागरूक कर रहा है। इस बारे में डीजेबी के एक आला अधिकारी ने बताया कि आधुनिक डिजिटल युग में जहां अनेक फायदे हो रहे है, वहीं इसके दुष्परिणाम भी समय समय पर सामने आते रहे है। ठग डिजिटल हथियार के सहारे लोगों के साथ लाखों करोड़ों के ऑनलाइन धोखाधड़ी आसानी से कर लेते है। इसलिए डीजेबी की भी कोशिश है कि उपभोक्ताओं को ऐसे ठगों से सावधान रहने व ठगे जाने से बचने के लिए जागरूक किया जाए। अधिकारी ने बताया कि बोर्ड सोशल मीडिया व अन्य माध्यमों द्वारा उपभोक्ताओं को जागरूक कर रहा है कि वह किसी भी लिंक को क्लिक करके अपने पानी के बिल का भुगतान करने से बचें। डीजेबी उपभोक्ताओं को जागरूक कर रहा है कि वह सावधान रहे और केवल आधिकारिक प्रेषक आईडी सीपी-डीईएलजेएएल से प्राप्त संदेशों पर ही भरोसा करें। बोर्ड ने उपभोक्ताओं से कहा है कि जहां तक संभव हो वह बिल का भुगतान केवल अपने स्थानीय जेडआरओ कार्यालयों में जाकर करें। अगर ऑनलाइन ही भुगतान करना है तो सबसे पहले तो आपके मोबाइल अथवा मेल आदि पर बिल संबंधित मैसेज को भली भांति जांच परख कर ही क्लिक करें और सुरक्षित तरीके से डीजेबी की अधिकृत वेबसाइट के माध्यम से ही बिल का भुगतान करें।



### सड़कों और फुटपाथों को अतिक्रमण मुक्त करें जिलाधिकारी : प्रवेश वर्मा

नई दिल्ली। दिल्ली की बुनियादी संरचना को मानसून से पहले दुरुस्त और सड़कों व फुटपाथों को अतिक्रमण से मुक्त करने के उद्देश्य से, लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के मंत्री प्रवेश साहिब सिंह मंगलवार को सभी जिलाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। इस बैठक में पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश वर्मा ने जिलाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि पीडब्ल्यूडी के अंतर्गत आने वाली सड़कों और फुटपाथों को अवैध अतिक्रमण से मुक्त किया जाए। इस काम में सभी एजेंसियां मिलकर काम करें। वर्मा ने कहा कि सभी जिलाधिकारियों को स्पेशल टास्क फोर्स, डिस्ट्रिक्ट टास्क फोर्स और स्थानीय निकायों के साथ मिलकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करें। मंत्री वर्मा ने कहा कि अतिक्रमण किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लोगों से लगातार अवैध पार्किंग, फुटपाथों पर ठेलों और अवैध निर्माणों की शिकायतें मिल रही हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे अतिक्रमण न केवल आमजन के चलने-फिरने में बाधा बनते हैं, बल्कि बारिश के दौरान सफाई, जल निकासी और आपात सेवाओं में भी बाधा डालते हैं। जन स्थलों पर अतिक्रमण सिर्फ गैरकानूनी नहीं, अमानवीय भी है, विशेषकर मानसून में, जब हर बंद नाला और संकुचित सड़क एक आपदा का कारण बन सकता है। मंत्री ने चेताया कि मानसून नजदीक है और अब किसी भी प्रकार की ढिलाई से दिल्ली में जलभराव, ट्रैफिक जाम और स्वास्थ्य संकट जैसी समस्याएं खड़ी हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि हर सप्ताह सचिवालय स्तर पर समन्वय बैठकें होंगी, ताकि प्रगति की निगरानी की जा सके।

## डीटीसी ने चालक पर लिया एक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली देहात के क्षेत्रों में डीटीसी के तहत संचालित नीली बसों के चालक और संवाहकों की मनमानी रूकने का नाम नहीं ले रही है। मंगलवार को भी सिंघु बॉर्डर से आजादपुर, पुरानी दिल्ली के बीच चलने वाले रूट संख्या 144 से ऐसा ही एक मामला सामने आया है। बता दें कि दिल्ली देहात क्षेत्र में बस यात्रियों की सुविधाओं को लेकर डीटीसी प्रशासन द्वारा अनदेखी की जाती है और इसी का फायदा नीली एसी बसों के कुछ चालक और संवाहक करते पाए गए हैं। रूट संख्या 144 पर चलने वाली नीली एसी बस के एक चालक ने बस स्टैंड पर खड़ी बस को दो बार ओवरटेक किया जिसके चलते बस स्टैंड पर इंतजार कर रहे संबंधित बस यात्रियों का दिक्कतें हुई।

भागदौड़ कर बस पकड़ने वाले एक यात्री ने जब शिकायत पुस्तिका की मांग की तो पहले तो संवाहक ने आनाकानी की और साथ ही बस में डीटीसी के मौजूद अन्य दो स्टॉफ ने भी चालक और संवाहक का पक्ष लिया और यात्री से कहासुनी करने की कोशिश की। जब इसकी शिकायत परिवहन मंत्री, डीटीसी के प्रबंधक निदेशक से की तो हरकत में आने के बाद चालक और संवाहक पर डीटीसी के वजीरपुर डिपों प्रशासन ने कहा कि चालक व संवाहक पर एक्शन ले लिया है और डीटीसी के अन्य स्टाफ कर्मियों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज को सुरक्षित रखने की बात कही ताकि पहचान कर उन दो पर भी एक्शन लिया जा सके, जिसके चलते बस यात्रियों को असुविधा हुई।



## मुख्यमंत्री ने मेगा स्वच्छता अभियान में किया श्रमदान

# स्वच्छ दिल्ली, दिल्ली के हर नागरिक का है अधिकार: रेखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

स्वच्छ दिल्ली प्रत्येक दिल्लीवासी का अधिकार है और इसी उद्देश्य से दिल्ली सरकार ने श्रमदान के लिए 20 दिवसीय सफाई अभियान शुरू किया है, जिसमें एनडीएमसी, एमसीडी जैसे नगर निकायों और पीडब्ल्यूडी विभाग के कर्मचारी और अधिकारी शामिल हो रहे हैं। यह बात मंगलवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली के कनॉट प्लेस स्थित हनुमान मंदिर परिसर में मेगा स्वच्छता अभियान में 'श्रमदान' में भाग लेने के दौरान कही। इस अवसर पर नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के अध्यक्ष केशव चंद्रा और उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल भी मौजूद रहे। यह अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए स्वच्छ भारत अभियान को समर्पित है, जिसने पूरे देश में स्वच्छता के प्रति नई चेतना जगाई है और इसे एक जन आंदोलन में बदल दिया है। सीएम रेखा गुप्ता ने बताया कि इस सफाई अभियान में सभी कर्मचारी और अधिकारी मैदान में और सड़कों पर हैं और इस सफाई अभियान में सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं। मैंने भी आज हनुमान मंदिर परिसर में आम जनता को प्रेरित करने के लिए प्रतीकात्मक श्रमदान में भाग लिया। मुख्यमंत्री ने सभी कर्मचारियों, अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, आवासीय कल्याण संघ, बाजार व्यापारी संघ और सामाजिक संगठनों से दिल्ली को स्वच्छ, साफ और सुंदर बनाने के लिए श्रमदान द्वारा इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने स्वच्छता के लिए एनडीएमसी द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की और कहा कि यहां के कर्मचारियों और अधिकारियों ने अपने क्षेत्र को साफ-सुथरा बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। इसी का परिणाम है कि आज हमें यहां सांकेतिक सफाई करनी पड़ी है। चहल ने बताया कि सफाई कर्मचारियों के अलावा बागवानी, अग्निशमन, सिविल और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के कर्मचारियों ने भी भाग लिया। श्रमदान अभियान के तहत अस्पताल, डिस्पेंसरी, स्कूल और बिजली सब स्टेशनों ने अपने परिसरों में प्रतिदिन सफाई अभियान चलाया हुआ है। एनडीएमसी ने स्थानीय मार्केट ट्रेडर्स एसोसिएशन, रेजिडेंशियल वेलफेयर एसोसिएशन और अन्य सामाजिक संगठनों के सदस्यों को भी इसमें शामिल किया है।



### सीएम ने सामाजिक और धार्मिक संगठनों से की स्वच्छ और सुंदर दिल्ली बनाने की अपील

सीएम रेखा गुप्ता ने सामाजिक, धार्मिक और सांस्कृतिक संगठनों से अपील की कि जब भी वे अपने कार्यक्रम जैसे रैली, जुलूस, भंडारा, जागरण आदि आयोजित करते हैं तो उनकी जिम्मेदारी है कि कार्यक्रम के बाद वहां कूड़ा-कचरा न छोड़ें। जब जनता और संगठन स्वयं स्वच्छता के प्रति अपनी जिम्मेदारी महसूस करेंगे तो दिल्ली अपने आप ही स्वच्छ और सुंदर बनने लगेगी।

## बदले मौसम का असर दिख रहा है दिल्ली के वायु प्रदूषण पर, मध्यम श्रेणी में हो रहा दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

गत कई दिनों से दिल्ली में तेज हवाओं और बीच बीच में हुई बारिश का असर राजधानी के वायु प्रदूषण में सुधार के रूप में दर्ज हो रहा है। मंगलवार को राजधानी में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) मध्यम श्रेणी में दर्ज हुआ। दिल्ली में कहीं भी एक्यूआई का ग्राफ 200 तक नहीं पहुंचा। दिल्ली के शिवाजी पार्क में एक्यूआई 146, शालीमार बाग़ 194, दिल्ली मिल्क स्कीम कॉलोनी में 124, अशोक विहार टू में 148, पश्चिम दिल्ली में 110, उत्तर पश्चिम दिल्ली में 168, रोहिणी ब्लॉक जी-3 में 138, भीम नगर में 180, झारोड़ा माजरा बुराड़ी में 110, मध्य दिल्ली में 110, श्रीराम कॉलोनी में 126 , बहादुर शाह ज़फर मार्ग 108, दक्षिण पूर्वी दिल्ली में 121, गोकलपुरी में 111, पूठ खुर्द में 142, नई दिल्ली में 145, द्वारका में 116, बख्तावर पुर गांव 126 और द्वारका सेक्टर-8 में एक्यूआई 169 दर्ज हुआ। पर्यावरण वैज्ञानिक एस के सकलानी का कहना है कि फिलहाल दिल्ली में एक्यआई 200 से अधिक पहुंचने की संभावना नहीं है। क्योंकि दिल्ली सहित हरियाणा व पंजाब में लगभग फसलें कट चुकी है। जबकि इस बार अप्रैल के अंत में भी और मई के शुरुआत से भी दिल्ली एनसीआर में बारिश व तेज हवाएं चल रही है। ऐसे में वायु प्रदूषण का ग्राफ नीचे ही रहेगा।



# शाहरुख ने दिखाया सुपर स्टारडम तो कियारा ने किया मदरहुड को सलाम

*लॉस एंजिल्स। दुनिया के सबसे बड़े फैशन शो या फैशन समारोह मेट गाला का आयोजन हो चुका है। हर साल की तरह इस बार भी न्यूयॉर्क के मेट्रोपॉलिटन म्यूजियम ऑफ आर्ट में मई के पहले सोमवार को मेट गाला का आयोजन किया गया। जो भारतीय समयानुसार 6 मई को सुबह 3:30 बजे शुरू हुआ। इस समारोह में बॉलीवुड के किंग खान यानी शाहरुख खान से लेकर कियारा आडवाणी, प्रियंका चोपड़ा और दिलजीत दोसांझ सरीखे स्टार्स ने रेड कार्पेट पर अपना जलवा बिखेरा। शाहरुख ने जहां अपने स्टारडम से सबका ध्यान खींचा तो वहीं कियारा का टू बी मॉम लुक लोगों को पसंद आया और दिलजीत के महाराजा लुक ने लोगों का दिल ही जीत लिया।*



### हीरा जड़ी हुई है शाहरुख की बंगाल टाइगर हेड वाली छड़ी

बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान ने इस बार मेट गाला पर अपना शानदार डेब्यू किया। अपने इस बहुप्रतीक्षित डेब्यू के लिए किंग खान ने भारत के मशहूर डिजाइनर सब्यसाची के आउटफिट को चुना। शाहरुख ने ब्लैक आउटफिट के साथ चमकदार गोल्डन कलर की ज्वेलरी भी पहनी, जिसमें वो किसी सुपरस्टार से कम नहीं नजर आए। 'सुपरफाइनः टेलरिंग ब्लैक स्टाइल'थीम के मुताबिक, शाहरुख ने कई गोल्डन नेकलेस के साथ एक स्टाइलिश ब्लैक कलर का सूट पहना था। दो सबसे प्रमुख नेकलेस में से एक में उनके शुरुआती अक्षर '**SRK**' और दूसरे में '**K**' अक्षर है। शाहरुख के आउटफिट के बारे में बताते हुए डिजाइनर सब्यसाची का कहना है कि ये आउटफिट वैश्विक मंच पर उनके स्टारडम को दिखाता है। एक्टर ने अपने बाएं हाथ में चार खूबसूरत अंगूठियां और एक शानदार घड़ी भी पहनी थी। उन्होंने इस क्लासी लुक को और स्टाइलिश बनाने के लिए ब्लैक चश्मा और एक स्टेटमेंट ब्रोच को भी अपने साथ जोड़ा।

### कियारा के लुक ने बिखेरा जलवा

कियारा आडवाणी ने बेबी बंप के साथ मेट गाला में अपना डेब्यू किया। अपने इस डेब्यू के लिए कियारा ने भारतीय डिजाइनर गौरव गुप्ता के कस्टम कॉउचर आउटफिट को चुना। ब्रेवहार्ट्स नाम की उनकी ड्रेस फेमिनिटी, ट्रांसफॉर्मेशन और वंश को ट्रिब्यूट थी। स्कल्पचरल से तैयार इस इस गाउन में घुंघरू और क्रिस्टल से सजी एक प्राचीन सोने की ब्रेस्टप्लेट थी। मदर हार्ट और बेबी हार्ट को दर्शाती एक चेन कियारा ने पहनी थी जो उनके बेबी बंप पर टच कर रही थी। जो उनकी प्रेगनेंसी और जल्द ही मां बनने की भावना को दर्शाती है।

### महाराजा लुक में नजर आए दिलजीत

सिंगर-एक्टर दिलजीत दोसांझ ने इस बार मेट गाला में अपना शानदार आगाज किया। अक्सर अपने फैशन से लोगों का ध्यान खींचने वाले दिलजीत के मेट गाला में महाराजा लुक ने भी सभी का दिल जीत लिया। दिलजीत ने प्रबल गुरुंग द्वारा डिजाइन की गई व्हाइट कलर की ड्रेस पहनी। पंजाबी राजघराने की झलक दिखाते दिलजीत के आउटफिट में एक कुर्ता और एक लंबा अंगरखा और ड्रेप्ड बॉटम के साथ पगड़ी शामिल थी। भारी एसेसिरीज व ज्वेलरी और तलवार के साथ दिलजीत ने अपने महाराजा लुक को कम्पलीट किया। दिलजीत को देखते ही उनके फैंस बोले 'ओये पंजाबी आ गए ओए'

### प्रियंका ने दिखाई क्लासिक हॉलीवुड की झलक

ग्लोबल स्टार बन चुकीं प्रियंका चोपड़ा ने इस बार मेट गाला में एक टेलर्ड पोल्का डॉट सूट ड्रेस में अपना जलवा बिखेरा। इसे बाल्मेन के ओलिवियर रूस्टिंग द्वारा बनाया गया था। इस लुक में क्लासिक हॉलीवुड की झलक देखने को मिली, जिसमें शार्प सिल्हूट और स्टाइल को दिखाया गया। प्रियंका की यह ड्रेस ब्लैक सार्टोरियल पहचान और ब्लैक डैंडी की ऐतिहासिक खोज पर आधारित थी। प्रियंका की ड्रेस को को शानदार इतालवी घराने बव्लगारी की शानदार ज्वेलरी से सजाया गया था।

### ईशा अंबानी ने भी बिखेरा अपना जलवा

रिलायंस इंडस्ट्री लिमिटेड की डायरेक्टर ईशा अंबानी भी मेट गाला में पहुंचीं। वह डिजाइनर अनामिका खन्ना द्वारा डिजाइन की गई ड्रेस में कारपेट पर उतरीं। व्हाइट जियोमेट्रिक कोर्सेट, काले रंग की पैंट और सफेद केप पहने ईशा ने मेट गाला में अपनी शानदार उपस्थिति दर्ज कराई। उनकी ड्रेस ब्लैक डैंडी स्टाइल से प्रेरित थी। अपने डिजाइन को कीमती स्टोन्स और पारंपरिक मोती के काम से और अधिक आकर्षक बनाया। ग्लैमर के लिए ईशा ने ओसदार मेकअप चुना और अपने बालों को लंबी चोटी में बांधा।

## रॉक एंड रोल सूट में जेंडया और टेलर्ड फॉर यू में दिखीं स्टाइलिश

**लॉस एंजिल्स।** दुनिया का सबसे बड़ा फैशन इवेंट मेट गाला 4 मई को शुरू हुआ, जिसमें बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड तक के कई ग्लोबल स्टार्स ने हिस्सा लिया। इस फैशन इवेंट में कई हस्तियों ने अपने बोल्ड एंड हॉट लुक से सभी को आश्चर्यचकित कर दिया।

***सिडनी स्वीनी*** : अमेरिकी अभिनेत्री सिडनी स्वीनी काले रंग की शाइनिंग ड्रेस में मेट गाला 2025 फैशन इवेंट में पहुंचीं। उन्होंने मीयू-मूयी ब्लैक शाइनिंग गाउन के साथ प्लंजिंग कीहोल नेकलाइन कैरी किया, जिस पर गोल्ड रोसेट डिटेल और बीडेड फ्रिंज शोल्डर एक्सेंट लगे हुए हैं। उन्होंने स्लीक्ड-बैक अपडू के साथ पुराने हॉलीवुड लुक को पूरा किया।

***गिगी हदीद*** : गिगी हदीद ने फैशन की सबसे बड़ी रात के लिए मिउ मिउ का एक गोल्डन फिट गाउन पहना, जो जोसेफिन बेकर का संदर्भ देता है। गिगी हदीद किसी बड़ी फिल्म में अभिनय करने वाली पहली गोरी अभिनेत्री हैं।

***जेंडया*** : अमेरिकी अभिनेत्री और गायिका जेंडया ने इस बार मेट गाला 2025 में लॉ रोच द्वारा स्टाइल किए गया सफेद रंग का कस्टम लुई वुइटन सूट और मैचिंग हैट पहना। उनका लुक हर बार की तरह इस बार भी अनोखा और स्टाइलिश दिखा। फैरेल विलियम्स द्वारा डिजाइन किया गया यह सफेद रंग का लुक जूट सूट के रॉक एंड रोल इतिहास को श्रद्धांजलि देता है- जो ब्लैक डैंडिज्म की आधारशिला है।



जेंडाया ने ब्रेस्टेड टक्सेडो, वास्कट, सिल्क शर्ट-और-टाई, और फ्लेयर्ड ट्राउजर से अपने लुक को इनहैंस किया।

***रिहाना ने फ्लॉन्ट किया बेबी बंप*** : मेट गाला में रिहाना के स्टाइलिश लुक के साथ प्रेग्नेंसी अनाउंसमेंट फैंस के लिए बड़ा सरप्राइज रहा। रिहाना ने रेड कार्पेट पर ग्रे ब्लैक टू-पीस आउटफिट में शानदार एंट्री की। इस लुक में सिंगर का बेबी बंप भी साफ दिखाई दिया। रिहाना ने मेट गाला के लिए 'टेलर्ड फॉर यू' ड्रेस कोड कैरी किया। अपने लुक को सिंगर ने एक टॉप हैट, पोल्का डॉट नेकटाई, पॉकेट स्क्वायर, डायमंड ब्रोच और टू-टोन हील्स के साथ पूरा किया। इस लुक में रिहाना बहुत ही स्टाइलिश दिखीं। वहीं एक्ट्रेस के बेबी बंप से उनकी खूबसूरती और भी ज्यादा बढ़ गई।

***दुआ लिपा और सबरीना कारपेंटर*** : दुआ लिपा ने 2025 मेट गाला के रेड कार्पेट पर एक काले रंग की चैनल ड्रेस पहनी, जबकि सबरीना कारपेंटर एक कस्टम बरगंडी लुइस वुइटन टक्सिडो-प्रेरित बॉडीसूट में पहुंचीं।

***लिसा*** : *ब्वैलपिंक स्टार लिसा ने लुई वुइटन में अपना डेब्यू किया। उन्होंने इस दौरान ब्लैक शाइनिंग मोनोकिनी स्टाइल ड्रेस पहनी और अपने शानदार पोज से दर्शकों का दिल जीता।*

***हंटर शेफेर, एमी लू वुड, पैट्रिक श्वार्जनेगर - सिडनी स्वीनी और वाल्टन गोगिंस*** : *व्हाइट लोटस सितारों ने 2025 के मेट गाला के रेड कार्पेट पर स्टाइलिश लुक से हर किसी का दिल जीत लिया। हंटर शेफेर से लेकर एमी लू वुड, पैट्रिक श्वार्जनेगर, सिडनी स्वीनी और वाल्टन गोगिंस ने अपने लुक से फैशन की सबसे बड़ी रात में अपने अनोखे स्टाइल पेश किया।*

***हैली बीबर और केंडल जेनर*** : *हैली बीबर और केंडल जेनर ने 2025 मेट गाला रेड कार्पेट पर शार्प, टेलर्ड लुक पेश किया। हैली ने सेंट लॉरेंट ब्लेजर ड्रेस पहनी, जिसे टिफनी एंड कंपनी के ज्वेल्स और प्लेटफॉर्म हील्स के साथ पेयर किया। वहीं केंडल ने इस साल की रेड कार्पेट थीम, "टेलर्ड फॉर यू" के अनुरूप, टोरीशेजू का ग्रे स्कर्ट सूट चुना और डायमंड नेकलेस के साथ लुक को पूरा किया।*

***किम कार्दशियन*** : *मेट गाला 2025 में किम कार्दशियन ने स्टाइलिश बॉडीकॉन फिश कट ब्लैक लेदर ड्रेस के साथ ब्लैक हैट कैरी की। इसके साथ किम ने डायमंड ज्वैरी से अपने लुक को इंहैंस किया। उनका लुक किसी डिटेक्टिव जैसा दिखा।*



## 'बेसोस' गाने से धमाल मचाने को तैयार

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज और पूर्व भारतीय क्रिकेटर शिखर धवन की नई म्यूजिक वीडियो 'बेसोस'का टीजर 6 मई को रिलीज हो गया। इसने फैंस के बीच उत्साह की लहर दौड़ा दी है। इस टीजर में जैकलीन अपनी शानदार डांस मूव्स से स्क्रीन पर आग लगाती नजर आ रही हैं, जबकि शिखर धवन अपने स्टाइलिश लुक से सुर्खियां बटोर रहे हैं। गाने को मशहूर गायिका श्रेया घोषाल और इंटरनेशनल आर्टिस्ट कार्ल वाइन ने अपनी आवाज दी है। फैंस इस अनोखी जोड़ी की केमिस्ट्री देखने के लिए बेसब्र हैं। पूरा गाना 8 मई को सुबह 11 बजे प्ले डीएमएफ के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज होगा। 'बेसोस'का टीजर रंगीन और जोशीले वाइब्स से भरपूर है। टीजर में जैकलीन की एनर्जेटिक डांस मूव्स और शिखर का कूल अवतार फैंस का ध्यान खींच रहा है।



## 'टाइगर' की नई शॉर्ट फिल्म का टीजर जारी

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर टाइगर श्रॉफ अपनी नई फिल्म जहां'को लेकर चर्चा में है। 2024 की सिंघम अगेन के बाद वह इस शॉर्ट फिल्म में दिखाई देंगे, जो एक्शन से भरी हुई है। राहुल शेट्टी की ओर से निर्देशित इस फिल्म को रेमो डिसूजा ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म का टीजर जारी कर दिया गया है। टाइगर ने फिल्म का टीजर रिलीज करते हुए कैप्शन में लिखा, 'कभी-कभी अंत ही नई शुरुआत होती है। मेरे भाई राहुल शेट्टी की ओर से निर्देशित इस शॉर्ट फिल्म का हिस्सा बन कर मैं बहुत खुश हूं, जिसमें पावरफुल मेसेज दिया गया है।' प्रोड्यूसर रेमो डिसूजा ने इस फिल्म को आरडी एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड आरएस स्टूडियो के तहत बनाया है। फिल्म का टीजर बहुत ही जबरदस्त और एक्शन से भरा है। फिल्म की टीजर की शुरुआत में टाइगर पानी का ग्लास लेने के लिए हाथ आगे बढ़ाते है।

## अनिल ने मां निर्मल कपूर के देहांत के बाद की भावुक पोस्ट

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेता अनिल कपूर की मां निर्मल कपूर का शुक्रवार 2 मई को शाम को मुंबई के एक निजी अस्पताल में वृद्धावस्था संबंधी बीमारियों की वजह निधन हो गया। मंगलवार को अनिल ने सोशल मीडिया पर अपनी मां निर्मल की पांच ब्लैक एंड व्हाइट और कलर्ड तस्वीरें शेयर कीं और साथ ही एक इमोशनल नोट भी शेयर किया।

***अनिल ने शेयर कीं पांच अनदेखी तस्वीरें*** : अनिल ने इंस्टाग्राम पोस्ट पर अपनी मां की कई पुरानी और नई तस्वीरें शेयर कीं। पहली तस्वीर निर्मल की पेंटिंग है, दूसरी तस्वीर में निर्मल ब्लैक साड़ी में बेहद खूबरत दिखाई दे रही हैं, तीसरी तस्वीर में एक फोटो फ्रेम के अंदर निर्मल की तस्वीर दिखाई दे रही है। वहीं चोथी तस्वीर में निर्मल की गोद में एक छोटा बच्चा बैठा दिखाई दे रहा है, यकीन से नहीं कह सकते लेकिन हो सकता है कि यह अनिल ही हों और पांचवी तस्वीर में निर्मल अपने पूरे परिवार के साथ दो केक के सामने बैठी नजर आ रही हैं। शायद किसी का जन्मदिन रहा होगा।

***पोस्ट के जरिए दी मां को श्रद्धांजलि*** : अनिल कपूर ने लिखा, जीवन के हर क्षेत्र से मिल रहा प्यार अभिभूत करने वाला है। मेरे पास वास्तव में यह बताने के लिए शब्द नहीं हैं कि हम उनके कितने आभारी हैं। मेरी मां ने न केवल सीधे तौर पर बल्कि उन लोगों के माध्यम से भी बहुत से लोगों के जीवन को छुआ है, जिनका उन्होंने पालन-पोषण किया, उनका समर्थन किया और उन्हें प्यार किया। वह उन उल्लेखनीय महिलाओं में से एक थीं जो कभी भी सुर्खियों में नहीं रहीं, लेकिन जिनकी ताकत ने सभी को एक साथ बांधे रखा। एक खामोश स्तंभ, हमेशा मुस्कुराती हुई, हमेशा परवाह करने वाली, हमेशा अपने आस-पास के लोगों को गर्मजोशी से भर देने वाली।'



### सभी के करीब थीं निर्मल कपूर

अनिल ने आगे लिखा, 'वह वह गोंद थी जिसने हमारे परिवार को हमारे बच्चों से लेकर हमारे पोते-पोतियों और यहां तक कि हमारे विस्तारित परिवार और दोस्तों तक के करीब रखा। उनका प्यार दूर-दूर तक फैला हुआ था और संदेशों और स्नेह की बाढ़ से यह स्पष्ट है कि उन्होंने इतने सारे दिलों पर एक स्थायी प्रभाव डाला।' अनिल ने आगे लिखा, 'आप सभी को, विशेष रूप से फिल्म बिरादरी से, आपके दयालु शब्दों, प्रार्थनाओं और प्यार के लिए हार्दिक धन्यवाद। हम वास्तव में विनम्र और आभारी हैं।'

## टीवी मसाला



## इन हिंदी टीवी सीरियल की कहानी की गई कॉपी ...

**नई दिल्ली।** हाल ही में 'गुम है किसी के प्यार में' सीरियल का एक प्रोमो वीडियो सामने आया। इस प्रोमो को देखकर सोशल मीडिया यूजर्स ने दावा है कि इसकी कहानी जेनिफर विंगेट और हर्षद चोपड़ा के सीरियल 'बेपनाह' से कॉपी की गई है। यह पहली बार नहीं है कि किसी हिंदी टीवी सीरियल की कहानी कॉपी की गई हो, पहले भी ऐसा हो चुका है। कई हिट सीरियल तक कॉपी किए गए हैं। सीरियल 'बढ़ो बहू(2016)' एक रोमांटिक ड्रामा सीरियल था। यह सीरियल टीवी पर आया तो इसकी तुलना हिंदी फिल्म 'दम लगा के हइशा(2015)' से हुई। दोनों की कहानी एक मोटी लड़की के ईद-गिर्द घूमती है। सीरियल 'बढ़ो बहू' में लीड रोल में रिताशा राठौर थीं, वहीं हीरो का रोल प्रिंस नरुला ने किया था। साल 2003 में टीवी सीरियल 'जस्सी जैसी कोई नहीं' खूब पॉपुलर हुआ, इसमें मोना सिंह ने लीड रोल निभाया था। यह सीरियल भी कोलंबियन सीरियल 'यो सोय बेट्टी, ला फी' की थीम पर बना था, बस इसे भारतीय दर्शकों के हिसाब से तैयार किया गया था। साल 1993 में कॉमिक सीरियल 'जबान संभाले के'ने दर्शकों को खूब हंसाया, इसमें पंकज कपूर के अलावा कई चर्चित कलाकार नजर आए। यह सीरियल भी ब्रिटिश सिटकॉम 'मांइड योर लैंग्वेज'का इंडियन वर्जन था। सीरियल 'प्यार की एक कहानी (2010)' को एकता कपूर ने प्रोड्यूस किया था, इस सीरियल में विवियन डिसेना ने एक वैंपायर का रोल किया था। सीरियल 'प्यार की एक कहानी'की स्टोरी हॉलीवुड सीरियल 'द वैंपायर डायरी'और फिल्म सीरीज 'ट्वाइलाइट' से ली गई थी। साल 2003 में एक हिंदी सीरियल 'करिश्मा'का करिश्मा'रिलीज हुआ।

## पर्दे पर करनी पड़ी अपनी ही 'आपा' के साथ जबरदस्ती

***नई दिल्ली।*** *हिंदी सिनेमा के दमदार विलेन रजा मुराद ने अपने करियर में ज्यादातर विलेन के रोल निभाए हैं। उनकी आवाज तो इतनी दमदार थी कि उससे लोग कांप जाते थे। दिग्गज एक्टर ने फिल्मों में अपनी खलनायकी से हमेशा सबका दिल जीता। अब तक वह 200 से ज्यादा फिल्मों में नजर आ चुके हैं। राज कपूर की एक फिल्म में तो उन्होंने दर्शकों का दिल ही जीत लिया था। बॉलीवुड की ग्लैमरस एक्ट्रेस जीनत अमान के साथ भी उन्होंने काम किया है। एक फिल्म में तो उन्हें एक्ट्रेस के साथ रेप सीन शूट करना था। लेकिन, उन्होंने जीनत संग ये सीन करने से साफ इनकार कर दिया था।*

*बॉलीवुड में जीनत अमान वो एक्ट्रेस थी, जिनके साथ काम करने से कभी किसी ने मना नहीं किया था। चाहे वह हीरो हो या विलेन, हर कोई उनके साथ काम करने को तरसा करता था। रजा मुराद इकलौते वो एक्टर थे, जिन्होंने जीनत के साथ एक सीन करने से इनकार कर दिया था। दरअसल, इसके पीछे एक बड़ी वजह थी। दोनों ने साल साल 1987 में आई फिल्म डाकू हसीना में एक साथ काम किया था।*

*इसी फिल्म में दोनों को दोनों ही डाकू के किरदार में थे और स्क्रिप्ट के मुताबिक रजा को जीनत के साथ रेप सीन शूट करना था। रजा ने जैसे ही सुना कि ये सीन करना है, उन्होंने साफ इनकार कर दिया। वह उन्हें छूने के लिए तैयार नहीं थे। इसकी बड़ी वजह ये थी कि असल जिंदगी में जीनत अमान उनकी कजिन बहन थीं। जीनत और रजा मुराद चचेरे भाई-बहन थे।*



### ज्यादातर नेगेटिव रोल ही हैं निभाए


*रजा मुराद ने अपने कॅरियर में ज्यादातर नेगेटिव रोल ही निभाए हैं। साल 1982 में आई राज कपूर की फिल्म प्रेम रोग में उन्होंने पद्मिनी कोल्हापुरे के जेठ का किरदार निभाया था। इस फिल्म में भी उन्होंने रेप सीन शूट किया था। फिल्म में वह पद्मिनी कोल्हापुरे के जेठ और तनुजा के पति के रोल में नजर आए थे। फिल्म ब्लॉकबस्टर हिट हुई थी। रजा मुराद के रोल की भी सभी ने दिल खोलकर तारीफ की थी। इस फिल्म में उन्होंने एक ऐसे दरिंदे का रोल निभाया था, जो अपने ही भाई की पत्नी का रेप करता है।*

## अमेरिकी टैरिफ से भारतीय सिनेमा पर क्या होगा असर? दिग्गज फिल्मकारों ने दी प्रतिक्रिया

*नई दिल्ली। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में विदेशों में बनी फिल्मों पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने की बात कही थी। इस फैसले ने विश्व सिनेमा, खासकर भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में हलचल मचा दी है। बॉलीवुड के दिग्गज फिल्म निर्माताओं ने इस पर अपनी प्रतिक्रिया दी है।*

### फिल्मों का प्रवाह होगा कम : महेश भट्ट

फिल्म निर्माता-निर्देशक महेश भट्ट का कहना है कि यह फैसला अपेक्षित था, लेकिन अब इसके असर को समझना जरूरी है। उन्होंने कहा, 'यह तो होना ही था, लेकिन सवाल यह है कि इसका असर कितना गहरा होगा? क्या यह स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म्स पर भी लागू होगा? अमेरिका में तेलुगु फिल्मों की काफी मांग है। इस टैरिफ से हर कोई प्रभावित होगा। पहले जहां डिस्ट्रीब्यूटर्स 100 रुपए खर्च करते थे, अब उन्हें 200 रुपए देने पड़ेंगे। जाहिर है, इससे फिल्मों का प्रवाह कम होगा।"



### विक्रम भट्ट ने टैरिफ पर उठाए सवाल


वहीं, फिल्म निर्माता और निर्देशक विक्रम भट्ट का मानना है कि भारतीय सिनेमा पर इस टैरिफ का असर सीमित होगा। उन्होंने कहा, 'हमारी अधिकांश फिल्में अमेरिका और ब्रिटेन जैसे बाजारों में नहीं जातीं। केवल बड़ी बजट की फिल्में ही वहां पहुंचती हैं। मध्यम और छोटे बजट की फिल्मों का विदेशी बाजार पहले से ही सीमित है। अब इस टैरिफ के बाद शायद केवल मेगा-बजट फिल्में ही वहां प्रदर्शित हो पाएंगी, क्योंकि वहां प्रदर्शन की लागत बहुत ज्यादा है। वैसे भी हमारी फिल्में अमेरिका में शूट नहीं होतीं तो हमारी फिल्मों पर टैरिफ लगाने का क्या मतलब?"

### विवेक अग्निहोत्री ने की आलोचना

इस मुद्दे पर फिल्म निर्माता विवेक अग्निहोत्री ने भी अपनी राय रखी है। उन्होंने सोमवार को उन्होंने एक्स पोस्ट के जरिए अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि यह भारत की फिल्म इंडस्ट्री के लिए बेहद खतरनाक है। विवेक ने कहा, "ट्रंप द्वारा फिल्मों पर 100% टैरिफ लगाना एक विनाशकारी कदम है। अगर यह बेतुकापन जारी रहा तो भारत का संघर्षरत फिल्म उद्योग पूरी तरह से ध्वस्त हो जाएगा और इसे बचाने वाला कोई नहीं होगा। विवेके ने आगे कहा, भारतीय फिल्म लीडर्स को जागना और एकजुट होना चाहिए और पैपराजी और आत्म-प्रशंसा के पीछे भागने के बजाय इस खतरे से लड़ना चाहिए।

## 'लाफ्टर शेफ 2' पहुंचे तो ट्रोल हुए अभिनव अरोड़ा

**नई दिल्ली।** कॉमेडियन भारती सिंह कलर्स चैनल पर एक शो 'लाफ्टर शेफ 2' को होस्ट करती हैं, इनके साथ शेफ हरपाल भी नजर आते हैं। शो में कृष्णा अभिषेक, करण कुंद्रा, एल्विश यादव, अंकिता लोखंडे, विक्की जैने, रुबीना दिलैक जैसे टीवी सेलिब्रिटी नजर आते हैं। यहां एक तरफ तो कुकिंग टास्क पूरे करते हैं, वहीं शो में हंसी का माहौल भी खूब बनता है। हाल ही में इस शो के एक एपिसोड का प्रोमो कलर्सटीवी के इंस्टाग्राम पेज पर साझा किया गया। प्रोमो में बतौर मेहमान अभिनव अरोड़ा नजर आ रहे हैं, इस बच्चे को देखकर फैंस नाराज हो गए। इसके बाद अभिनव की ट्रोलिंग शुरू कर दी। इस लड़के को कथित बाल संत के नाम से सोशल मीडिया पर जाना जाता है। सोशल मीडिया पर इस लड़के की हरकतें देखकर कुछ यूजर्स अक्सर नाराज हो जाते हैं।



## खबर संक्षेप

### आईएएस कौशल राज शर्मा दिल्ली बुलाए गए



**लखनऊ।** काशी में डीएम और कमिश्नर दोनों रहे आईएएस कौशल राज शर्मा दिल्ली बुला लिए गए हैं। दस दिन पहले ही उनका काशी से लखनऊ तबादला कर सीएम ने अपना सचिव बनाया था। एक पखवारे के अंदर ही उनकी जिम्मेदारी बदलने की फरमान आ गया । उन्हें प्रतिनियुक्ति पर एजीएमयूटी कैडर में बुलाया गया है। माना जा रहा है दिल्ली में उन्हें बहुत बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है।

### 14 आईपीएस ट्रांसफर मोहित गुप्ता नए गृह सचिव



**लखनऊ।** योगी सरकार ने सोमवार को देर रात सात जिलों के पुलिस अधीक्षकों समेत 14 आईपीएस अधिकारियों का तबादला कर दिया। बदले गए जिलों में मुजफ्फरनगर, गोरखपुर, कौशांबी, इटावा, फतेहपुर, संतकबीरनगर और अयोध्या के पुलिस अधीक्षक शामिल हैं। वहीं वाराणसी परिक्षेत्र के आईजी मोहित गुप्ता का तबादला कर उन्हें प्रदेश का गृह सचिव बनाया गया है।

### झारखंड में अब रविवार को भी लगेंगी कक्षाएं



**रांची।** सरकारी स्कूलों में 22 मई से 4 जून तक गर्मी की छुट्टी है। स्कूलों में छुट्टी को लेकर कैलेंडर जारी किया गया है। पूरे साल में 62 दिन की छुट्टी होगी। अगर छुट्टी किसी विशेष परिस्थिति में बढ़ाई जाती है तो उन छुट्टियों की भरपाई भी स्कूलों को करनी होगी। कैलेंडर में विशेष परिस्थिति में छुट्टी दिए जाने पर विद्यार्थियों की पढ़ाई की भरपाई रविवार या किसी अन्य छुट्टी दिवस पर किया जाएगा।

# उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में आज होगी मॉक ड्रिल ए श्रेणी में नरोरा एटॉमिक पावर प्लांट को रखा गया

22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार ने 7 मई को देशभर के सैंकड़ों जिलों में मॉक ड्रिल करवाने का फैसला लिया है।

एजेंसी ⏭ लखनऊ/ पटना/रांची

भारत सरकार के आदेश पर 7 मई को पूरे देश में एक राष्ट्र व्यापी मॉकड्रिल आयोजित की जानी है। मकसद आपातकालीन स्थितियों में नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए प्रभावी कदम उठाने की तैयारी का आकलन करना है। ए श्रेणी में नरोरा को रखा गया है। नरोरा में एटॉमिक पावर प्लांट है। बी में आगरा, प्रयागराज, बरेली, गाजियाबाद, गोरखपुर, झांसी, कानपुर, लखनऊ, मेरठ, मथुरा, मुरादाबाद, सहारनपुर, वाराणसी, बक्शी का तालाब, पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर और सरवासा को रखा गया है।

**डीजीपी ने मीडिया से बातचीत के दौरान दी जानकारी**



ब्लैक आउट के दौरान घर की सभी लाइटों को बंद करवा दिया जाता है। यहां तक कि इन्वर्टर से भी लाइट जलाने की मनाही होती है। ये भी निर्देश दिए जाते हैं जो लोग बाहर हों, वह अपने-अपने घरों में चले जाएं। सायरन की आवाज इतनी तेज होती है कि एक प्रभाग में बजाए जाने पर लगभग दो से ढाई किलोमीटर तक उसकी आवाज जाती है। ये हाथ में लेकर बजाया जाता है। सायरन बजाने को सभी वार्डन प्रशिक्षण प्राप्त होते हैं। देश भर के 244 में से यूपी के 19 जिले इसके लिए केंद्र सरकार से चिन्हित किए गए थे लेकिन अब निर्णय लिया गया है कि प्रदेश के सभी जिलों में मॉकड्रिल कराई जाएगी। डीजीपी प्रशांत कुमार ने मीडिया से बातचीत के दौरान इसकी जानकारी दी।

## योगी आदित्यनाथ सरकार ने की बड़ी पहल

# सस्ती दरों पर निजी कंपनी से 25 वर्ष तक बिजली खरीदेगी प्रदेश सरकार

एजेंसी ⏭ लखनऊ

यूपी सरकार डीबीएफओओ मॉडल के तहत निजी कंपनी से 25 वर्षों तक सस्ती दरों पर यूपी सरकार बिजली खरीदेगी। सस्ती बिजली की खरीद से यूपीपीसीएल को 25 वर्षों में 2958 करोड़ रुपए की बचत होगी।

योगी सरकार ने ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बड़ी और दूरदर्शी पहल की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आयोजित कैबिनेट की बैठक में मंगलवार को 1600 मेगावाट क्षमता की तापीय परियोजना से कुल 1500 मेगावाट ऊर्जा बिड प्रॉसेस के माध्यम से 25 वर्षों तक खरीदने का निर्णय लिया गया है। बिडिंग प्रक्रिया में सबसे कम टैरिफ दर (5.38 रुपए प्रति यूनिट) की पेशकश करने वाली निजी कंपनी को परियोजना के लिए चुना गया है। इससे यूपी पावर कॉर्पोरेशन (यूपीपीसीएल) को 25 वर्षों में लगभग 2958 करोड़ रुपए की बचत होगी। योगी सरकार की इस नई पहल से उत्तर प्रदेश को साल 2030-31 से 1500 मेगावॉट बिजली बेहद सस्ती दर पर मिलने लगेगी। यह नई परियोजना मौजूदा और आगामी तापीय परियोजनाओं की तुलना में कहीं ज्यादा किफायती है। जहां जवाहरपुर, ओबरा, घाटमपुर, पनकी जैसी परियोजनाओं से बिजली 6.6 रुपए से लेकर 9 रुपए प्रति यूनिट तक मिल रही है, वहीं डीबीएफओओ के तहत प्रस्तावित इस परियोजना के तहत 2030-31 में प्लांट के कमीशन होने के बाद बिजली सिर्फ 6.10 रुपए प्रति यूनिट की दर से प्राप्त होगी।

### 25 वर्षों के लिए होगा एग्रीमेंट



ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कैबिनेट के निर्णय की जानकारी दी। कहा कि प्रदेश में ऊर्जा की मांग पूरा करने और प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कुछ ऊर्जा बिडिंग प्रोसेस से खरीदने का निर्णय किया है। उसी कड़ी में 1600 मेगावाट पावर प्लांट को लेकर हम आगे बढ़े हैं। हमारी शर्त थी कि जब यह प्लांट उत्तर प्रदेश में लगेगा तभी बिजली खरीदेंगे। प्रक्रिया के तहत जुलाई 2024 में रिक्वेस्ट फॉर क्वालीफिकेशन इश्यू किया था, जिसमें 7 कंपनियां आई थीं। इनमें से 5 कंपनियों ने रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (फाइनेंशिय बिड) में हिस्सा लिया। पांचों कंपनियों में जिस निजी कंपनी का कोटेशन सबसे लोएस्ट था उसके साथ निगोशिएन के बाद उन्होंने फिक्स्ड चार्ज में 3.727 रुपए प्रति यूनिट और फ्यूल चार्ज में 1.656 रुपए प्रति यूनिट समेत कुल टैरिफ 5.38 प्रति यूनिट की न्यूनतम बिड पेश की, जिसे स्वीकार कर लिया गया। इसी टैरिफ पर 25 वर्षों की अवधि के लिए पावर सप्लाई एग्रीमेंट हस्ताक्षरित किया जाएगा।

### सार्वजनिक संयंत्रों से भी सस्ती पड़ेगी बिजली

इसी निजी कंपनी ने पिछले साल अगस्त में महाराष्ट्र के साथ भी इसी प्रकार की प्रक्रिया की थी। उसकी अपेक्षा भी हमारी डील उससे कुछ सस्ती है। यही नहीं, इससे पहले भी हमारे बड़े पावर परचेज एग्रीमेंट्स हुए हैं, उसकी अपेक्षा भी मौजूदा डील सस्ती है। सार्वजनिक क्षेत्र के जो हमारे पावर प्लांट्स हैं उनकी भी बिजली का जो अनुबंध हुआ है उनकी अपेक्षा भी यह वर्तमान प्रक्रिया की बिजली काफी सस्ती पड़ेगी। उन्होंने बताया कि 2030-31 में जब पावर प्लांट तैयार होगा तब भी टैरिफ 6.10 रुपए पड़ेगा जो हमारे सार्वजनिक संयंत्रों की बिजली से सस्ता होगा।



# मनोहर के जन्मदिन पर डीपीजीआईटीएम में रक्तदान शिविर का आयोजन किया

**गुरुग्राम।** रैड क्रास सोसाईटी गुरुग्राम एवं **AIIMS** बाडसा के सोजनय द्वारा किया गया । **AIIMS** बाडसा ने अपनी ऐयर कन्डीशनर बस जो कि सभी उपकरण से सुसजित व डाक्टर भेज कर इस रक्त दान शिविर मे सहयोग किया। यह शिविर आदरणीय मनोहर लाल जी, कबिनेट मन्त्री, भारत सरकार के जन्म दिवस के उपलक्ष्य मे आयोजित किया गया है । इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुरेन्द्र गहलोत जी, जनरल सकरेट्री **DPGITM** थे। इस क्रार्यक्रम का उद्घघाटन रिबन काट कर किया गया इस अवसर पर डा . प्रीति गहलोत मनेजिंग डाईरेक्टर डी पी जी आई टी एम , प्रोफैसर आर सी कुहाड, डाईरक्टर, डी पी जी आई टी एम, टी आर नरुला, रजिष्ट्रार, रैड क्रास सक्रेटरी विकास कुमार, रैड क्रास मिडिया प्रभारी मिस कविता सरकार, मिस आंकशा , डॉ मुकेश कुमार, डीन एकेडेमिक्स, डा सारिका चौधरी, विभागाध्यक्ष एवं एसोसिएट डीन, विभागाध्यक्ष डॉ देवजानी , डॉ सोनू, आभी बन्सल, श्रीमति नेहा शर्मा, डॉ सपना, मिस रशमी एवं पलेसमेन्ट अफिसर स्वाति भारद्वाज विशेष रूप से उपस्थित रहे। सबसे पहले रक्त दान **Miss** परिजोत, 2**nd year BBA** ने किया । उसके बाद संस्था के बीटैक के विद्यार्थी धर्मबीर, तरुण सिंह , हिमांसु, सोरव, अमित, सुभम, गरिमा, विनय, रवि, शिवानी सोरभ, छाया व आदित्य । बी सी ए एवं बी बी ए से रक्त दान करने वाले विधार्थी थे शंकर, अंकित, गुड्डु, अभिषेक, अभिजीत, योगेश, हितेष, अंशु, मनीष, बलराम, अदित्य, विशेष, प्रिंस, उज्जवल, यश, अक्षय, तथा प्रशांत, परिजोत, सुभम, मनजीत, दिपान्शु , हितेश व अमन राव थे। लड़को और लड़कियों ने कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया ।



# यूडीएफ हरियाणा अध्यक्ष डॉ अमित को मिला डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सेवा सम्मान अवार्ड

**नई दिल्ली।** यूनाइटेड डॉक्टर्स फ्रंट (यूडीएफ) ने अपना प्रतिष्ठित राष्ट्रीय सम्मेलन यूडीएफकॉन 2025 का भव्य आयोजन कंस्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया(नई दिल्ली) में सफलता पूर्वक संपन्न किया। इस अवसर पर देशभर से आए प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्तियों, स्वास्थ्य विशेषज्ञों, नीति निर्माताओं और मेडिकल छात्रों ने भाग लिया। सम्मेलन का उद्घाटन केंद्रीय श्रम, रोजगार एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया द्वारा मुख्य अतिथि के रूप में दीप प्रज्वलन एवं वंदना के साथ किया गया। डॉ. मांडविया ने विशेष रूप से तंबाकू मुक्त भारत अभियान और मोटापा मुक्त भारत अभियान की सराहना की, जो कि सरकार के फिट इंडिया आंदोलन के साथ कदम से कदम मिलाकर चलते हैं।अपने संबोधन में उन्होंने डॉ. लक्ष्य मित्तल, राष्ट्रीय अध्यक्ष – यूनाइटेड डॉक्टर्स फ्रंट एवं आयोजन अध्यक्ष का भी आभार जताया। इस आयोजन के दौरान चिकित्सा एवं समाज में असाधारण योगदान के लिए यूडीएफ हरियाणा प्रदेशाध्यक्ष डॉ अमित व्यास को 'डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम सेवा सम्मान' से पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया जी,डॉ.बी. एन. गंगाधर,अध्यक्ष – राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी), प्रो. (डॉ.) बी. श्रीनिवास, उप-महानिदेशक – स्वास्थ्य सेवाएं जैसे प्रतिष्ठित अतिथियों की उपस्थिति ने इस क्षण को और भी प्रेरणादायक बना दिया। डॉ व्यास ने बताया कि उनके लिए यह अत्यंत गौरव का क्षण है कि लेकिन यह सम्मान केवल मेरा नहीं यह उन तमाम डॉक्टरों, मेडिकल स्टूडेंट्स और स्वास्थ्यकर्मियों की निडरता, सेवा और संघर्ष की पहचान है, जो हर दिन अपने कर्तव्य को निभाने के लिए हर चुनौती का सामना कर रहे हैं।

## पेज एक का शेष

### देश भर में आज...

मंत्रालय ने 5 मई को सभी राज्यों को मॉक ड्रिल कराने के आदेश जारी किए थे। दिल्ली में गृह मंत्रालय में हुई हाईलेवल मीटिंग में मॉक ड्रिल की तैयारियों की समीक्षा की गई। इसमें राज्यों के मुख्य सचिव और सिविल डिफेंस चीफ समेत कई हाई रैंक ऑफिसर मौजूद थे। अभ्यास का मुख्य उद्देश्य युद्ध, मिसाइल हमलों या हवाई बमबारी जैसी आपात परिस्थितियों से निपटने के लिए आम नागरिकों और सरकारी तंत्र की तैयारियों की जांच करना है। सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल एक ऐसा अभ्यास होता है जिसमें वास्तविक परिस्थितियों की तरह ही हवाई हमले के सायरन बजाए जाते हैं, शहरों को ब्लैकआउट किया जाता है, नागरिकों को सुरक्षित आश्रयों में ले जाया जाता है और इमरजेंसी टीमें अपनी भूमिका निभाती हैं। इसका मकसद नागरिकों में जागरूकता बढ़ाना और आपदा के समय घबराहट, भ्रम और नुकसान को कम करना होता है। यह एक नई रणनीति का पहला कदम है, जिसके तहत शांति काल में भी वैश्विक स्तर पर रणनीतिक तैयारी को मजबूत किया जा रहा है, ताकि संकट की स्थिति में सरकार और आम जनता पूरी तरह तैयार रहें।

**कमजोर हो सकता है मोबाइल नेटवर्क:** ड्रिल के दौरान कुछ क्षेत्रों में अस्थायी रूप से बिजली बंद की जा सकती है, मोबाइल नेटवर्क कमजोर हो सकते हैं या यातायात का रुख बदला जा सकता है। पुलिस और अर्धसैनिक बल आपातकालीन स्थितियों की मॉक प्रतिक्रिया के तहत गतिविधियां कर सकते हैं।

### मॉक ड्रिल में क्या-क्या होगा

- पब्लिक वार्निंग सिस्टम की जांचः सायरनों के माध्यम से जनता को सतर्क करने की व्यवस्था की जांच की जाएगी।
- टेलीफोन और रेडियो लिंक परीक्षणः भारतीय वायुसेना के साथ हॉटलाइन और रेडियो कम्युनिकेशन की जांच।
- कंट्रोल और शैडो रूम की तैयारीः आपातकालीन समन्वय के लिए बनाए गए कंट्रोल रूम की कार्यप्रणाली का परीक्षण।
- नागरिकों का प्रशिक्षणः छात्रों को आत्मरक्षा की जानकारी और सीमित संघर्ष की स्थिति में सुरक्षा उपाय सिखाए जाएंगे।
- ब्लैकआउट तकनीकः आपात स्थिति में बिजली की आपूर्ति बंद कर ब्लैकआउट की प्रक्रिया का अभ्यास।
- कैमोफ्लाज की तैयारीः संभावित हमले से बचाने के लिए महत्वपूर्ण संस्थानों को ढकने की कवायद।
- रेस्क्यू टीम की प्रतिक्रियाः फायर ब्रिगेड, बचाव दल, मरम्मत कर्मियों और सिविल वार्डनों की तैनाती और क्रियाशीलता की निगरानी।
- निकासी योजनाओं की समीक्षाः आपात स्थिति में लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाने की रणनीति का परीक्षण।

### वायुसेना ने जारी....

किया है क्योंकि सीमा पर लड़ाकू विमानों की गतिविधि, लाइव फायरिंग और अन्य

सैन्य अभ्यास होने वाला है। इससे न सिर्फ हवाई यातायात को सुरक्षित रखा जाता है बल्कि यह दुश्मन के लिए एक कड़ा संदेश भी होता है कि भारत हर स्थिति के लिए तैयार है।

### पानी, दवाएं और टॉर्च...

मोबाइल सेवाएं कुछ समय के लिए बाधित होती हैं, तो लोग रेडियो और आधिकारिक संचार चैनलों से अपडेट लेते रहें।

### कतर ने कहा-आतंक ...

संवेदना और एकजुटता व्यक्त की। उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई और अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाने के लिए भारत की सभी कार्रवाइयों में पूर्ण समर्थन व्यक्त किया। प्रधानमंत्री ने एकजुटता और समर्थन के स्पष्ट संदेश के लिए शेख तमीम बिन हमद अल-थानी को धन्यवाद दिया।

### दिल्ली के हर जिले में पांच...

गई है। डीसीपी अपने जिलों में व्यवस्थाओं की व्यक्तिगत रूप से निगरानी कर रहे हैं। वे सहायक पुलिस आयुक्तों (एसीपी) और स्टेशन हाउस अधिकारियों (एसएचओ) के साथ बैठकें कर रहे हैं।

### पाकिस्तान से लगी भारत...

रक्षा प्रतिष्ठान के सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि भारत और पाकिस्तान के बीच जारी मौजूदा तनाव के दौर में यह युद्धाभ्यास किया जा रहा है। जिसके लिए भारत की नागरिक उड्डयन एजेंसियों ने पहले ही एक हवाई अलर्ट यानी नोटम (एनओटीएएम) जारी किया हुआ है। यहां बता दें कि मौजूदा हालात के बीच देश के सीमाई इलाकों में वायुसेना हालांकि पहले से ही पूरी मुस्तैदी के साथ तैनात है। उसका जंगी बेड़ा नियमित रूप से अपनी हवाई निगरानी उड़ानों के जरिए दुश्मन की हर छोटी-बड़ी हरकत पर पैनी नजर बनाए हुए है। लेकिन इन सबके बीच उक्त युद्धाभ्यास के जरिए उसकी सैन्य-रणनीतिक तैयारियों को मजबूती मिलेगी। तनाव के दौर में बीते दिनों वायुसेना द्वारा केंद्रीय सेक्टर में आक्रमण युद्धाभ्यास भी किया गया है।

**पीएम लगातार कर रहे उच्च स्तरीय बैठकें :** इसी संदर्भ में पिछले महीने 29 अप्रैल को हुई उच्च स्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीनों सेनाओं को रक्षात्मक रूप से भारत की जवाबी कार्रवाई करने के लिए खुली रणनीतिक छूट प्रदान की है। जिसमें वह अपनी स्वेच्छा से समय, लक्ष्य और अभियान की प्रक्रिया का चुनाव कर सकेंगी। बीते दिनों में सैन्य बलों की रणनीतिक तैयारियों को परखने के लिए पीएम मोदी ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, वायुसेनाप्रमुख एयरचीफ मार्शल ए.पी.सिंह, नौसेनाप्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी, सेनाप्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी और प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान के साथ बैठकें की हैं।

### दो दिवसीय होगा युद्धाभ्यास...

करते हुए सटीकता के साथ उन्हें नेस्तनाबूद करने का अभ्यास करेगी। वर्तमान में दोनों देशों के सशस्त्र सेनाएं हाईअलर्ट पर हैं। पहलगाम हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कई सख्त कदम उठाए हैं। साथ ही हमले के गुनहगारों को कड़ी सजा देने का ऐलान भी किया है।

### 24 घंटे में एनएसए डोभाल...

जनरल अनिल चौहान और सेना, नौसेना और वायु सेना प्रमुखों के साथ कई उच्च स्तरीय बैठकें की हैं, जिससे लश्कर आतंकी समूह के खिलाफ सैन्य कार्रवाई की चर्चा तेज हो गई है। पिछले हफ्ते प्रधानमंत्री ने डोभाल और जनरल चौहान से मुलाकात की और सशस्त्र बलों को भारत की सैन्य प्रतिक्रिया के तरीके, लक्ष्य और समय पर निर्णय लेने की पूरी आजादी दी।

**यूएनएससी में पाकिस्तान ने फिर मुंह की खाई :** कश्मीर पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएसी) की बंद कमरे में बैठक पर संयुक्त राष्ट्र में भारत के पूर्व स्थायी प्रतिनिधि सैयद अकबरुद्दीन ने मंगलवार को कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, अंतरराष्ट्रीय समुदाय में पाकिस्तान की वास्तविक स्थिति यह है कि कोई भी देश उसकी बातों को गंभीरता से नहीं लेता। इस बार भी पाकिस्तान बे-बेआबरू होकर लौटा है। हालात ये हैं कि उसके परमाणु हथियार और सिंधु जल समझौते के निलंबन पर हमले की धमकी का भारत पर कोई असर नहीं होता है। अकबरुद्दीन ने कहा, बहुपक्षीय संगठनों का इस्तेमाल करके दुनिया का ध्यान आकर्षित करने का पाकिस्तान का प्रयास नया नहीं है। पाकिस्तान ने सोचा कि इसके जरिए वह भारत-पाकिस्तान के मुद्दे को फिर से अंतरराष्ट्रीय मंच पर लाकर चर्चा का विषय बना सकता है। लेकिन यह केवल एक दिखावा था। उन्होंने कहा कि परिषद ने उसके मामले को स्वीकार ही नहीं किया। उन्होंने कहा, यह पाकिस्तान के लिए एक बड़ा झटका है, जो महीनों से 15 देशों के साथ मिलकर इस मुद्दे पर काम कर रहा था। फिर पता चला कि जो वह चाहता है, उसे स्वीकार नहीं किया जा रहा है।

### हरियाणा सरकार ...

कॉरिडोर ने 55 किलोमीटर सेक्शन पर सफल संचालन रहा है और लोगों की अत्यधिक सकारात्मक प्रतिक्रिया आई है। मुख्यमंत्री ने सुझाव दिया कि नमो भारत कॉरिडोर का डिजाइन भविष्य के लिए तैयार होना चाहिए और सिस्टम की उपयोगिता बढ़ाने के लिए मेट्रो सिस्टम के साथ कुशल एकीकरण सुनिश्चित किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने दिल्ली-गुरुग्राम-एसएनबी और दिल्ली-पानीपत-करनाल कॉरिडोर से संबंधित अलाइनमेंट, स्टेशनों और भूमि आवश्यकताओं की समीक्षा की। उन्होंने विभागों को परियोजनाओं की शीघ्र शुरुआत सुनिश्चित करने के लिए एनसीआरटीसी को आवश्यक सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने प्रस्तावित गुरुग्राम-फरीदाबाद-नोएडा नमो भारत कॉरिडोर के अलाइनमेंट की भी समीक्षा की और अधिकारियों को विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने के लिए एनसीआरटीसी को आवश्यक अनुमोदन और सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया। उल्लेखनीय है कि नमो भारत ट्रेन लगभग 1 घंटे में 90 किमी की दूरी तय करते हुए हाई स्पीड कनेक्टिविटी सुनिश्चित करती है। यह गाजियाबाद और गुरुग्राम के बीच यात्रा के समय को सड़क मार्ग से 100 मिनट से घटाकर सिर्फ 37 मिनट कर देगा। यह हरियाणा से दिल्ली हवाई अड्डे तक तेज़ और सीधी पहुँच भी प्रदान करेगा। नमो भारत ट्रेन की अधिकतम डिज़ाइन गति 180 किमी प्रति घंटा है, जिसमें 5-10 किमी की अंतर-स्टेशन दूरी और हर 5-10 मिनट में ट्रेन की आवृत्ति है। इसमें प्लेटफ़ॉर्म स्क्रीन डोर और स्वचालित किराया संग्रह प्रणाली भी होगी।

### इस साल के अंत तक भारत...

अर्थव्यवस्था बनी थी। आईएमएफ ने पिछले महीने जारी अपने ग्लोबल इकोनॉमी आउटलुक में कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था के वास्तविक रूप से 6.3 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है, जबकि पहले 6.5 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया गया था।

**ब्रिटेन को पछाड़ चुका है भारत :** भारत का चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरना वैश्विक आर्थिक व्यवस्था में व्यापक बदलाव का संकेत है। आईएमएफ के अनुमानों के अनुसार, भारत की अर्थव्यवस्था 2030 तक जर्मनी की तुलना में 20% बड़ी होने का अनुमान है, जो 6.8 ट्रिलियन तक पहुंच जाएगी, और जापान की तुलना में 33% से अधिक बड़ी होगी। 2020 में, भारत ब्रिटेन को पछाड़कर पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ने अगले चार वर्षों में अर्थव्यवस्था में 10.1% की वृद्धि का अनुमान लगाया है।

### सीमाओं पर मजबूत तैनाती...

वर्तमान में होने वाली कवायद में सैन्य बलों की भूमिका-भागीदारी को समझा। जिससे हम अपने पाठकों के साथ इस जटिल विषय के बारे में जरूरी जानकारी साझा कर सकें।

**तनाव के हालात में मॉक ड्रिल करना जरूरी :** सेना के सेवानिवृत्त अधिकारी मेजर जनरल एस.बी.एस अस्थाना ने बताया, वर्तमान समय में भारत-पाकिस्तान की सीमा पर जिस तरह से तनावपूर्ण हालात बने हुए हैं। उनके बीच इस तरह की मॉक ड्रिल करना बेहद जरूरी हो जाता है। क्योंकि तनाव के बीच भारत आतंकवादियों को सबक सिखाने के लिए भविष्य में जो भी एक्शन लेगा तो उसकी दुश्मन की तरफ से भी व्यापक प्रतिक्रिया हो सकती है। उदाहरण के लिए शत्रु का कोई विमान अगर गैर जिम्मेदारी के साथ हमारी मानव आबादी पर हमला करता है। तो उसका प्रभाव या नुकसान कम से कम हो, लोगों को बमबारी के वक्त अपनी सुरक्षा और बचाव के उपायों के बारे में पहले से पता हो। इसकी तैयारी के लिए ही मॉक ड्रिल की जाती हैं।

**हवाई खतरों से निपटेगी वायुसेना :** वायुसेना के सेवानिवृत्त अधिकारी एयर मार्शल बी.के.पांडे ने कहा कि वायुसेना का काम हवाई खतरों से निपटना होता है। दुश्मन का कोई जहाज सीमा पार हमारे इलाके में घुसने की कोशिश करेगा। तो उसे बल के रडार व अन्य एयर डिफेंस सिस्टम पकड़ेंगे और उसके बाद वायुसेना के जंगी विमान तुरंत कार्रवाई करते हुए लक्ष्य पर निशाना लगाकर उसे नेस्तनाबूद कर देंगे। सूत्रों ने कहा कि पाक संग हुई पिछली लड़ाईयों के दौरान मॉक ड्रिल में वायुसेना का एयर डिफेंस सिस्टम एक्टिवेट था, बड़े-बड़े गड्ढे खोदे गए थे, ब्लैकआउट होता था। लेकिन आज के हालात में वायुसेना हाईअलर्ट पर है, जिसमें वह मल्टीलेयर्ड सुरक्षा घेरे को ध्यान में रखे हुए हैं, जंगी विमान मोर्चे पर डटे हुए हैं। आपात परिस्थिति में अगर दुश्मन का कोई विमान दिखाई पड़ता है तो वह उस इलाके में ग्राउंड पर मौजूद स्थानीय प्रशासन को सूचित करेगा। जिससे वह बमबारी जैसे हालात में बचाव इत्यादि की जरूरी तैयारी रखेंगे।

**नौसेना करेगी प्रशासन की मदद :** पूर्व नौसेनाप्रमुख एडमिरल अरुण प्रकाश ने कहा कि मॉक ड्रिल का अर्थ यह है कि युद्ध की स्थिति में कैसे देश की जनता अपना बचाव करे? अभी फिलहाल शांतिकाल की है, जिसमें ये मॉक ड्रिल हो रही है। इसमें अगर स्थानीय प्रशासन की तरफ से मदद के लिए कोई निवेदन किया जाता है तो उसमें नौसेना द्वारा सहयोग या सलाह दी जा सकती है। क्योंकि हमारी विभिन्न कमांड में अस्पताल हैं, फायर ब्रिगेड की सुविधा है, जिनकी मदद ली जा सकती है। उन्होंने कहा कि नौसेना की पश्चिमी कमांड मुंबई में है और उसका इलाका स्थानीय आबादी से घिरा हुआ है। ऐसे में यह मॉक ड्रिल वहां पर काफी सहायक साबित हो सकती है। दूसरी तरफ मुश्किल हालात में बल का पूरा ध्यान देश की समुद्री सीमाओं की सुरक्षा पर ही केंद्रित रहेगा।

### सीमा के पास और दूर ...

ये लड़ाई की जद में आ सकते हैं तो उन्हें युद्ध से थोड़ा पहले या कभी युद्ध की घोषणा के साथ ही खाली कराना पड़ता है। ऐसे में सेना के जंगी हथियारों, वाहनों के दस्ते और आम लोगों की आवाजाही सुचारू बनाने का अभ्यास भी मॉक ड्रिल का हिस्सा है। 1971 और यूक्रेन युद्ध में भी मॉक ड्रिल हुई थीं। मॉक ड्रिल जरूरी क्योंकि इससे आपात परिस्थिति में सभी को पता रहेगा कि किसे क्या करना है? किसी तरह की अफरातफरी या भगदड़ नहीं मचेगी। सीमा से अंदर इलाकों में किसी इमारत, संस्थान पर बमबारी का आभास होने पर उससे बाहर निकलकर किसी गड्ढे में छिपने, एयर सायरन बजने पर नजदीकी मेट्रो स्टेशन में जाने का अभ्यास कराया जाता है। मॉक ड्रिल में एनसीसी और पूर्व सैन्यकर्मियों का भी इस्तेमाल किया जा सकता है।

### अखिलेश ने राजा भैया पर फैसला बदलना मानी अपनी गलती



**लखनऊ।** अभी तक राजा भैया को पहचानने से इनकार करने वाले सपा मुखिया अखिलेश यादव ने पहली बार कुंडा से विधायक राजा भैया के खिलाफ सबसे बड़ा हमला बोला है। उन्होंने राजा भैया का बिना नाम लिए कहा कि मायावती ने उस समय कुछ फैसले लिए थे, मुझे वह फैसले बदलने नहीं चाहिए थे। उन्होंने कहा कि हालांकि यह मौका कहने का नहीं है। दरअसल, प्रतापगढ़ की कुंडा विधानसभा सीट से सपा प्रत्याशी गुलशन यादव के खिलाफ लगातार मुकदमे और कुर्की की कार्रवाई हो रही है। इस कार्रवाई को लेकर सपा मुखिया ने कुंडा से राजा भैया को आड़े हाथों लिया है। हालांकि, अपने बयान के दौरान उन्होंने राजा भैया का नाम नहीं लिया है।

### सीएम आवास के बाहर जुटे थे अभ्यर्थी पुलिस ने दौड़ा-दौड़ा कर उन्हें पीटा

**पटना।** पटना में पुलिस ने लाठीचार्ज किया है। पुलिस ने यहां बीपीएससी TRE-3 के अभ्यर्थियों पर लाठियां चटकाई गई हैं। बताया जा रहा है कि बीपीएससी अभ्यर्थी पटना में सीएम नीतीश कुमार के आवास का घेराव और प्रदर्शन करने के लिए पहुंचे थे।

पुलिस ने छात्रों को वहां से हटने की चेतावनी दी थी। लेकिन बीपीएसी अभ्यर्थी सीएम आवास के बाहर से हटने के लिए तैयार नहीं थे। इसके बाद मजबूरन पुलिस ने लाठीचार्ज किया। कड़ी धूप के बावजूद यहां पुरुष और महिला अभ्यर्थी सीएम आवास का घेराव करने आए थे। बताया जा रहा है कि कड़ी धूप की वजह से कुछ महिला अभ्यर्थी मूर्छित भी हो गई थीं। महिला अभ्यर्थियों ने कहा कि हम सिर्फ एक मौका चाहते हैं कि सीएम नीतीश हमसे मिल लें। सीएम नीतीश कुमार महिला संवाद के लिए जाते हैं लेकिन हम उनके घर आएं हैं तो वो हमसे नहीं मिल रहे हैं।

## चिंतन

# सड़क दुर्घटनाओं के पीड़ितों के लिए कैशलेस योजना वरदान

देश में सड़क दुर्घटना के पीड़ितों को निर्दिष्ट अस्पतालों में पहले सात दिन के लिए डेढ़ लाख रुपये तक के कैशलेस उपचार की सुविधा मानव सुरक्षा के लिहाज से जनकल्याणकारी कदम है। विश्व में सबसे अधिक सड़क दुर्घटनाएं भारत में होती हैं। तमाम सरकारी प्रयासों के बावजूद सड़क हादसे कम नहीं हो रहे हैं, ये सालाना स्तर पर प्रति वर्ष करीब 12 फीसदी की दर से बढ़ रहे हैं। प्रति वर्ष औसत 4.5 लाख से अधिक सड़क हादसे हो रहे हैं। इनमें करीब दो लाख लोगों की अकाल मृत्यु हो जाती है और करीब 4.5 लाख लोग घायल हो जाते हैं। मौतों में 9 फीसदी व घायलों में 15 फीसदी की बढ़ोत्तरी दर्ज हो रही है। सड़क दुर्घटना के बाद अगर पीड़ितों को जल्द अस्पताल पहुंचा दिया जाय तो हजारों लोगों को मौत से और लाखों लोगों को अपंग होने से बचाया जा सकता है। देखा गया है कि सड़क दुर्घटना के सबसे अधिक शिकार परिवार के कामकाजी व युवा होते हैं। इसलिए हादसे का समाज पर आर्थिक असर गहरा है। ऐसे में पांच मई से लागू सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए कैशलेस उपचार योजना घायलों की जीवनरक्षा के लिए वरदान साबित होगी। अक्सर देखा जाता है कि पैसे के चलते अस्पताल इलाज करने में आनाकानी करते हैं। सड़क हादसे के पीड़ितों के लिए नकदी रहित इलाज योजना व्यापक प्रभाव पैदा करेगी। इस योजना का उद्देश्य समय पर चिकित्सा सहायता न मिलने के कारण हर वर्ष सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों की संख्या को कम करना है और पीड़ितों को संभावित स्थाई अपंगता से बचाना है। देशभर में किसी भी सड़क पर मोटर वाहन से दुर्घटना का शिकार होने वाला कोई भी व्यक्ति इस योजना के प्रावधानों के अनुसार कैशलेस उपचार का हकदार होगा। इस योजना के अंतर्गत निर्दिष्ट अस्पताल के अलावा किसी अन्य अस्पताल में उपचार केवल पीड़ित की हालत स्थिर करने के उद्देश्य से और दिशानिर्देशों के अनुसार ही होगा। राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (एनएचए) को पुलिस, अस्पतालों और राज्य स्वास्थ्य एजेंसियों के साथ समन्वय कार्यक्रम के लिए कार्यान्वयन एजेंसी बनाया गया है। राज्य सड़क सुरक्षा परिषद उस राज्य या केंद्र शासित प्रदेश के लिए योजना के कार्यान्वयन के लिए नोडल एजेंसी होगी और निर्दिष्ट अस्पतालों को शामिल करने, पीड़ितों के उपचार, उपचार पर निर्दिष्ट अस्पताल को भुगतान एवं संबंधित मामलों के लिए पोर्टल को अपनाने तथा उपयोग के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के साथ समन्वय करने को लेकर जिम्मेदार होगी। सरकार ने योजना के कार्यान्वयन की निगरानी के लिए सड़क सचिव के अधीन 11 सदस्यीय एक संचालन समिति भी गठित की है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने 14 मार्च, 2024 को सड़क दुर्घटना पीड़ितों को कैशलेस उपचार प्रदान करने के लिए चंडीगढ़ में एक पायलट कार्यक्रम शुरू किया था, जिसे बाद में छह राज्यों तक विस्तारित किया गया। हाल में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा था कि वर्ष 2023 में 4.80 लाख सड़क दुर्घटनाओं में 1.72 लाख लोगों की मौत हो गई। देश में 5 साल में सड़क हादसों में 7.77 लाख मौतें हुई हैं। वर्ष 2021 तक एक दशक में करीब 13 लाख से अधिक लोगों की मृत्यु सड़क हादसे में हुई व 50 लाख लोग घायल हुए थे। सरकार ने वर्ष 2024 तक सड़क हादसे में 50 फीसदी कमी लाने का लक्ष्य रखा था, पर यह नहीं हो सका। देर से ही सही, पर सरकार जागी है और हादसे पीड़ितों के इलाज के लिए कैश्लेस योजना लेकर आई, लेकिन इस योजना के दुरूपयोग को रोकने के उपाय भी सुनिश्चित करने होंगे।

## सोशल मीडिया
सुनील कुमार महला



# ट्रोलर्स दूसरों की निजता व गरिमा का भी ख्याल रखें

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम हमले में अपने पति, भारतीय नौसेना के लेफ्टिनेंट विनय नरवाल को खोने वाली हिमांशी नरवाल को हाल ही में ट्रोलर्स ने निशाना बनाया। दरअसल, वह लगातार शांति की अपील कर रही थी और उन्होंने पत्रकारों के सामने यह बात कही थी कि-'हम नहीं चाहते कि लोग मुसलमानों या कश्मीरियों के ख़िलाफ़ जाएं। हम शांति चाहते हैं और केवल शांति। बेशक, हम न्याय चाहते हैं, जिन्होंने ग़लत किया है उन्हें सज़ा मिलनी चाहिए।' यह बहुत ही अफसोसजनक है कि मुसलमानों या कश्मीरियों के खिलाफ नफरत न फैलाने की अपील करने वाली हिमांशी नरवाल को ट्रोलर्स द्वारा निशाना बनाया गया और उन पर अभद्र टिप्पणियां की गईं, यहां तक कि उन्हें हिंसा की धमकियां भी दी गईं। हिमांशी नरवाल ही नहीं, एक बच्ची से दरिंदगी के खिलाफ सड़क पर उतरे लोगों की मर्यादाहीन भाषा पर एतराज जताने वाली शैला नेगी को भी अभद्र टिप्पणियों और धमकियों का सामना करना पड़ा। यहां पाठकों को यह बताता चलूं कि नैनीताल में मचे बवाल (मुस्लिमों को गाली दे रहे प्रदर्शनकारियों से भिड़ने पर) के बीच एक स्थानीय महिला शैला नेगी का वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुआ। वीडियो के वायरल होने के बाद शैला नेगी को रेप तक की धमकी दी गई। बहरहाल, इससे बड़ी बात भला और क्या हो सकती है कि सोशल मीडिया आज धमकियों का प्लेटफार्म बन चुका है। वास्तव में, सोशल मीडिया पर आज किसी को भी ट्रोल करना, किसी व्यक्ति विशेष पर ऊल-जलूल और अभद्र टिप्पणियां करना, धमकियां देना, जो भी मन में आए वह कंटेंट डाल देना जैसी बातें आम हो चली हैं। कहना ग़लत नहीं होगा कि आज के समय में हम पाश्चात्य संस्कृति में जीने लगे हैं और भारतीय संस्कृति और इसके नैतिक मूल्यों, आदर्शों और प्रतिमानों को लगातार भूलते चले जा रहे हैं। सच तो यह है कि सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव के साथ ही आज हमारे समाज से नैतिक मूल्यों में निरंतर गिरावट देखी जा रही है। आज सोशल मीडिया के अत्यधिक उपयोग से लोगों में सहानुभूति की कमी, साइबर बुलिंग (बिना किसी डर के दूसरों को निशाना बनाना) और व्यक्तिगत जीवन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। लोग अब अपनी निजता का सम्मान नहीं करते हैं और दूसरों की भावनाओं की बिल्कुल भी परवाह नहीं करते हैं कि वे एक सार्वजनिक मंच पर क्या कह रहे हैं और वास्तव में उन्हें क्या कहना चाहिए और क्या नहीं कहना चाहिए तथा इसका समाज और देश पर क्या और किस कदर प्रभाव पड़ सकता है? वास्तव में होना तो यह चाहिए कि सोशल मीडिया पर हम दूसरों के प्रति सम्मान और सहानुभूति दिखाएं, और उनके विचारों का सम्मान करें। सोशल मीडिया पर ग़लत सूचनाओं, जानकारी को शेयर ना करें और सोशल मीडिया पर अपने समय को सीमित करते हुए हम व्यक्तिगत जीवन को प्राथमिकता दें। आज ट्रोलर्स सोशल नेटवर्किंग साइट्स पर ऐसा बर्ताव करते हैं, जिसके सामने कोई नियम-कायदा, नैतिकता या मर्यादा नहीं टिकती। हिमांशी नरवाल और शैला नेगी इसी ट्रेंड का शिकार हुई। वास्तव में ट्रोलर्स को अपनी बात रखने, अपनी अभिव्यक्ति देने की अपनी आजादी तो नजर आती है, लेकिन इस दौरान उन्हें सामने वाले के अधिकार और उसकी गरिमा, नैतिकता आदि का ध्यान नहीं रहता। यह बात ठीक है कि किसी व्यक्ति विशेष की बातों से सहमत या असहमत हुआ जा सकता है, लेकिन इसे व्यक्त करने का तरीका शालीन, सभ्य व नैतिकता को ध्यान में रखने वाला होना चाहिए। वास्तव में सोशल मीडिया पर कंटेंट जानकारी परक, अच्छा, प्रासंगिक, विशिष्ट, मर्यादित होना चाहिए। कहना ग़लत नहीं होगा कि सोशल मीडिया पर अमर्यादित और अभद्र भाषा का इस्तेमाल तो बिल्कुल भी स्वीकार्य नहीं है। हमें यह याद रखना चाहिए कि सोशल मीडिया का दायरा बहुत ही व्यापक है और जब हम कोई बात ऐसे मंच पर कहते हैं तो यह बहुत दूर तक जाती है। इसलिए सोशल मीडिया इस्तेमाल करते समय इसके प्रभाव और पहुंच को लेकर हमेशा सतर्क व पूर्ण जागरूक रहना चाहिए। ऐसा भी नहीं है कि हिमांशी नरवाल और शैला नेगी को सोशल मीडिया पर सपोर्ट करने वाले लोग नहीं हैं लेकिन दुखद बात यह है कि ग़लत चीजों को सपोर्ट करने वाले लोग आज कहीं अधिक नजर आते हैं। आज जरूरत इस बात की है कि सोशल मीडिया के सही उपयोग पर गाइडलाइंस बनाईं जाएं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को अपनी सामग्री पर निगरानी रखने और गलत सूचना को रोकने के लिए कदम उठाने चाहिए। वहीं,आम आदमी को भी चाहिए कि वे सोशल मीडिया के सकारात्मक और नकारात्मक पहलुओं को समझें।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार व स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# भारत से दुश्मनी पाक के डीएनए में



**विश्लेषण**
कृष्ण प्रताप सिंह

> भारत से दुश्मनी पाकिस्तान के डीएनए में शामिल है और इस दुश्मनी का अक्लमंदी से विलोम सम्बन्ध है। तभी तो उसके लिए इशारा तो क्या, वह 'सीख' भी काफी नहीं सिद्ध हो पा रही, जो उसके राष्ट्रपति (सदर) फील्ड मार्शल अयूब खां ने भारत से 1965 के युद्ध में तब दी थी, जब तत्कालीन प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री के नेतृत्व में भारत ने उन्हें दिन में तारे दिखाते हुए अपनी सेनाएं लाहौर तक पहुंचा दी थीं। भारत पर नाहक हमले के अपने दुस्साहस का ऐसा जवाब पाकर अयूब खां ने अपने मंत्रियों से कहा था कि मैं पाकिस्तान 50 लाख कश्मीरियों के लिए 10 करोड़ पाकिस्तानियों की ज़िंदगी कभी ख़तरे में नहीं डालेगा, लेकिन पाक तभी से इसे समझने से लगातार इनकार करता रहा है।

कहावत है कि अक्लमंद के लिए इशारा काफी होता है, लेकिन यह कहावत जैसे पाकिस्तान पर लागू नहीं होती। इसलिए कि भारत से दुश्मनी उसके डीएनए में शामिल है और इस दुश्मनी का अक्लमंदी से विलोम सम्बन्ध है। तभी तो उसके लिए इशारा तो क्या, वह 'सीख' भी काफी नहीं सिद्ध हो पा रही, जो उसके राष्ट्रपति (सदर) फील्ड मार्शल अयूब खां ने भारत से 1965 के युद्ध में तब दी थी, जब तत्कालीन प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री के नेतृत्व में भारत ने उन्हें दिन में तारे दिखाते हुए अपनी सेनाएं लाहौर तक पहुंचा दी थीं। भारत पर नाहक हमले के अपने दुस्साहस का ऐसा जवाब पाकर अयूब खां की घिग्घी कुछ इस तरह बंध गई थी कि वे अपने मंत्रिमंडल की बैठक में भी उसका बंधना नहीं भुला पाये थे। तब उन्होंने अपने मंत्रियों से कहा था कि मैं चाहता हूँ कि यह समझ लिया जाए कि पाकिस्तान 50 लाख कश्मीरियों के लिए 10 करोड़ पाकिस्तानियों की ज़िंदगी कभी ख़तरे में नहीं डालेगा...कभी नहीं। लेकिन पाकिस्तान तभी से इसे समझने से लगातार इनकार करता रहा है।

दरअसल, 22 दिनों के उस युद्ध में पाकिस्तान के 3,800 सैनिक मारे गए थे और भारत ने उसके 1840 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र पर कब्ज़ा कर लिया था। अयूब के लिए यह कब्ज़ा सर्वथा अकल्पनीय था क्योंकि हमले से पहले उन्होंने सोचा था कि जो भारत अभी तीन साल पहले चीन से लड़कर बुरी तरह मुंह की खा और भारी नुक़सान उठा चुका है, उसका मनोबल इतना कम होगा कि पाकिस्तान के सामने दो दिन भी मुश्किल से टिक पायेगा।

अयूब लाल बहादुर शास्त्री के ठिगने कद को लेकर प्रायः उनका मजाक उड़ाया करते और कहा करते थे कि यह आदमी तो बात करने लायक ही नहीं है। इसीलिए उन्होंने हमले से पहले प्रस्तावित अपनी दिल्ली यात्रा रद कर दी थी और शास्त्री जी पाकिस्तान गये तो उनका यथोचित आदर भी नहीं किया था। वे इस गुमान में फूले हुए थे कि उनके हमले के बाद शास्त्री भारत की सेनाओं को अंतरराष्ट्रीय सीमा पार कराने या उनसे लाहौर की तरफ नया मोर्चा खुलवाने का सपना तक नहीं देख पायेंगे, जबकि पाक चहलकदमी करते हुए दिल्ली पहुंच जायेगा। दरअसल, 1947-48 के प्रथम जम्मू-कश्मीर युद्ध में अयूब का देश गिलगिट व बाल्टिस्तान समेत कश्मीर के लगभग एक तिहाई हिस्से पर कब्जा जमाकर उसे बरकरार रखने में कामयाब हो गया था, क्योंकि 01 जनवरी,1949 को संयुक्त राष्ट्र संघ का युद्धविराम प्रस्ताव औपचारिक तौर पर लागू होने तक भारत की सेनाएं वहां से उसे खदेड़ नहीं पाई थीं। जहां तक खदेड़ पाई थी, संयुक्त राष्ट्र संघ ने वहीं तक भारत की नियंत्रण रेखा बना दी थी। यह और बात है कि अपने हजारों सैनिक खोकर पाक को इस कब्जे की बड़ी क़ीमत चुकानी पड़ी थी। अयूब को लगता था कि 1965 में पाक सेनाएं कहीं ज्यादा तेजी से भारतीय इलाके पर कब्जा कर लेंगी और भारत के उनको पीछे हटा पाने से पहले ही युद्धविराम के लिए अंतरराष्ट्रीय दबाव बढ़ जायेगा और एक नई वास्तविक नियंत्रण रेखा बन जायेगी। लेकिन जिन शास्त्री जी को वे सटियाते नहीं थे, उनके द्वारा युद्ध के दौरान निष्कंप भाव से और तेजी से लिये गये फ़ैसलों ने अंततः अयूब को नानी याद दिला दी। शास्त्री जी ने भारतीय सेनाओं से कहा कि वे देश की रक्षा के लिए कुछ भी उठा न रखें और उन्हें




सिर्फ यह बतायें कि इसके लिए उन्हें क्या-क्या चाहिए। उनकी इस सदाशयता के उत्साह से भरी भारतीय सेना ने छह सितंबर,1965 की सुबह अमृतसर के रास्ते पाकिस्तानी पंजाब में घुसकर लाहौर तक पहुंचने का अपना अभियान शुरू किया तो दुश्मन को उसकी भनक तक नहीं लगने दी और कुछ ही घंटों में डोगराई के उत्तर में बड़े क्षेत्र पर क़ब्ज़ा कर इच्छोगिल नहर को पार कर लिया। अयूब ख़ां को इसकी खबर हुई तो उनकी आंखों के आगे अंधेरा छाने लगा।

उन्होंने आईएसआई के प्रमुख ब्रिगेडियर रियाज़ हुसैन को फ़ोन किया तो पाया कि इस बाबत उन्हें कोई जानकारी ही नहीं थी। बहरहाल, इसके बाद मजाक उड़ाने की बारी शास्त्री जी की थी। 26 सितंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान पर एक सभा में उन्होंने कहा, 'सदर अयूब ने एलान किया था कि वे दिल्ली तक चहलक़दमी करते हुए पहुंच जाएंगे। वो इतने बड़े आदमी हैं, लहीम-शहीम हैं। मैंने सोचा कि उनको दिल्ली तक पैदल चलने की तकलीफ़ क्यों दी जाए। हम ही लाहौर की तरफ़ बढ़कर उनका इस्तक़बाल करें।' यह तो सुविदित ही है कि बाद में ताशकंद में वार्ता की मेज पर अयूब ने गिड़गिड़ाते हुए शास्त्री जी से कहा कि समझौते में कुछ तो ऐसा कर दें, जिससे बेचारे पाकिस्तान जाकर मुंह दिखा सकें। शास्त्री जी ने कहा कि माफ कीजिए, सदर साहब, मैं आपकी यह सेवा नहीं कर सकता। यों धूल चाटने के बावजूद पाकिस्तान को नहीं सुधरना था और वह नहीं सुधरा। 1971 में पूर्वी पाकिस्तान (अब बंग्लादेश) के साथ अपने अंतर्विरोध नहीं सुलझा सका तो वहां भीषण कत्लोगारत के बाद तीन दिसम्बर, 1971 को खुन्नस में भारत पर एक और हमला कर दिया। फिर तो उसकी ऐसी शामत आई कि 16 दिसम्बर, 1971 को ढाका में जनरल अमीर अब्दुल्ला खान नियाजी के नेतृत्व में उसके 93 हजार से ज्यादा शस्त्र सज्जित सैनिकों को घुटनों के बल आकर आत्मसमर्पण कर देना पड़ा। दुनिया के इतिहास में अन्य किसी भी युद्ध में इतनी बड़ी संख्या में सैनिकों ने आत्मसमर्पण नहीं किया। वह भी जब उनके पास गोला-बारूद, हथियारों और रसद की कोई कमी नहीं थी। इस युद्ध के फलस्वरूप पाकिस्तान दो टुकड़ों में बंट गया। उसका पूर्वी हिस्सा बंगलादेश नाम से नया राष्ट्र बन गया। अनंतर, उसने कुटिलतापूर्वक भारत में आतंकवाद को प्रश्रय देने और उसके जरिये छद्म युद्ध लड़ने का रास्ता अपना लिया। फ़रवरी, 1999 में उसने दोहरी चाल चलकर एक ओर भारतीय प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को लाहौर बुलाकर दोनों देशों के बीच नए रिश्ते की शुरुआत का समझौता किया, तो दूसरी ओर कश्मीर में कारगिल की पहाड़ियों पर अपने सैनिकों की घुसपैठ करा दी। इस युद्ध में बुरी तरह हार के बाद नवाज शरीफ सरकार का तख्ता पलट हो गया और सेनाध्यक्ष परवेज मुशर्रफ ने सत्ता अपने हाथ में ले ली।

पाकिस्तान की बार-बार हारकर भी न सुधरने की प्रवृत्ति की कोई भी कहानी उसके विदेशमंत्री, प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति रहे जुल्फिकार अली भुट्टो के जिक्र के बगैर पूरी नहीं हो सकती। जब 1974 में भारत ने पोखरन में पहला परमाणु परीक्षण किया तो उन्हें फिर बहुत मिर्ची लगी। तब प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी घास खाकर गुजर कर लेंगे, लेकिन परमाणु बम बनाएंगे। लेकिन इससे पहले कि वे अपना यह 'सपना' पूरा कर पाते उनके सेना प्रमुख जनरल जिया-उल-हक ने उनको सत्ता से बेदखल कर दिया और एक राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी की हत्या के मामले में उन पर मुकदमा चलाकर 4 अप्रैल, 1979 को फांसी पर लटका दिया। अब, इस सबसे कोई सबक लिये बिना भुट्टो के नाती बिलावल भुट्टो जरदारी, भारत द्वारा सिंधु नदी जल समझौते को निलंबित करने से चिढ़कर कह रहे हैं कि सिंधु में पानी बहेगा या उनका (भारतीयों का) खून। यह तो हद है भाई।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# कैसे चेतना को विस्तृत करता है योग?



संकलित
**दर्शन**

योग के आठ अंग हैं और उनमें से मात्र एक अंग है शारीरिक मुद्राएं या आसन। योग मात्र व्यायाम नहीं है, इसमें मुख्य बात मन की समरसता को बनाए रखना है। जब आप कोई भी कार्य सजगता से करते हैं, तब आप इस बात के प्रति सजग होते हैं कि आप क्या कह रहे हैं। यही आपको योगी बनाता है। योग के प्रतिपादक पतंजलि ने बताया है कि योग का उद्देश्य दुख को आने से पहले ही दूर कर देना है। लालच, क्रोध, जलन, घृणा, निराशा आदि नकारात्मक भावनाओं को योग से मिटाया जा सकता है। जब आप खुश होते हैं, तब आप अपने भीतर एक विस्तार की भावना का अनुभव करते हैं। विफलता या अपमान की स्थिति में लगता है कि हमारे भीतर कुछ सिकुड़ गया है। इस पर ध्यान देना ही योग है, जिसका हमारे खुश हो जाने पर विस्तार होता है और जो हमारे दुखी हो जाने पर सिकुड़ जाता है। मन की इस स्थिति को परिवर्तित करने का रहस्य योग में है। यह आपको स्वतंत्र बनाता है। अपनी ही भावनाओं के द्वारा पीड़ित होने के बजाय आप जिस समय जैसा महसूस करना चाहते हैं, योग उसके लिए आपको शक्ति प्रदान करता है। योग निश्चित रूप से आपको अधिक जिम्मेदार बनाता है, क्योंकि योग से आपके भीतर ऊर्जा एवं उत्साह उत्पन्न होता है। आप तब जिम्मेदारी नहीं लेना चाहते हैं, जब आप थके हुए और तनावग्रस्त होते हैं। यदि आपने अपनी थकान और तनाव को संभाल लिया, तब आप निश्चित रूप से अधिक जिम्मेदारी उठाएंगे और आपके भीतर हल्कापन भी बना रहेगा।

# तुलसीदास जी द्वारा श्रीराम के दर्शन का उपाय



संकलित
**प्रेरणा**

एक ब्राह्मण दिनभर गोस्वामी जी के कुटिया के बाहर बैठकर लोभवश राम-राम रटता। संध्या के समय श्रीहनुमान जी उसे धन दे देते थे। एक वार उसने भगवान के दर्शन के लिए बड़ा हठ किया। गोस्वामी जी ने कहाः उसके लिए प्रेम और भाव चाहिए, संत की कृपा चाहिए। ऐसे ही एकदम भगवान नहीं मिलते। उसने कहाः आप समर्थ महापुरुष है, आप भगवान् के दर्शन करवा सकते है। वह हठ पर अड़ गया। गोस्वामी जी ने कहाः ठीक है यहाँ सामने इस पेड़ पर चढ़ जाओ, पेड़ के नीचे त्रिशूल गाढ़ दो और उस त्रिशूल पर कूद पडो। भगवान् के दर्शन हो जायेंगे। वह त्रिशूल गाडकर वृक्षपर चढ़ा, परंतु कूदने की हिम्मत नहीं हुई। एक घुडसवार उधर से जा रहा था, उसने पूछाः पेड़ पर क्या कर रहे हो? ब्राह्मण बोलाः तुलसीदास जी ने कहा है पेड़ पर से त्रिशूल पर कूदो तुम्हे भगवान् श्रीराम के दर्शन होंगे। उस व्यक्ति ने कहाः क्या सच में यह बात तुलसीदास जी के श्रीमुख से निकली है? ब्राह्मण बोलाः जी हाँ ! वह व्यक्ति तुरंत पेड़ पर चढ़कर त्रिशूलपर कूद पडा। उसे भगवान ने आकर हाथ से पकड़ लिया और उसे श्रीराम के दर्शन प्राप्त हो गये। हनुमान जी ने उसे तत्त्वज्ञान का उपदेश भी दिया। गोस्वामी जी ने सत्य ही कहा था, जिनमें प्रेम-भाव हो एवं संत की कृपा हो वही भगवान के दर्शन पाता है।

## केदारनाथ दर्शन



रुद्रप्रयाग जिले में मंगलवार को केदारनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचे।

## आज की पाती

### क्या किसी की भूख की तस्वीर लेना जायज है?

आज का युग 'डिजिटल करुणा' का युग बन चुका है, जहां इनसानियत, परोपकार और सहानुभूति जैसे मूल्य अब मौन संवेदनाओं की बजाय कैमरे की फ्लैश में दर्ज होते हैं। पहले जहां 'नेकी कर दरिया में डाल' की परंपरा जीवित थी, अब वह बदलकर 'नेकी कर, सोशल मीडिया पर डाल' हो चुकी है। भलाई की भावना मनुष्य की सबसे पवित्र प्रवृत्तियों में से एक है। किन्तु आज के समय में यह गुण मंच पर आ चुका है– एक ऐसा मंच जहां तालियां हैं, टिप्पणियां हैं, और सबसे ज़रूरी, एक कैमरा है जो हर क्षण को 'दृश्य' बनाता है। एक समय था जब कोई वृद्ध भूखा दिखता, तो राह चलते लोग बिना कुछ कहे उसे कुछ खाने को दे जाते थे। लेकिन अब किसी की भूख बुझाने की भी तस्वीरें ली जा रही हैं। *– प्रणय शर्मा, दुर्ग*

## करंट अफेयर

# कनाडा से अलग होने दिया जनमत संग्रह का प्रस्ताव



कनाडा में अल्बर्टा प्रांत की प्रमुख ने सोमवार को कहा कि अगर नागरिकों द्वारा प्रस्तुत अर्जी पर अपेक्षित संख्या में लोगों के हस्ताक्षर सामने आते हैं तो वह अगले वर्ष कनाडा से अलग होने के मुद्दे पर जनमत संग्रह कराएंगी। सोशल मीडिया पर अपने 'लाइवस्ट्रीम' संबोधन में डैनियल स्मिथ ने कहा कि वह व्यक्तिगत रूप से इस प्रांत के कनाडा से अलग होने का समर्थन नहीं करती हैं और उन्होंने एकजुट कनाडा के भीतर एक मजबूत और संप्रभु अल्बर्टा के लिए 'बेहतर भविष्य' की आशा व्यक्त की। उन्होंने कहा, 'चाहे जो भी वजह हो क्या कनाडा को हमारे प्रांत पर हमला करना जारी रखना चाहिए जैसा कि बीते कुछ दशक में किया गया है, आखिरकार यह अल्बर्टावासियों को तय करना होगा।' उन्होंने कहा, 'मैं उनके (लोगों के) निर्णय को स्वीकार करूंगी।' स्मिथ की घोषणा प्रधानमंत्री मार्क कार्नी की लिबरल पार्टी के लगातार चौथी बार संघीय सरकार बनाने के एक सप्ताह बाद आई है। यह ऐसे वक्त में भी हुआ है जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लगातार कनाडा पर शुल्क लगाने की धमकी दे रहे हैं तथा देश (कनाडा) को अमेरिका का 51वां राज्य बनाने की बात करते हैं।

## ऑफ बीट

# बुध ग्रह अभी भी सिकुड़ता जा रहा



ग्रह वैज्ञानिक लंबे समय से जानते हैं कि बुध अरबों वर्षों से सिकुड़ रहा है। सूर्य के सबसे निकट ग्रह होने के बावजूद, आंतरिक गर्मी निकल जाने के कारण इसका आंतरिक भाग ठंडा होता जा रहा है। इसका मतलब यह है कि जिस चट्टान (और, उसके भीतर, धातु) से यह बना है, उसका आयतन थोड़ा सिकुड़ता जा रहा है। हालाँकि, यह अज्ञात है कि ग्रह आज भी किस हद तक सिकुड़ रहा है – और, यदि यह वाकई सिकुड़ रहा है, तो यह भी कोई नहीं जानता कि यह प्रक्रिया कितने समय तक जारी रहने की संभावना है। चूँकि बुध का आंतरिक भाग सिकुड़ रहा है, इसकी सतह (परत) के पास ढकने के लिए उत्तरोत्तर कम क्षेत्र रह गया है। यह 'दबाव थ्रस्ट' विकसित करके इसका जवाब देता है – जहां क्षेत्र का एक भाग निकटवर्ती इलाके पर धकेल दिया जाता है। यह सेब के पुराने होने पर उस पर पड़ने वाली झुर्रियों की तरह है, फर्क सिर्फ इतना है कि एक सेब इसलिए सिकुड़ जाता है क्योंकि वह सूख रहा है जबकि बुध अपने आंतरिक भाग के तापीय संकुचन के कारण सिकुड़ रहा है। बुध के सिकुड़ने का पहला सबूत 1974 में सामने आया जब मेरिनर 10 मिशन ने सैकड़ों किलोमीटर तक अपना रास्ता बना चुकी कई किलोमीटर ऊंची स्कार्पियों (रैंप जैसी ढलानों) की तस्वीरें प्रसारित कीं।

## ट्रेंड

### अपूरणीय आध्यात्मिक क्षति



चंबल अंचल के सिद्ध संत, परम पूज्य श्री श्री 1008 माखनदास जी महाराज के ब्रह्मलीन होने का दुःखद समाचार मिला। महाराज जी ने अपनी तपस्या, सेवा और भक्ति से लाखों लोगों को प्रभु-मार्ग की ओर प्रेरित किया। उनका विछोह अंचल के लिए एक अपूरणीय आध्यात्मिक क्षति है।
-ज्योतिरादित्य सिंधिया, केंद्रीय संचार मंत्री

### डिजिटलीकरण परियोजना



एनएआई ने ऐतिहासिक दस्तावेजों के डिजिटलीकृत पन्नों की 10 करोड़ की संख्या को पार कर लिया है। डिजिटलीकरण परियोजना का उद्देश्य इस संस्थान के पास मौजूद ऐतिहासिक दस्तावेजों को जनता के लिए और अधिक सुलभ बनाना है।
-गजेंद्र सिंह शेखावत, केंद्रीय संस्कृति मंत्री

### हमें एकजुट रहना है



पहलगाम हमले में शहीद हुए लेफ्टिनेंट विनय नरवाल के शोकाकुल परिवार से मिलकर उन्हें सांत्वना दी। अपार दुख में भी उनका हौसला और साहस देश के लिए एक संदेश है - हमें एकजुट रहना है।
-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

### हॉलीवुड को प्रोत्साहन



राष्ट्रपति ट्रम्प द्वारा अमेरिका में आयात की जाने वाली सभी फिल्मों पर 100% टैरिफ लगाने से हॉलीवुड को अमेरिका से बाहर जाने के लिए प्रोत्साहन मिल सकता है! जो उन्होंने इरादा किया था, उसके विपरीत।
-शेखर कपूर, फिल्मकार

**अपने विचार**
हरिभूमि कार्यालय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# पहलगाम आतंकी हमले की जानकारी थी तो सरकार ने क्या किया, जवाब दे देश को: खरगे

## रांची में संविधान बचाओ रैली में बोले कांग्रेस के अध्यक्ष

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पहलगाम आतंकी हमले से जुड़ी खुफिया रिपोर्ट का हवाला देकर मोदी सरकार को घेरा है। उन्होंने अखबार में छपी रिपोर्ट का जिक्र करते हुए कहा कि तीन दिन पहले ही एजेंसियों ने हमले की खुफिया रिपोर्ट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भेज दी थी। इसीलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपना कश्मीर दौरा रद्द कर दिया था, तो सरकार ने जनता को अलर्ट क्यों नहीं किया और वहां की सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता क्यों नहीं की गई? झारखंड के रांची में आयोजित 'संविधान बचाओ' रैली में मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि सरकार ने इसे खुफिया नाकामी माना है। जब सरकार चूक मान रही है तो इस हमले की जिम्मेदारी भी उसे लेनी चाहिए। खरगे ने आतंकवाद एवं पाकिस्तान के खिलाफ लड़ाई में कांग्रेस का पूरा समर्थन दोहराते हुए कहा कि सरकार पाकिस्तान के खिलाफ कोई भी कदम उठाती है, तो कांग्रेस उनके साथ खड़ी है।

कांग्रेस अध्यक्ष ने देश की एकता व अखंडता के लिए इंदिरा गांधी और राजीव गांधी के बलिदानों को याद किया। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी पर भी एक गद्दार ने गोलियां दाग दीं थी। उन्होंने कहा कि देश सबसे बड़ा है और पार्टी, धर्म और जाति बाद में आते हैं। कांग्रेस देश के लिए हमेशा बलिदान देती आई है और आगे भी देती रहेगी।

### जातिगत जनगणना कांग्रेस की जीत

जाति जनगणना का जिक्र करते हुए खरगे ने कहा कि राहुल गांधी और कांग्रेस ने लंबे समय से इसकी मांग की थी, जिसे पहले मोदी सरकार ने देश को बांटने वाला बताया, लेकिन अब खुद जनगणना कराने को मजबूर हो गई है। ये कांग्रेस कार्यकर्ताओं की जीत है और नरेंद्र मोदी की हार है। उन्होंने आरक्षण पर लगी 50 प्रतिशत की सीमा हटाने की मांग को भी दोहराया। इसी के साथ संविधान के अनुच्छेद 15(5) को तुरंत लागू करने की भी मांग की, ताकि निजी शैक्षणिक संस्थानों में दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों को आरक्षण मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि झारखंड के मुख्यमंत्री और कांग्रेस पार्टी ने मिलकर आरक्षण पर 50 प्रतिशत की सीमा को हटाने और ओबीसी आरक्षण 27 प्रतिशत करने का निर्णय लिया है। लेकिन अभी तक राज्यपाल से इसकी मंजूरी नहीं आई है।

### विपक्षियों को जेल

कांग्रेस अध्यक्ष ने केंद्र सरकार पर दोहरा रवैया अपनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि एक तरफ केंद्र सरकार राज्यों के साथ मिलकर काम करने की बात करती है, तो दूसरी तरफ विपक्ष की एकता को तोड़ने के लिए मुख्यमंत्रियों को जेल भेजती है। खरगे ने पंडित जवाहरलाल नेहरू द्वारा स्थापित अखबारों, नेशनल हेराल्ड, कौमी आवाज और नवजीवन का जिक्र करते हुए कहा कि इन अखबारों ने आजादी की लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्होंने नेशनल हेराल्ड मामले को लेकर सोनिया गांधी पर ईडी द्वारा लगाए गए आरोपों को राजनीतिक द्वेष बताया और कहा कि सोनिया गांधी ने इन अखबारों को जिंदा रखने के लिए खूब मेहनत की, लेकिन आज भाजपा के लोग उन पर ईडी द्वारा केस लगा रहे हैं।

### सरना कोड लागू हो

कांग्रेस अध्यक्ष ने आदिवासियों के अधिकारों और सरना कोड की मांग का भी समर्थन किया। खरगे ने लोगों से एकजुट होकर संविधान की रक्षा करने और अन्याय के खिलाफ लड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी गरीबों, दलितों, आदिवासियों व पिछड़ों के साथ है और उनके अधिकारों के लिए लड़ती रहेगी। इस दौरान कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, झारखंड कांग्रेस प्रभारी के राजू, प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव समेत अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद थे।

### 30 लाख पद खाली

कांग्रेस अध्यक्ष ने सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के कर्मचारियों को महीनों तक वेतन न मिलने का मुद्दा भी उठाया और कहा कि मोदी सरकार सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को बंद कर दलितों, आदिवासियों व पिछड़ों की नौकरी छीन लेना चाहती है। उन्होंने सरकारी नौकरियों में 30 लाख पद खाली होने पर सवाल उठाए।

---

### केंद्रीय जल मंत्री पाटिल से मिले हरियाणा कांग्रेस के सांसद, पंजाब से पानी दिलाने की मांग

# केंद्र तुरंत दखल देकर पंजाब सरकार को मनमानी करने से रोके: दीपेंद्र हुड्डा

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



हरियाणा कांग्रेस के चार सांसदों ने मंगलवार को केन्द्रीय जल संसाधन मंत्री सीआर पाटिल से मुलाकात कर पंजाब द्वारा हरियाणा का पानी रोकने के मामले में विरोध जताया और केंद्र से इस मामले में हस्तक्षेप की मांग की। सांसद दीपेन्द्र हुड्डा के साथ हरियाणा के लोकसभा सांसद जयप्रकाश, सांसद सतपाल ब्रह्मचारी, सांसद वरुण मुलाना ने पाटिल से मुलाकात की।

कांग्रेस सांसदों ने केंद्र से तुरंत दखल देकर पंजाब सरकार को मनमानी करने से रोककर हरियाणा का हक दिलवाने की मांग की। इस पर केन्द्रीय जल संसाधन मंत्री ने हरियाणा की जायज मांगों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया। कांग्रेस सांसदों ने कहा कि हरियाणा में कमजोर बीजेपी सरकार के चलते ही पंजाब की आप सरकार हरियाणा के हिस्से के 9500 क्यूसेक पानी को घटाकर 4000 क्यूसेक करने की हिम्मत जुटा पाई है। हरियाणा में विपक्ष ने प्रदेश सरकार को इस मुद्दे पर अपना पूर्ण समर्थन दिया है। कांग्रेस सांसदों ने केन्द्रीय जल संसाधन मंत्री से यह भी मांग की कि लखवार व्यासी डैम का काम जल्द पूरा कराया जाए, ताकि हरियाणा को पेयजल व सिंचाई का पानी मिल सके। यदि बीते 10 वर्षों में इसका काम पूरा हो गया होता तो हरियाणा को आज जल संकट का सामना न करना पड़ता।

कांग्रेस सांसदों ने कहा कि पंजाब सरकार द्वारा हरियाणा के हिस्से का पानी मनमाने ढंग से रोकना अस्वीकार्य है। हरियाणा के जल हितों की रक्षा के लिए प्रदेश की भाजपा सरकार कोई भी कदम उठाए हम उनके साथ हैं। उन्होंने बताया कि पूर्व की कांग्रेस सरकार भाखड़ा ब्यास मैनेजमेंट बोर्ड में हरियाणा कोटे के अधिकारियों की समय से नियुक्ति कर पूरी भागीदारी सुनिश्चित करती थी। इसमें हरियाणा से तीन-तीन सदस्य होते थे। विशेष तौर पर सिंचाई विभाग के अधिकारी को बीबीएमबी का सदस्य नियुक्त किया जाता था। इसके अलावा कांग्रेस सरकार द्वारा लगातार बोर्ड में चीफ इंजीनियर, एसडीओ और जूनियर इंजीनियर्स के पदों पर नियुक्तियां की जाती थीं। लेकिन बीजेपी सरकार आने के बाद सदस्यों की नियुक्ति ही नहीं हुई। यही कारण है कि हरियाणा के जल हितों की रक्षा करने वाला कोई नहीं। बीते दिनों जब कांग्रेस पार्टी ने इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया तब जाकर सरकार की नींद टूटी और बोर्ड में हरियाणा के एक अधिकारी की नियुक्ति की गई।

दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि हरियाणा में सिंचाई के लिए पानी के तीन प्रमुख स्रोत हैं। पहला यमुना से, जिसका पानी दिनों-दिन कम होता जा रहा है और वो सूख रही है। दूसरा, भाखड़ा से जिसका पूरा पानी एसवाइएल से आना था, और तीसरा ट्यूबवेल से, चूंकि जमीन के नीचे का जलस्तर काफी तेजी से घट रहा है। गिरते भू-जल स्तर को रिचार्ज करने के लिए ही कांग्रेस की चौ. भूपेन्द्र सिंह हुड्डा की सरकार ने दादूपुर-नलवी नहर का निर्माण कराया था। जिसे बीजेपी सरकार ने पाटने का फैसला कर दिया।

हरियाणा के कांग्रेस सांसदों ने कहा है कि हरियाणा की बीजेपी सरकार ने 11 साल से सत्ता में होने के बावजूद कभी एसवाइएल का पानी हरियाणा को दिलवाने की गंभीर कोशिश नहीं की। इसका दुष्परिणाम आज सबके सामने आ रहा है।

### कुमारी सैलजा ने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री को लिखा पत्र, यमुना-घग्गर लिंक नहर परियोजना को प्राथमिकता दी जाए

## कहा, हरियाणा के जल संकट के स्थायी समाधान में अहम होगी यमुना-घग्गर लिंक नहर

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा और आम आदमी पार्टी (आप) दोनों एक साजिश के तहत हरियाणा के हितों पर कुठाराघात कर रही हैं। प्रदेश में जल संकट पर दोनों राजनीतिक करने में लगे हुए है जबकि जनता बूंद बूंद पानी के लिए तरस रही है, ऐसे में केंद्र सरकार को हस्तक्षेप कर हरियाणा को उसके हक का पानी दिलाना चाहिए क्योंकि बीबीएमबी केंद्र के अधीन ही काम करता है। सैलजा ने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल को पत्र लिखकर कहा है कि हरियाणा के जल संकट के स्थायी समाधान के लिए यमुना-घग्गर लिंक नहर का निर्माण किया जा सकता है। सैलजा ने मीडिया को जारी बयान में कहा है कि पंजाब सरकार ने हरियाणा में जो जल संकट पैदा किया है, उसके स्थायी समाधान की जरूरत है। मौजूदा हालात को देखते हुए लग रहा है कि भाजपा और आप दोनों एक साजिश के तहत हरियाणा के हितों पर कुठाराघात कर रही हैं, प्रदेश में जल संकट पर दोनों राजनीतिक करने में लगे हुए है जबकि जनता बूंद बूंद पानी के लिए तरस रही है। सैलजा ने कहा कि इस विवाद को लेकर अदालत में जाने का समय नहीं है क्योंकि अदालतों में फैसला आने पर देर लगती है तब तक प्रदेश की जनता को प्यासा तो नहीं छोड़ा जा सकता। सांसद ने कहा कि पंजाब को हरियाणा का पानी रोकने का कोई हक नहीं है क्योंकि भाखड़ा के पानी के लिए पंजाब ने केवल रास्ता दिया है और रास्ता देने वालों को पानी रोकने कोई हक नहीं है। केंद्र को इस विवाद में हस्तक्षेप करते हुए इसका समाधान करना चाहिए क्योंकि भाखड़ा नांगल बांध का प्रबंधन देखने वाला बीबीएमबी केंद्र के अधीन आता है।

हरियाणा में जल संकट को लेकर पाटिल को सैलजा ने पत्र लिखकर यमुना-घग्गर लिंक नहर परियोजना को 'नदी जोड़ो परियोजना' के अंतर्गत प्राथमिकता देने की मांग की है। सैलजा ने कहा कि अंबाला से लेकर सिरसा तक हरियाणा के जिले अंबाला, कैथल, जींद, फतेहाबाद, सिरसा जल असमानता, सिंचाई की कमी से जूझ रहे हैं।

---

### आईएमएफ से सुब्रमण्यन की बर्खास्तगी के पीछे हो सकता है कारण

# पब्लिक-मनी से यूनियन बैंक ने खरीदे 7.25 करोड़ की पुस्तकें

**कांग्रेस की मांग, हो तुरंत जांच**



हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

हरिभूमि फॉलोअप

कांग्रेस ने यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा केवी सुब्रमण्यन की लिखी इंडियाएटद रेट 100 नामक पुस्तक की दो लाख प्रतियां खरीदे जाने की जांच की मांग की है। कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए सोशल मीडिया एवं डिजिटल प्लेटफॉर्म विभाग की अध्यक्ष सुप्रिया श्रीनेत ने कहा, मोदी सरकार ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष में भारत के कार्यकारी निदेशक के रूप में केवी सुब्रमण्यन का कार्यकाल अचानक समाप्त कर दिया, जबकि उनके कार्यकाल में अभी छह महीने बाकी थे।

केवी सुब्रमण्यन की इस बर्खास्तगी का कोई स्पष्ट कारण न बताए जाने का जिक्र करते हुए श्रीनेत ने खुलासा किया कि सरकारी बैंक यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने भारत सरकार के पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार सुब्रमण्यन द्वारा लिखी गई किताब इंडियाट द रेट 100 की लगभग दो लाख प्रतियां ऑर्डर की थीं, जिसकी कुल कीमत 7.25 करोड़ रुपए से अधिक है। बैंक ने इसके लिए साढ़े तीन करोड़ रुपये का अग्रिम भुगतान भी कर दिया है। इन किताबों का वितरण यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय और आंचलिक कार्यालयों के माध्यम से बैंक के खाताधारकों, स्कूलों, कॉलेजों आदि में किया जाना था। कांग्रेस नेता ने सुब्रमण्यन को प्रधानमंत्री मोदी व भाजपा का 'जाना-माना भक्त' बताते हुए इस खरीद को भोंडा प्रचार करार दिया।

### आईएमएफ में पाक फंडिंग हो विरोध

इस दौरान श्रीनेत ने यह भी कहा कि पाकिस्तान ने आईएमएफ से 1.3 अरब डॉलर के का कर्ज मांगा है। कांग्रेस ने 29 अप्रैल को ही कहा था कि हमें उम्मीद है कि भारत की सरकार इसका कड़ा विरोध करेगी। इसके बाद ऐसी खबरें हैं कि भारत ने आईएमएफ से पाकिस्तान के कर्ज और फंडिंग की समीक्षा की मांग की है। उन्होंने उम्मीद जताई कि भारत की यह मांग मानी जाएगी और पाकिस्तान को कर्ज नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पहलगाम हमले के दोषियों को हर हाल में सजा भुगतनी ही होगी, कांग्रेस पूरी तरह सरकार के साथ है।

---

### महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय चुनावों में आरक्षण पर बोले जज

# यहां पर रिजर्वेशन रेलगाड़ी की बोगी जैसा हो गया, जो चढ़ गए दूसरे को अंदर नहीं आने देते

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

**सुप्रीम कोर्ट के जज की बड़ी टिप्पणी**



सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस सूर्यकांत ने सुनवाई के दौरान देश में रिजर्वेशन सिस्टम की तुलना रेल यात्रा से की। जस्टिस कांत ने कहा कि देश में जाति आधारित आरक्षण रेलगाड़ी के डिब्बे की तरह हो गया है और जो लोग इस डिब्बे में चढ़ते हैं, वे दूसरों को अंदर नहीं आने देना चाहते। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एनके सिंह की बेंच महाराष्ट्र राज्य में स्थानीय निकाय चुनावों में ओबीसी रिजर्वेशन से संबंधित मामले की सुनवाई कर रही थी। महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय चुनाव आखिरी बार 2016-2017 में हुए थे।2021 में सुप्रीम कोर्ट ने ओबीसी के लिए 27 प्रतिशत कोटा लागू करने के महाराष्ट्र सरकार के अध्यादेश को रद्द कर दिया था। जस्टिस सूर्यकांत ने मौखिक रूप से कहा कि जब आप समावेशिता के सिद्धांत का पालन करते हैं, तो राज्य वर्गों की पहचान करने के लिए बाध्य होते हैं।

### कर्नाटक में ट्रक-कार की टक्कर में 5 नहीं रहे



**हुबली।** कर्नाटक के हुबली में मंगलवार सुबह ट्रक-कार की टक्कर में 3 महिलाओं सहित 5 लोगों की मौत हो गई। यह दुर्घटना हुबली जिला मुख्यालय के बाहरी इलाके में इंगालाहल्ली चौराहे के पास हुई। वे शिवमोगा जिले के सागर के रहने वाले थे। पुलिस ने बताया कि इस संबंध में एक मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है।

### कन्हैया कुमार का हल्लाबोल

# बिहार की डबल इंजन सरकार बेरोजगारों, छात्रों पर डबल मार

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य और एनएसयूआई के प्रभारी कन्हैया कुमार ने बिहार के पटना में बीपीएससी (बिहार लोक सेवा आयोग) शिक्षक भर्ती परीक्षा के अभ्यर्थियों पर पुलिस द्वारा किए गए बर्बर लाठीचार्ज की कड़ी निंदा करते हुए इस घटना की निष्पक्ष न्यायिक जांच और बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) के पूर्ण ऑडिट की मांग की है। अकबर रोड स्थित कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए कन्हैया कुमार ने बर्बर लाठीचार्ज को डबल इंजन की सरकार के अहंकार का परिणाम बताया और प्रदेश में नौकरियों की कमी एवं बेरोजगारी की उच्च दर पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि बिहार में फर्जी डबल इंजन वाली सरकार और लाठीमार सरकार है। एनएसयूआई के राष्ट्रीय प्रभारी ने कहा कि बिहार के अभ्यर्थियों पर लाठीचार्ज की यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी कई बार छात्रों को पुलिस की बर्बरता का शिकार होना पड़ा है। उन्होंने कहा कि यह सब इसलिए हो रहा है, क्योंकि बिहार की डबल इंजन वाली सरकार अपने अहंकार में चूर है और छात्रों की आवाज को दबाना चाहती है। उन्होंने आगे कहा कि बिहार में नौकरियों का अंबार होना चाहिए था, लेकिन इसके विपरीत छात्रों पर लाठियों की बौछार की जा रही है। उन्होंने प्रदेश में बेरोजगारी की उच्च दर पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि बिहार में बेरोजगारी दर राष्ट्रीय औसत से भी अधिक है, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में तो स्थिति और भी चिंताजनक है।

### 3 साल के कोर्स में लगते हैं 5 साल

कन्हैया कुमार ने कहा कि बिहार के छात्र अपना भविष्य बेहतर बनाने के लिए अमानवीय परिस्थितियों में संघर्ष करते हैं, लेकिन जब नौकरी पाने का समय आता है, तो उनके साथ अन्याय किया जाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि बिहार में छात्रों की मांगों को सुना तक नहीं जाता और बीपीएससी द्वारा उनके साथ लगातार अन्याय किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बिहार में लगभग चार लाख पद खाली हैं, जिनमें से अकेले शिक्षा के क्षेत्र में ही दो लाख पद रिक्त हैं। उन्होंने बिहार में शिक्षा व्यवस्था की बदहाली पर भी सवाल उठाया और कहा कि अभी भी ग्रेजुएशन की डिग्री हासिल करने में पांच साल लग जाते हैं। कन्हैया कुमार ने बीपीएससी पर छात्रों की मांगों को अनसुना करने का आरोप लगाया। उन्होंने हाल ही में हुई टीआरई-तीन परीक्षा के परिणामों में गड़बड़ी का जिक्र करते हुए कहा कि एक ही व्यक्ति का चयन कई स्थानों पर हो गया, लेकिन छात्रों द्वारा सवाल उठाए जाने पर भी सरकार सुनने को तैयार नहीं है। छात्रों की मांग है कि एक व्यक्ति के कई जगह चयन के बजाय मेरिट में आए अन्य अभ्यर्थियों को बहाली का मौका दिया जाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी छात्रों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है और उनके हक के लिए हर संभव लड़ाई लड़ेगी।


## उत्तर रेलवे

### ई–खुली निविदा सूचना

मंडल अभियंता सम्पदा, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्यों के लिए खुली निविदा दिनांक **27.05.2025** को **15:00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन तत्काल खोली जाएगी।

| क्रम सं | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | समापन अवधि |
|---|---|---|---|---|
| ए | सहायक मंडल अभियंता/सम्पदा – IV के अंतर्गत वरिष्ठ खंड अभियंता/दिल्ली<br>किशनगंज–1 के कार्य क्षेत्र में क्वींस रोड रेलवे कॉलोनी में जलापूर्ति व्यवस्था में सुधार के लिए मौजूदा स्टील टैंक के स्थान पर 100 किलो लीटर क्षमता के नए एसएमसी पैनल टैंक 1 का निर्माण और शिवाजी ब्रिज, नई दिल्ली में गनाईटिंग और पॉलिमर प्लास्टर द्वारा आरडीएसओ रेस्ट हाउस की मरम्मत और सुदृढ़ीकरण कार्य हेतु। | रुपये 65,28,617.97 | रुपये 1,30,600.00 | 06 महीने |

1. निविदा दिनांक: **27.05.2025** को **15:00 बजे** तक जमा की जा सकती है एवं तत्काल खोली जाएगी।

**पत्र संख्या:–128–डब्लयू/269/निविदा सूचना/25–26/डब्लयू–ई/टेंडर. न: 10**
दिनांक: 05.05.2025 **1336/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## हरियाणा लोक सेवा आयोग

**बेज नं. 1–10, ब्लॉक–बी, सेक्टर–4, पंचकूला**

### घोषणा

नीचे तालिका में वर्णित अनुसार पदों के लिए आवेदन कर चुके उम्मीदवारों की सामान्य जानकारी के लिए एतद द्वारा यह घोषणा की जाती है कि आयोग ने नीचे दिये गये कार्यक्रम के अनुरूप स्क्रीनिंग टेस्ट्स आयोजित करने का निर्णय लिया है :–

| क्र.सं. | पद व विभाग का नाम | विज्ञा. सं. | परीक्षा का प्रकार | परीक्षा की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | इतिहास विषय में असिस्टेंट प्रोफैसर (कॉलेज कैडर) | 53/2024 | स्क्रीनिंग टेस्ट | 18.05.2025 (प्रातःकालीन सत्र) |
| 2. | राजनीति विज्ञान विषय में असिस्टेंट प्रोफैसर (कॉलेज कैडर) | 62/2024 | स्क्रीनिंग टेस्ट | 18.05.2025 (सायंकालीन सत्र) |

उम्मीदवारों को अपने प्रवेश–पत्र आयोग की वेबसाइट अर्थात **http://hpsc.gov.in** पर उपलब्ध करवाए गए लिंक से 12.05.2025 से डाउनलोड करने का परामर्श दिया जाता है।

**टिप्पणियां :–**

1. *उम्मीदवारों को प्रवेश–पत्र डाउनलोड करने और ए–4 साइज पेपर पर इसका प्रिंट लेने का निर्देश दिया जाता है ताकि उनके फोटो और अन्य विवरण आसानी से देखे / प्रमाणित किये जा सकें। अस्पष्ट फोटो / हस्ताक्षरों सहित छोटे आकार के प्रवेश–पत्र वाले उम्मीदवारों को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।*
2. *उम्मीदवारों को प्रवेश–पत्र पर दिये गये सभी निर्देश बहुत ध्यानपूर्वक पढ़ने का परामर्श दिया जाता है।*

दिनांक : 05.05.2025 — हस्ता/– उप सचिव
संवाद–1156/13/320/2026/34522/88/7 दि. 06.05.25 — हरियाणा लोक सेवा आयोग, पंचकूला



## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प करनाल | खेल-कूद विश्वविद्यालय हरियाणा, राई जिला सोनीपत में स्वीमिंग पुल में ईआई की विशेष मरम्मत का प्रावधान + 1 कार्य। | 06.05.2025 12.05.2025 | 31.53 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842265696 pwd-eeed-karnal@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प रोहतक | भिवानी जिले में रोहतक-भिवानी-लोहारू रोड एनएच-709ई के आरडी 179.930 पर जंक्शन पर 100 मिमी मोटी आईपीबी का प्रावधान व बिछाना। | बंद होने की तिथि 12.05.2025 | 20.22 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8221827829 pwdeepd3nhrtk1@gmail.com |
| 3 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार, नूह | शहीद हसन खान मेवाती राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, नल्हार में ऑफ्थैल्मॉलोजी विभाग के लिए 10 कैटरेक्ट सैट की खरीद के लिए निविदा। | 08.05.2025 19.05.2025 | ईएमडी 5,000 | https://etenders.hry.nic.in/nicgep/app | 1267282007 tendergmcmewat@gmail.com |
| 4 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार, नूह | शहीद हसन खान मेवाती राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, नल्हार में 20 मल्टीफंक्शनल प्रिंटर (एमएफएम) की खरीद के लिए निविदा। | 08.05.2025 19.05.2025 | ईएमडी 10,000 | https://etenders.hry.nic.in/nicgep/app | 1267282007 tendergmcmewat@gmail.com |
| 5 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार, नूह | शहीद हसन खान मेवाती राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, नल्हार में एक्स–रे फिल्म्स (मेक–फूजी) आकार=11×14 इंच) की खरीद के लिए निविदा। | 08.05.2025 19.05.2025 | ईएमडी 10,000 | https://etenders.hry.nic.in/nicgep/app | 1267282007 tendergmcmewat@gmail.com |
| 6 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार, नूह | शहीद हसन खान मेवाती राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, नल्हार में फिनाइल कंसनट्रेट की खरीद के लिए निविदा। | 08.05.2025 19.05.2025 | ईएमडी 10,000 | https://etenders.hry.nic.in/nicgep/app | 1267282007 tendergmcmewat@gmail.com |
| 7 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार, नूह | शहीद हसन खान मेवाती राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, नल्हार में एक्स–रे फिल्म्स (मेक–फूजी) आकार=8×10 इंच) की खरीद के लिए निविदा। | 08.05.2025 19.05.2025 | ईएमडी 10,000 | https://etenders.hry.nic.in/nicgep/app | 1267282007 tendergmcmewat@gmail.com |
| 8 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार, नूह | शहीद हसन खान मेवाती राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, नल्हार में रेडियोलॉजी विभाग के लिए कैसेट टाइप सीसी सहित एक्स-रे 14×17 फूजी फिल्म आईपी की खरीद के लिए निविदा। | 08.05.2025 19.05.2025 | ईएमडी 10,000 | https://etenders.hry.nic.in/nicgep/app | 1267282007 tendergmcmewat@gmail.com |
| 9 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार, नूह | शहीद हसन खान मेवाती राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, नल्हार में रेडियोलॉजी विभाग के लिए कैसेट टाइप सीसी सहित एक्स-रे 14×14 फूजी फिल्म आईपी की खरीद के लिए निविदा। | 08.05.2025 19.05.2025 | ईएमडी 10,000 | https://etenders.hry.nic.in/nicgep/app | 1267282007 tendergmcmewat@gmail.com |
| 10 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार, नूह | एसएचकेएम जीएमसी, नल्हार, नूह में डीजल जनरेटर सैट्स समेत वैद्युत सेवाओं के सीएमसी हेतु निविदा। | 07.05.2025 22.05.2025 | ईएमडी 3.20 लाख | https://etenders.hry.nic.in/nicgep/app | 1267282007 tendergmcmewat@gmail.com |
| 11 | पंचायती राज झज्जर | गांव चमनपुरा, ब्लॉक बेरी में एस/घाट में चारदिवारी, शैड और अन्य का निर्माण + 3 कार्य। | 03.05.2025 09.05.2025 | 111.65 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416721433 prexeeng.jjr@hry.nic.in |
| 12 | जिला परिषद पलवल | लिंक रोड महेशपुर से यादुपुर (782) को चौड़ा करना और मजबूतीकरण + 3 कार्य। | 01.05.2025 08.05.2025 | 291.82 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9582622008 prexeengzppwl@gmail.com |
| 13 | जिला परिषद पलवल | लिंक रोड लालवा से पलवल (आईडी 8317) को चौड़ा करना और विशेष मरम्मत + 2 कार्य। | 01.05.2025 08.05.2025 | 102.32 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9582622008 prexeengzppwl@gmail.com |

**अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in**

पीआरडीएच–11/2026/260/34507/I/88/7 दि. 06.05.25



# भारत की निगाह फाइनल में जगह बनाने पर, उम्मीद जीवंत रखने उतरेगा दक्षिण अफ्रीका

एजेंसी ⏭ कोलंबो

भारत महिला त्रिकोणीय एकदिवसीय क्रिकेट श्रृंखला में बुधवार को यहां जब दक्षिण अफ्रीका की टीम से भिड़ेगा तो वह पिछले मैच में श्रीलंका से मिली हार से उबरकर फाइनल में अपनी जगह पक्की करने को उत्सुक होगा। हरमनप्रीत कौर और उनकी टीम का आठ मैचों की जीत का सिलसिला रविवार को मेजबान श्रीलंका से हार के साथ समाप्त हो गया। भारतीय टीम हालांकि अब भी अपने बेहतर रन रेट के कारण फाइनल में पहुंचने की प्रबल दावेदार है लेकिन वह अपने अगले मैच में जीत हासिल करके इस मुकाम पर पहुंचना चाहेगी।

### भारतीय टीम अंक तालिका में शीर्ष पर

भारतीय टीम तीन मुकाबलों में चार अंक हासिल करके अंक तालिका में शीर्ष पर है। वे दूसरे स्थान पर मौजूद श्रीलंका से आगे हैं, जिसके भी चार अंक हैं लेकिन उसका नेट रन रेट -0.166 है। भारत का नेट रन रेट 0.433 है। दक्षिण अफ्रीका की टीम ने अभी तक कोई मैच नहीं जीता है लेकिन उसे अभी दो मैच खेलने हैं और इनमें जीत हासिल करने पर वह भी फाइनल में जगह बना सकती है।



### बल्लेबाजी रही भारत का सकारात्मक पक्ष

इस श्रृंखला में भारत की बल्लेबाजी एक बड़ा सकारात्मक पक्ष रही है। सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल दो अर्धशतक सहित 163 रन बनाकर सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष पर हैं। अन्य बल्लेबाजों ने भी इसमें योगदान दिया है। स्नेह राणा ने तीन मैचों में 4.25 की इकोनॉमी से गेंदबाजी करते हुए 11 विकेट लिए हैं। राणा ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पिछले मैच में पांच विकेट लिए थे और वह उस प्रदर्शन को दोहराना चाहेंगी। इस मैच में ऑलराउंडर काशवी गौतम केवल पांच ओवर करने के बाद मैदान से बाहर चली गई थी।

### दक्षिण अफ्रीका आठ मैच हार चुकी है

जहां तक दक्षिण अफ्रीका का सवाल है तो उसकी टीम संघर्ष करती हुई नजर आ रही है। उसे पिछले नौ एकदिवसीय मैचों में से आठ में हार का सामना करना पड़ा है, जिसमें इस श्रृंखला के दोनों मैच भी शामिल हैं। दक्षिण अफ्रीका ने अपने पहले मैच में भारत के सामने कड़ी चुनौती पेश की थी लेकिन अगले मैच में उसे श्रीलंका से बुरी तरह हार का सामना करना पड़ा। श्रीलंका की भीषण गर्मी से निपटने का संघर्ष उनकी मुसीबतों को और बढ़ा रहा है।

## खास खबर

### बुमराह नहीं तो कौन होगा उप-कप्तान पंत, गिल या फिर जायसवाल....!



**नई दिल्ली।** भारत और इंग्लैंड के बीच 20 जून से पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जानी है। यह सीरीज इंग्लैंड के पांच अलग-अलग मैदानों पर खेली जाएगी। इस सीरीज से पहले एक रिपोर्ट सामने आई है, जिसके मुताबिक बीसीसीआई इस दौरे के लिए जसप्रीत बुमराह को नेतृत्व से दूर रखने का फैसला कर सकती है। बोर्ड का मानना है कि बुमराह अपनी पीठ की पुरानी चोट के कारण सभी पांचों टेस्ट मैचों में हिस्सा नहीं ले पाएंगे, इसलिए उन्हें ऐसे उप-कप्तान की जरूरत होगी, जो सभी मैच खेले। ऐसे में बुमराह की जगह कौन इंग्लैंड दौरे के लिए भारत का उप-कप्तान होगा फिलहाल अभी यह तय नहीं है फिर भी इन तीन खिलाड़ियों की चर्चा चल रही है।



**ऋषभ पंत :** साल 2017 में इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू करने वाले ऋषभ पंत ने नेशनल टीम के लिए बीते 8 सालों में कमाल का प्रदर्शन किया है। विकेटकीपर बल्लेबाज ने साल 2022 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ होम टी20I सीरीज में भारत की कप्तानी की हैं। उनके पास 54 बार आईपीएल मैचों में दिल्ली के लिए 43 मैच और लखनऊ के 11 मैच में कप्तानी का अनुभव हैं। लीडरशिप में उनके अनुभव को देखते हुए वह फ्यूचर में भारत का टेस्ट कप्तान बनने के बेहतर विकल्प हैं।



**शुभमन गिल :** अंडर-19 विश्व कप 2018 में शुभमन गिल ने टीम की कप्तानी की थी। उनके पास भारत की कप्तानी का 5 मैचों का अनुभव हैं। जब पिछले साल जिम्बाब्वे के खिलाफ उन्होंने पांच टी20I मैचों की कप्तानी की थी और भारत को सीरीज में 4-1 से जीत दिलाई। 2019 में 25 साल के गिल ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में अरुणाचंल और हैदराबाद के खिलाफ पंजाब की कप्तानी की।

**यशस्वी जायसवाल :** यशस्वी जायसवाल को इंग्लैंड दौरे के लिए भारत का उप-कप्तान बनाया जा सकता हैं। उनके पास किसी भी फॉर्मेट में कप्तानी का अनुभव नहीं हैं, लेकिन साल 2023 में वेस्टइंडीज दौरे के दौरान उन्होंने डेब्यू के बाद जो प्रदर्शन किया, उसकी खूब चर्चा हो रही है। जायसवाल ने भारतीय टेस्ट टीम और टी20 इंटरनेशनल में शानदार प्रदर्शन किया। उन्हें अब माना जा रहा है कि इंग्लैंड दौरे पर भारत का उप-कप्तान मनाया जा रहा है।

### आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ: अप्रैल के लिए बेन समेत 3 खिलाड़ी नामांकित



**दुबई।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने अप्रैल 2025 महीने के लिए न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज बेन सीयर्स को नामित किया है। उनके साथ-साथ जिम्बाब्वे के तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजरबानी और बांग्लादेश मेहदी हसन मिराज भी इस पुरस्कार के लिए नामांकित हुए हैं। बता दें कि इन तीनों खिलाड़ियों ने अप्रैल 2025 में अच्छा प्रदर्शन किया था। दूसरी तरफ महिलाओं में स्कॉटलैंड की कैथरीन ब्राइस, वेस्टइंडीज की हेली मैथ्यूज और पाकिस्तान की फातिमा सना को नामित किया गया है। मुजरबानी अप्रैल में बांग्लादेश के खिलाफ 2 टेस्ट मैचों में 20.50 की औसत से 10 विकेट लेकर सीरीज में जिम्बाब्वे के शीर्ष विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे थे। बांग्लादेश के मेहदी ने अप्रैल में 2 टेस्ट मैचों में 38.66 की औसत से 116 रन और 11.86 की औसत से 15 विकेट चटकाए थे। न्यूजीलैंड के सीयर्स ने पाकिस्तान के खिलाफ 3 वनडे मैचों की सीरीज में लगातार 2 बार 5 विकेट हॉल लेकर कुल 10 विकेट अपने नाम किए थे।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 11 | 8 | 3 | 16 |
| बेंगलुरु | 11 | 8 | 3 | 16 |
| पंजाब | 11 | 7 | 3 | 15 |
| मुंबई | 12 | 7 | 5 | 14 |
| दिल्ली | 11 | 6 | 4 | 13 |
| कोलकाता | 11 | 5 | 5 | 11 |
| लखनऊ | 11 | 5 | 6 | 10 |
| हैदराबाद | 11 | 3 | 7 | 7 |
| राजस्थान | 12 | 3 | 9 | 6 |
| चेन्नई | 11 | 2 | 9 | 4 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
505 रन
बेंगलुरु

पर्पल कैप



प्रसिद्ध कृष्णा
19 विकेट
गुजरात

## खबर संक्षेप



### जोविक और नवा को फ्रेंच ओपन का वाइल्ड कार्ड

**ऑरलैंडो (फ्लोरिडा)।** सत्रह वर्षीय इवा जोविक और 23 वर्षीय एमिलियो नवा को 25 मई से पेरिस में शुरू होने वाले फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट में वाइल्ड कार्ड से प्रवेश दिया गया है। महिलाओं की विश्व रैंकिंग में 120वें स्थान पर काबिज जोविक लगातार तीसरे ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में भाग लेगी। वह पिछले सितंबर में अमेरिकी ओपन और जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में दूसरे दौर में पहुंचीं थी। पुरुषों की विश्व रैंकिंग में 137वें स्थान पर मौजूद नवा दूसरी बार फ्रेंच ओपन में भाग लेंगे।

### नॉटिंघम फ़ॉरेस्ट लीग में जगह बनाने की उम्मीदें धूमिल

**लंदन।** नॉटिंघम फॉरेस्ट ने इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबाल टूर्नामेंट में क्रिस्टल पैलेस के साथ 1-1 से ड्रा खेला जिससे उसकी चैंपियंस लीग में जगह बनाने की उम्मीदें धूमिल हो गईं। नॉटिंघम फ़ॉरेस्ट की टीम ने साल का अधिकतर समय लीग के



शीर्ष तीन में बिताया, लेकिन चार मैच में से केवल एक में जीत दर्ज करने से वह चेल्सी, न्यूकैसल और मैनचेस्टर सिटी से पीछे हो गया है। क्रिस्टल पैलेस के खिलाफ जीत से वह चेल्सी और न्यूकैसल की बराबरी पर आ जाता लेकिन इस मैच में केवल एक अंक मिलने से वह पहले की तरह छठे नंबर पर ही है।

### खुश रहने के लिए कप्तानी छोड़ी: कोहली

**बेंगलुरु।** लगभग एक दशक तक भारत और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का नेतृत्व करने और उनकी बल्लेबाजी पर रखी जा रही कड़ी निगरानी के बाद विराट कोहली ने सोचा कि अब बहुत हो गया और उन्होंने जिंदगी में खुश रहने के




लिए आखिर में कप्तानी छोड़ने का फैसला किया। कोहली ने कहा इसलिए मैंने कप्तानी छोड़ दी क्योंकि मुझे लगा अगर मुझे इस खेल में बने रहना है तो उसके लिए मेरा खुश रहना जरूरी है। कोहली ने 2021 में विश्व कप के बाद टी20 कप्तान के पद से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद उन्होंने आरसीबी की कप्तानी भी छोड़ दी।

## डक वर्थ लुइस मैथड के तहत गुजरात को मिला 147 का लक्ष्य

# गुजरात ने मुंबई को 3 विकेट से हराया

एजेंसी ⏭ मुंबई





गुजरात टाइटंस ने आईपीएल के वर्षा बाधित मुकाबले में मुंबई इंडियंस को 3 विकेट से हराया। डक वर्थ लुइस मैथड के तहत गुजरात को 147 रन का संशोधित लक्ष्य मिला था, जिसे गुजरात ने 7 विकेट पर हासिल कर लिया। वानखड़े स्टेडियम में गुजरात ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। मुंबई ने 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 155 रन बनाए। विल जैक्स ने 53 और सूर्यकुमार यादव ने 35 रन बनाए। साई किशोर ने 2 विकेट झटके। गुजरात की पारी में दो बार बारिश आई। पहली बार गुजरात 9 रन से आगे थी, लेकिन दूसरी बार में 5 रन से पिछड़ गई। पहली बारिश रुकने के बाद जब खेल शुरू हुआ तो गुजरात ने 15 से 18वें ओवर के बीच 25 रन बनाने में 4 विकेट गंवा दिए। बुमराह ने शुभमन गिल (43 रन) और शाहरुख खान (6 रन) को बोल्ड कर दिया। जबकि, ट्रेंट बोल्ड ने शेरफेन रदरफोर्ड (28 रन) और अश्विनी कुमार ने राशिद खान (2 रन) को चलता किया। यहीं से मैच मुंबई के हक में आ गया। दूसरी बार खेल रोके जाने के वक्त गुजरात का स्कोर 6 विकेट के नुकसान पर 132 रन था। टीम को 12 गेंद पर 24 रन चाहिए थे, लेकिन डक वर्थ लुइस मेथड में मुंबई 5 रन से आगे थी। खेल दोबारा शुरू हुआ और गुजरात को 6 गेंद पर 15 रन की जरूरत पड़ी। दीपक चाहर इसे डिफेंड नहीं कर सके। विल जैक्स ने दो जीवनदान के दम पर अर्धशतकीय पारी खेली लेकिन गुजरात टाइटंस के गेंदबाजों ने मंगलवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग मैच में मुंबई इंडियंस को आठ विकेट पर 155 रन पर रोक दिया। जैक्स ने 35 गेंद की पारी में पांच चौके और तीन छक्के जड़कर 53 रन बनाने के अलावा तीसरे विकेट के लिए सूर्यकुमार यादव के साथ 43 गेंद में 71 रन की साझेदारी कर बड़े स्कोर की नींव रखी लेकिन शुभमन गिल की शानदार कप्तानी और गेंदबाजों के कमाल के प्रदर्शन से इस साझेदारी के टूटने के बाद मुंबई की टीम लगातार अंतराल पर विकेट गंवाती रही जिससे रनगति पर ब्रेक लग गया। सूर्यकुमार यादव ने 24 गेंद में 35 रन की पारी खेली जिससे वह मौजूदा सत्र में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गये। कोर्बिन बॉश (22 गेंद में 27 रन) ने आखिरी ओवर में प्रसिद्ध कृष्णा के खिलाफ दो छक्के जड़कर टीम को 150 रन तक पहुंचाया। गुजरात के लिए साई किशोर ने दो जबकि मोहम्मद सिराज, अरशद खान, राशिद खान, प्रसिद्ध कृष्णा और गेराल्ड कोएत्जी ने एक-एक विकेट लिये। राशिद ने चार ओवर में सिर्फ 21 रन खर्च कर लय में वापसी के संकेत दिये। टीम में वापसी करने वाले अरशद ने भी किफायती गेंदबाजी करते हुए तीन ओवर में सिर्फ 18 रन दिये। टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला करने के बाद सिराज ने पहले ओवर में ही रेयान रिकलटन (दो) को चलता कर टाइटंस को शानदार शुरुआत दिलायी।

### चेन्नई के पास खोने को कुछ नहीं, कोलकाता के लिए करो या मरो जैसा आज का मुकाबला



**कोलकाता।** पांच बार की चैंपियन चेन्नई की टीम प्लेऑफ की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुकी है। चेन्नई की टीम के लिए अब खोने के लिए कुछ भी नहीं है और वह इस मैच में अधिक स्वच्छंद होकर खेलेगी लेकिन कोलकाता के लिए यह मैच करो या मरो जैसा है क्योंकि उसे प्लेऑफ की अपनी उम्मीद बरकरार रखने के लिए बाकी बचे तीनों मैच में जीत हासिल करनी होगी। कोलकाता के अभी 11 अंक हैं और अगले तीनों मैच में जीतने पर उसके 17 अंक हो जाएंगे। यहां पहुंचने पर भी उसकी प्लेऑफ में सीट पक्की हो जाएगी यह कहा नहीं जा सकता क्योंकि अन्य टीमों के परिणाम पर भी काफी कुछ निर्भर करेगा और ऐसे में नेट रन रेट पर भी मामला अटक सकता है। कोलकाता के ईडन गार्डन स्टेडियम में मैच आज शाम 7.30 बजे से शुरू होगा।

## टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया तो वनडे और टी-20 में भारत की बादशाहत



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने टेस्ट, वनडे और टी-20 की सालाना टीम रैंकिंग जारी कर दी है। इसमें टेस्ट क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम अपना दबदबा कायम रखने में सफल रही है, लेकिन उसकी बढ़त 15 अंकों से गिरकर 13 की ही रह गई है। इसी तरह वनडे और टी-20 क्रिकेट में भारतीय क्रिकेट टीम की बादशाहत बरकरार है और वह शीर्ष पर बनी हुई। वनडे रैंकिंग में भारत को 2 अंकों को और फायदा हुआ है।

### टेस्ट रैंकिंग में कौन सी टीम किस स्थान पर

आईसीसी की ताजा टेस्ट रैंकिंग के अनुसार, कंगारू टीम 126 अंकों के साथ शीर्ष पर है। पिछले साल चार में से तीन टेस्ट सीरीज जीतने वाली इंग्लैंड क्रिकेट टीम 113 अंकों के साथ दूसरे नंबर पर है। दक्षिण अफ्रीका (111) और भारत (105) एक-एक स्थान की गिरावट के साथ क्रमशः तीसरे और चौथे नंबर पर हैं। शीर्ष 10 में शेष स्थान अपरिवर्तित हैं। न्यूजीलैंड 5वें, श्रीलंका छठे, पाकिस्तान 7वें, वेस्टइंडीज 8वें, बांग्लादेश 9वें और जिम्बाब्वे 10वें पायदान पर हैं।

### वनडे रैंकिंग में भारत की पकड़ और मजबूत

वनडे रैंकिंग में भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में जीत के दम पर शीर्ष पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली है। उसके रेटिंग अंक 122 से बढ़ाकर 124 हो गए हैं। इसी तरह न्यूजीलैंड एक स्थान की बढ़त के साथ दूसरे, ऑस्ट्रेलिया तीसरे, श्रीलंका 5 रेटिंग अंकों की बढ़त के साथ चौथे, पाकिस्तान 5वें, दक्षिण अफ्रीका छठे, अफगानिस्तान 7वें, इंग्लैंड 8वें, वेस्टइंडीज 9वें और बांग्लादेश की टीम 4 अंकों की गिरावट के साथ 10वें यानी अंतिम पायदान पर है।

### टी-20 रैंकिंग में भी शीर्ष पर बरकरार है भारत

टी-20 रैंकिंग में मौजूदा टी-20 विश्व कप चैंपियन भारत शीर्ष पर है, जबकि ऑस्ट्रेलिया टीम दूसरे पायदान पर मौजूद है। इसी तरह इंग्लैंड तीसरे, न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम चौथे, वेस्टइंडीज 5वें, दक्षिण अफ्रीका छठे, श्रीलंका 7वें, पाकिस्तान 8वें और बांग्लादेश 9वें और अफगानिस्तान क्रिकेट टीम 10वें पायदान पर मौजूद है। इनके अलावा आयरलैंड ने भी अपने खेल में सुधार दिखाया है और वह जिम्बाब्वे के साथ स्थान बदलकर 11वें स्थान पर आ गई है।

### राजस्थान के मयंक ने निशानेबाजी में दूसरा स्वर्ण जीता

**नई दिल्ली।** राजस्थान के मयंक चौधरी ने खेलो इंडिया युवा खेलों में मंगलवार को लड़कों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में शीर्ष



स्थान हासिल करते हुए दो दिन में अपना दूसरा स्वर्ण पदक जीता। मयंक ने इससे पहले सोमवार को मिश्रित टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता था। मयंक ने 239.2 अंक हासिल करते हुए चंडीगढ़ के धैर्य पराशर (235.3) को आसानी से पछाड़ा। मध्य प्रदेश के युग प्रताप सिंह राठौर ने 214.8 अंक हासिल कर कांस्य पदक जीता।

**लड़कियों में प्राची ने मारी बाजी :** प्राची गायकवाड़ ने लड़कियों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन स्पर्धा में कर्नाटक की तिलोत्तमा सेन को हराया। अपने दूसरे खेलो इंडिया युवा खेलों में हिस्सा लेते हुए प्राची ने पिछले सत्र के प्रदर्शन में सुधार किया, जहां उन्होंने कांस्य पदक जीता था। पेरिस ओलंपिक के पदक विजेता स्वप्निल कुसाले से प्रेरणा लेने वाली महाराष्ट्र की इस निशानेबाज ने तिलोत्तमा के 455.6 अंकों के मुकाबले 458.4 अंक हासिल किए।

## सुपरबेट क्लासिक शतरंज में चुनौती पेश करेंगे गुकेश

**बुकारेस्ट (रोमानिया)।** विश्व चैंपियन डी गुकेश बुधवार से शुरू हो रहे सुपरबेट क्लासिक शतरंज टूर्नामेंट में शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी होंगे जहां यह दिग्गज युवा खिलाड़ी अपने करियर में पहली बार 2800 रेटिंग का आंकड़ा पार करने के लिए चुनौती पेश करेगा। यह टूर्नामेंट इस साल ग्रैंड चेस टूर में क्लासिकल शतरंज के तहत पहली प्रतियोगिता है। मेजबान देश के डेक बोगदान-डेनियल को वाइल्ड कार्ड दिया गया है। दुनिया में तीसरे नंबर के खिलाड़ी गुकेश की राह हालांकि आसान नहीं होगी क्योंकि सभी नौ टूर प्रतिभागी पहले टूर्नामेंट में एक साथ प्रतिस्पर्धा करेंगे। इस प्रतियोगिता की कुल पुरस्कार राशि 3,50,000 डॉलर है।



### प्रज्ञानानंदा भी टक्कर देने तैयार

विश्व चैंपियन गुकेश के अलावा आर प्रज्ञानानंदा इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाले एक अन्य भारतीय हैं जो सभी को कड़ी टक्कर देने के लिए तैयार हैं। टाटा स्टील मास्टर्स के विजेता प्रज्ञानानंदा ने पोलैंड के वारसॉ में पिछले सुपरबेट रेपिड और ब्लिट्ज टूर्नामेंट में तीसरा स्थान हासिल किया था। दो भारतीयों के अलावा अमेरिका के फाबियानो करुआना, उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव और फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा खिताब के अन्य मुख्य दावेदार हैं।

### निहाल एशियाई महाद्वीपीय शतरंज चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे

**अल ऐन (यूएई)।** भारतीय ग्रैंडमास्टर निहाल सरीन यहां एशियाई महाद्वीपीय शतरंज चैंपियनशिप में खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेंगे। नौ दौर की इस प्रतियोगिता में शीर्ष वरीयता प्राप्त और फॉर्म में चल रहे सरीन खिताब के साथ-साथ इस साल के अंत में अक्टूबर में नयी दिल्ली में होने वाले अगले विश्व शतरंज कप में



जगह बनाने के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। सबसे कड़ी एशियाई चैंपियनशिप में 18 भारतीय ग्रैंडमास्टर चुनौती पेश करेंगे जिसमें से शीर्ष 10 खिलाड़ी अगले विश्व शतरंज कप के लिए क्वालीफाई करेंगे। हाल ही में ताशकंद ओपन जीतने वाले सरीन अब भारत के अगले 2700 ईएलओ रेटिंग खिलाड़ी बनने के करीब हैं। वह इस प्रतिष्ठित रेटिंग से सिर्फ सात अंक पीछे हैं। इस प्रतियोगिता में पुरुषों और महिलाओं के लिए दो ब्लिट्ज चैंपियनशिप भी होंगी जो अंतिम दिन के लिए आरक्षित होंगी।

## बीसीसीआई के बहिष्कार से दोनों देशों पर पड़ेगा आर्थिक संकट

# पीसीबी को 220, बीसीबी को 130 करोड़ की चोट

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के रिश्तों की खटास और बढ़ गई है। इसका असर खेलों पर भी नजर आ रहा है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड अब एशिया कप और आईसीसी विश्व कप में पाकिस्तान का बहिष्कार करने की योजना बना रहा है। ऐसी ही स्थिति बांग्लादेश के साथ भी है। अगर ऐसा होता है तो पाकिस्तान और बांग्लादेश को 350 करोड़ रुपये का नुकसान हो सकता है।

### कैसे हो सकता है अधिक नुकसान?

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने दिसंबर 2022 में भारतीय टीम के दौरे से 70-80 करोड़ रुपये कमाए थे, जिसमें 3 वनडे और 2 टेस्ट मैचों की सीरीज खेली गई थी। अगर अगस्त में भारतीय टीम बांग्लादेश नहीं आती है तो बांग्लादेश बोर्ड को उतना ही या उससे अधिक नुकसान हो सकता है। इसी तरह दोनों देशों को आईसीसी टूर्नामेंट और एशिया कप में अलग ग्रुप में रखने से दोनों देशों को प्रति चक्र साझा प्रसारण राजस्व में लगभग 20-30 करोड़ रुपये का नुकसान होगा।

### क्या है बीसीसीआई की तैयारी.....

मीडिया की एक रिपोर्ट के अनुसार, 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 निर्दोष पर्यटकों की मौत होने के बाद बीसीसीआई पाकिस्तान से रिश्ते खत्म करने की सोच रहा है। इसके लिए उसने इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल को पत्र भेजकर एशिया कप और विश्व कप में दोनों टीमों को अलग-अलग ग्रुप में रखने को कहा है। इसके तहत दोनों टीमें केवल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल या फाइनल में ही आमने-सामने हो सकती है।





### बांग्लादेश से भी बिगड़ रहे हैं रिश्ते

शेख हसीना की सरकार गिरने के बाद से ही भारत के बांग्लादेश के साथ संबंध बिगड़ गए हैं। बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर हमलों ने संबंधों को और बिगाड़ दिया। इसी तरह बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मुहम्मद यूनुस के सलाहकार पूर्व मेजर जनरल एएलएम फजलुर रहमान के भारत के पूर्वोत्तर राज्यों पर कब्जा करने के बयान ने स्थिति को और बिगाड़ दिया है। ऐसे में बीसीसीआई बांग्लादेश से भी क्रिकेट रिश्ते खत्म कर सकता है।

### बीसीसीआई के बहिष्कार से यह होगा नुकसान

बीसीसीआई के बहिष्कार से पाकिस्तान और बांग्लादेश दोनों को भारी वित्तीय नुकसान होगा। बीसीसीआई अकेला आईसीसी के कुल राजस्व का 80 प्रतिशत हिस्सा अर्जित करता है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड और बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड भी अपने परिचालन के लिए इसी पर निर्भर हैं। अगर, भारत दोनों के साथ नहीं खेलने का फैसला करता है, तो दोनों देशों को लगभग 350 करोड़ रुपये का नुकसान हो सकता है। इसमें पीसीबी को लगभग 220 करोड़ और बांग्लादेश को 130 करोड़ रुपये का नुकसान होगा।

पाकिस्तान में सिंधु नदी प्रणाली प्राधिकरण (आईआरएसए) सलाहकार समिति ने सोमवार को मरला में चिनाब नदी के प्रवाह में अचानक कमी पर गहरी चिंता जताई। समिति ने आशंका जताई कि पानी का प्रवाह कम होने से खरीफ सीजन के शुरुआती दिनों में पाकिस्तान में 21% पानी की कमी हो सकती है।

### सिंधु जल संधि स्थगन के फैसले से पाक की बढ़ी चिंता

# चिनाब नदी से पाकिस्तान के 24 शहरों में 3 करोड़ लोगों पर असर खतरे में किसान, खरीफ सीजन में पानी 21% घटने की आशंका

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के बाद से भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर है। हमले के बाद, भारत ने सिंधु जल संधि को स्थगित रखने का फैसला किया है, जिससे पाकिस्तान की चिंता बढ़ गई है। सिंधु नदी प्रणाली प्राधिकरण (आईआरएसए) सलाहकार समिति ने सोमवार को मरला में चिनाब नदी के प्रवाह में अचानक कमी पर गहरी चिंता जताई। समिति ने आशंका जताई कि पानी का प्रवाह कम होने से खरीफ सीजन के शुरुआती दिनों में पाकिस्तान में 21% पानी की कमी हो सकती है। आईआरएसए सलाहकार समिति की बैठक अध्यक्ष साहिबजादा मुहम्मद शब्बीर की अध्यक्षता में आईआरएसए मुख्यालय इस्लामाबाद में आयोजित की गई।

### कपास, गन्ना और धान फसलों के उत्पादन में आएगी भारी गिरावट



### फैसलाबाद और हाफिजाबाद शहरों की 80% आबादी चिनाब नदी पर निर्भर

#### खरीफ मौसम में पानी की होगी भारी कमी

आईआरएसए ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि इस बात पर सर्वसम्मति से चिंता व्यक्त की गई कि भारत द्वारा कम आपूर्ति के कारण मराला में चिनाब नदी के प्रवाह में अचानक कमी के परिणामस्वरूप शुरुआती खरीफ मौसम में और अधिक कमी होगी। भारत से पानी की आपूर्ति कम होने के कारण पाक को खरीफ मौसम के दौरान पानी की भारी कमी का सामना करना पड़ सकता है।

#### सितंबर 2025 तक पानी की स्थिति की समीक्षा की

यह बैठक मई से सितंबर 2025 तक खरीफ की शेष अवधि के लिए प्रत्याशित जल उपलब्धता मानदंड को मंजूरी देने के लिए आयोजित की गई। सिंधु नदी प्रणाली प्राधिकरण सलाहकार समिति (आईएसी) ने 'शुरुआती खरीफ' (मई-10 जून) और देर खरीफ (11 जून-सितंबर) मौसम के शेष महीनों के लिए पानी की स्थिति की समीक्षा की।

#### स्थिति की प्रतिदिन निगरानी करेंगे

*आईएसी ने शेष प्रारंभिक खरीफ सीजन के लिए 21 प्रतिशत की कुल कमी की घोषणा की है, बशर्ते कि चिनाब नदी में आपूर्ति सामान्य बनी रहे। हालांकि, स्थिति की प्रतिदिन निगरानी की जाएगी। यदि चिनाब नदी में कमी जारी रहती है, देर से खरीफ की कमी 7% होने की उम्मीद है।*

#### कृषि उत्पादन पर विपरीत असर

वहीं, कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि खरीफ सीजन में 21 प्रतिशत पानी की कमी से पाकिस्तान में खरीफ फसलों की बुवाई पर विपरीत असर पड़ सकता है। नदी के प्रवाह में लंबे समय तक कमी से फसल की पैदावार कम हो सकती है, खासकर कपास, गन्ना और धान जैसी पानी की अधिक आवश्यकता वाली फसलों के लिए।

#### चिनाब नदी में जलस्तर घटकर 7 फीट हो गया



भारत ने जम्मू-कश्मीर में चिनाब पर बने सियाल और बगलिहार बांध के गेट बंद कर दिए हैं। इसके चलते पाकिस्तान जाने वाला चिनाब का पानी रुक गया है और जल स्तर घटकर 15 फीट रह गया है। पाकिस्तान में चिनाब का पानी 22 फीट था जो 24 घंटे में 7 फीट घट गया। चिनाब के लगातार सिकुड़ने से 4 दिन बाद पंजाब के 24 अहम शहरों में 3 करोड़ से ज्यादा लोगों को पीने के पानी के लिए तरसना पड़ सकता है। पाकिस्तान के फैसलाबाद और हाफिजाबाद जैसे घनी आबादी वाले शहरों की 80% आबादी पेयजल के लिए चिनाब के सतही पानी पर निर्भर है। बता दें, सोमवार को रियासी जिले में सलाल डैम के गेट बंद कर दिए गए।

#### बिजली उत्पादन में आएगी गिरावट

*पाकिस्तान की 80% खेती सिंधु, झेलम और चिनाब नदियों के पानी पर निर्भर है। अब भारत की तरफ से इन नदियों का पानी रोक देने से पाकिस्तान में जल संकट गहराएगा। वहां की आर्थिक स्थिति बिगड़ेगी।*

---

### प्रधानमंत्री मोदी ने समझौते को बताया ऐतिहासिक उपलब्धि

ब्रिटेन के पीएम कीर स्टार्मर को प्रधानमंत्री मोदी ने दिया भारत

# भारत और ब्रिटेन के बीच लगी 'मुक्त व्यापार समझौते' पर मुहर

*पीएम मोदी ने कहा है कि यह दोनों समझौते हमारी व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करेंगे। साथ ही इनके जरिए दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाओं में व्यापार, निवेश, विकास, रोजगार सृजन और नवाचार को भी बढ़ावा मिलेगा।*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर में एलओसी पर बने हुए तनावपूर्ण हालात और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ खतरे के मध्य भारत और ब्रिटेन के बीच मंगलवार को मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) होने की एक बड़ी खुशखबरी सामने आई है। जिसकी घोषणा खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने ब्रिटेन के समकक्ष प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर के साथ फोन पर हुई बातचीत के बाद की। पीएम ने एक्स पोस्ट में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री के साथ हुई बातचीत को लेकर प्रसन्नता जताते हुए इस समझौते को ऐतिहासिक उपलब्धि के रूप में रेखांकित किया और कहा कि भारत और ब्रिटेन ने एक महत्वाकांक्षी और पारस्परिक रूप से लाभकारी मुक्त व्यापार समझौते के साथ-साथ एक दोहरे योगदान सम्मेलन समझौते (डबल कंट्रीब्यूशन कन्वेंशन) को भी सफलतापूर्वक संपन्न किया है।

यह दोनों समझौते हमारी व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करेंगे। साथ ही इनके जरिए दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाओं में व्यापार, निवेश, विकास, रोजगार सृजन और नवाचार को भी बढ़ावा मिलेगा। पीएम मोदी ने अपनी पोस्ट में ब्रिटेन के पीएम स्टार्मर के जल्द भारत में स्वागत करने को लेकर उत्सुकता जताई है। एफटीए को लेकर पीएम मोदी ने प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर का धन्यवाद के साथ आभार भी प्रकट किया है।



फाइल फोटो

#### ईयू से बाहर निकलने के बाद हुआ एफटीए

भारत के साथ किया गया ब्रिटेन का यह एफटीए यूरोपीय संघ (ईयू) से बाहर निकलने के बाद किया गया एक बड़ा व्यापार संबंधी समझौता है। दोनों शीर्ष नेताओं ने इसे लेकर प्रसन्नता जताई है। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि पीएम मोदी ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री को भारत की यात्रा करने के लिए न्योता दिया है। साथ ही दोनों नेता भविष्य में भी एक-दूसरे के संपर्क में बने रहने के लिए सहमत हैं। वहीं, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कार्यालय ने समझौते को लेकर कहा कि यह एफटीए ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था में बड़ी धनराशि (बिलियन) का योगदान करेगा। साथ ही इससे रोजगार बढ़ेगा और मौजूदा सरकार के बदलाव की योजना भी क्रियान्वित हो सकेगी। यह एफटीए ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था के लिए एक बड़ी आर्थिक जीत है। जिससे कामकाजी लोगों और ब्रिटेन के व्यापारियों को लाभ होगा। ब्रिटेन के पीएम कीर स्टार्मर के मुताबिक, मामले में अब आगे की कार्रवाई को तेजी के साथ पूरा किया जाना आवश्यक है। जिससे अपने देश को सुरक्षित करने के साथ एक प्रकार से उसका नवीनीकरण भी किया जा सकेगा। ब्रिटेन के पीएम ने कहा कि यह समझौता दुनिया में व्यापारिक बाधाओं को दूर करते हुए सहयोग को मजबूती प्रदान करने की हमारी बदलाव की योजना का हिस्सा है। जिससे हम एक मजबूत और अधिक सुरक्षित अर्थव्यवस्था की तरफ बढ़ रहे हैं।

#### दोनों अर्थव्यवस्थाएं होंगी लाभांवित

भारत और ब्रिटेन के शीर्ष नेताओं ने इस मुक्त व्यापार समझौते को ऐतिहासिक के साथ-साथ द्विपक्षीय व्यापक सामरिक भागीदारी के लिए मील का पत्थर बताया है। उनका कहना है कि इससे दोनों देशों में व्यापार, निवेश, नवाचार और रोजगार सृजन को बढ़ावा मिलेगा। दोनों बड़ी और खुली हुई बाजार अर्थव्यवस्थाओं के लिए इस एफटीए की मदद से व्यापार के नए अवसर खुलेंगे, आर्थिक संपर्कों को मजबूती मिलेगी और लोगों के बीच संबंध और अधिक गहरे होंगे।

#### द्विपक्षीय व्यापार बढ़ेगा

मंत्रालय के मुताबिक, दोनों देशों के बीच इस संतुलित, समानता पर आधारित और महत्वाकांक्षी एफटीए पर अंतिम मुहर लगने का निष्कर्ष यही है कि इसके जरिए उत्पाद और सेवाओं के क्षेत्र को मिलाकर द्विपक्षीय व्यापार में सराहनीय बढ़ोतरी देखने को मिलेगी, रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे, लोगों का जीवन स्तर सुधरेगा और उसके अलावा दोनों देशों के नागरिकों के समूचे कल्याण में भी यह समझौता काफी मददगार साबित होगा। एफटीए के जरिए दोनों देशों के बीच वैश्विक बाजारों के लिए उत्पादों और सेवाओं के संयुक्त विकास की नई संभावनाओं को भी बल मिलेगा।

---

### परिषद के सदस्यों ने पहलगाम हमले में नापाक भूमिका से लेकर लश्करे तैयबा को लेकर की पूछताछ

# यूएनएससी में मदद मांगने गए पाकिस्तान को भारी-भरकम सवालों संग पड़ी कड़ी फटकार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत की जवाबी कार्रवाई से घबराए 'आतंकवाद के एपीसेंटर' पाकिस्तान ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) का दरवाजा खटखटाते हुए दुनिया के देशों से भारत के साथ तनाव को कम करने के लिए एक बैठक बुलाने की मांग की थी। जिसमें भी उसे न केवल मुंह की खानी पड़ी है। बल्कि यूएनएससी के सदस्य देशों की तरफ से कड़ी फटकार भी लगाई गई है।

जनसंचार के विभिन्न माध्यमों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक, बीते दिनों परिषद ने एक बंद कमरे में उक्त विषय पर हुई बैठक में भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव को कम करने के लिए चर्चा की। साथ ही यूएनएससी के सदस्यों ने बैठक में पाकिस्तान से ही कुछ तीखे सवाल कर डाले। जिनमें आतंकवाद, पहलगाम आतंकी हमले से लेकर पाकिस्तान समर्थित आतंकवादी संगठन लश्करे तैयबा की इस हमले में भूमिका को लेकर प्रश्न पूछे। जिनका पाकिस्तान स्पष्ट रूप से कोई जवाब नहीं दे सका और उसके बाद बैठक के समापन का ऐलान कर दिया गया। इसके अलावा भारत की संभावित जवाबी कार्रवाई को लेकर भी परिषद ने भारत के खिलाफ किसी बयान से भी इंकार कर दिया है।



**यूएनएससी का भारत को मजबूत समर्थन:** बताते चलें कि यूएनएससी की कुल सदस्य संख्या 15 है। जिसमें 5 स्थायी और 10 अस्थायी सदस्य देश हैं। स्थायी सदस्यों में अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, रूस और चीन शामिल हैं। जबकि दस अस्थायी सदस्यों में इस वर्ष के लिए पाकिस्तान भी परिषद के अस्थायी देशों में शामिल है। मौजूदा वक्त में यूएनएससी के पांच स्थायी सदस्यों में से चीन को छोड़कर सभी ने पहलगाम हमले के मामले में भारत को पूर्ण समर्थन प्रदान किया है। जबकि चीन ने हाल में अपने सदाबहार दोस्त पाकिस्तान का साथ देने की घोषणा की है।

**बेइज्जती के बाद भी इतराता पाक:** वहीं, बैठक में अपने नापाक एजेंडे के न चल पाने के बाद भी पाकिस्तान बाज नहीं आ रहा है। पाक प्रतिनिधियों ने कहा कि बैठक में उनके उद्देश्य पूरे हुए हैं। हम भारत के साथ किसी तरह का टकराव नहीं चाहते हैं। लेकिन पाकिस्तान अपनी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा करने के लिए तैयार है। भारत द्वारा सिंधु जल समझौते को रद्द करने के मामले को उठाते हुए पाकिस्तानी प्रतिनिधियों का कहना है कि जल हथियार नहीं बल्कि जीवन है।

**ओआईसी की खुली पोल:** इस्लामिक देशों के संगठन ओआईसी के दोहरे मानकों की एक बार फिर से पोल खुल गई है। ओआईसी के न्यूयॉर्क ग्रुप ने एक बयान में कहा कि भारत द्वारा पाकिस्तान पर लगाए जा रहे आरोप बेबुनियाद हैं। जिनकी वजह से दक्षिण एशिया में तनाव बढ़ रहा है। संगठन ने भारत के आरोपों को निराधार भी बताया है। उधर, भारत ने ओआईसी के बयान को सिरे से खारिज कर दिया है। विदेश मंत्रालय ने बताया कि भारत ओआईसी के बयान को खारिज करता है और उसे भारत के आंतरिक मामलों में दखल की तरह से देखता है। साथ ही ये एक प्रकार से पाकिस्तान जैसे उस देश का एक और प्रयास है। जो लंबे समय से सीमा पार आतंकवाद से जुड़ा हुआ है। संगठन का बयान पहलगाम हमले और उसके सीमा पार संपर्कों को अस्वीकार करने के समान है।

---

# जम्मू कश्मीर पर विवादित खबर पोस्ट करने वालों पर है केंद्र की नजर, सोशल मीडिया पर खूब हो रही है फजीहत

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के खिलाफ उपजा भारतीयों के गुस्से को कुछ मीडिया संस्थानों और भड़का दिया जब उन्होंने अपनी खबरों, सोशल मीडिया पोस्ट में 'भारत-नियंत्रित कश्मीर', 'भारत-अधिकृत कश्मीर' जैसे शब्दों का उपयोग किया। ये बात अलग है कि कुछ मीडिया संस्थानों उसके बाद सार्वजनिक रूप से गलती स्वीकारी है।

इन सबके बावजूद केंद्र सरकार ने ऐसे विवादों को गंभीरता से लिया है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय तथ्यों की पड़ताल कर रहा है। सोशल मीडिया पर कुछ समाचारों की कटिंग और फोटो कैप्शन को लेकर विवाद हुआ तो केंद्र सरकार हरकत में आई। सोशल मीडिया पोस्ट ने ऐसी खबरों के खिलाफ लोगों का गुस्सा भड़काया है। कई मीडिया हाउस और व्यक्तियों की इस शब्दावली के लिए आलोचना हुई है, जिसे भारत में भड़काऊ और पाकिस्तान द्वारा प्रचारित कश्मीर विवाद के नरेटिव के समर्थन में देखा जा रहा है। भारतीय मीडिया कंपनी स्पोर्ट्स-कीड़ा को एक सोशल मीडिया पोस्ट के लिए आलोचना झेलनी पड़ी, जिसमें कथित तौर पर कश्मीर को 'भारत-अधिकृत कश्मीर' कहा गया।

जनता के गुस्से के बाद पोस्ट हटा लिया गया। स्पोर्टस कीड़ा ने माफीनामा प्रकाशित कर जानकारी दी कि खबर पोस्ट करने वाले के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई है। टाइम्स ऑफ इंडिया पर भी 'भारतीय-नियंत्रित कश्मीर' जैसे शब्द का उपयोग करने का आरोप लगा, जिसे पाकिस्तानी दृष्टिकोण अपनाने के रूप में देखा गया। इससे इसके संपादकीय रुख पर सवाल उठे। बीबीसी ने भी एक रिपोर्ट में जम्मू-कश्मीर को 'भारत-अधिकृत' कहा, जिसे भारतीय टिप्पणीकारों ने प्रचार बताया। एक्स पर एक खास फोटो कैप्शन की आलोचना हुई, जिसमें पहलगाम हमले को 'भारतीय-प्रशासित कश्मीर' में 'बंदूकधारियों' द्वारा किया गया हमला बताया गया, जिसे भारतीय सुरक्षा बलों पर ध्यान केंद्रित करने और आतंकियों को हल्का दिखाने का प्रयास माना गया।

कंचन गुप्ता और जयपुर डायलॉग्स जैसे टिप्पणीकारों ने 'भारत-अधिकृत कश्मीर' के उपयोग की निंदा की, इसे भारत की जम्मू-कश्मीर पर संप्रभुता को कमजोर करने वाला बताया, खासकर 2019 में अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद। इन मीडिया हाउस से स्पष्टीकरण की मांग बढ़ रही है, और इसे भारत-विरोधी भावनाओं को भड़काने और कश्मीर की वास्तविक स्थिति को गलत दिखाने का आरोप लग रहा है।

---

### विदेश मंत्री एस. जयशंकर बोले

## विदेशों में कार्यरत भारतीयों के क्षमता विकास पर ध्यान दे रहे

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने मंगलवार को नई दिल्ली में 'ग्लोबल एक्सेस टू टैलेंट फ्रॉम इंडिया' फाउंडेशन के कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान विदेश मंत्री ने कहा कि सरकार ने विदेशों में भारतीय नागरिकों की शिकायतों को तुरंत सुनने और सुलझाने के लिए एक प्रभावी शिकायत पोर्टल शुरू किया है। साथ ही जरूरतमंद और संकट में फंसे नागरिकों की मदद के लिए एक विशेष कोष भी बनाया गया है। सरकार अब कौशल विकास, व्यावसायिक शिक्षा और पेशेवर तैयारी के क्षेत्र में बड़े पैमाने पर निवेश कर रही है। हमारी कोशिश है कि भारतीय कार्यबल न केवल योग्य हो, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धी भी हो।



---

### पीएम मोदी ने ऑस्ट्रेलिया समकक्ष एंथनी से की चर्चा

# रणनीतिक साझेदारी बढ़ाने और नए क्षेत्रों में सहयोग करने पर हुए सहमत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया के पीएम एंथनी अल्बनीज को टेलीफोन कर उनके दूसरे ऐतिहासिक कार्यकाल के लिए बधाई दी। इस संबंध में पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर में लिखा कि अपने मित्र एंथनी अल्बनीज से बात की और उन्हें उनकी पार्टी की ऐतिहासिक जीत पर व्यक्तिगत रूप से बधाई दी। हम भारत-ऑस्ट्रेलिया व्यापक रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने और सहयोग के नए क्षेत्रों की खोज करने के लिए नए जोश के साथ मिलकर काम करने पर सहमत हुए।



#### आपसी हित के मुद्दों पर की चर्चा

दोनों नेताओं ने आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मामलों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया तथा एक स्वतंत्र, खुले, स्थिर, नियम-आधारित और समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए मिलकर काम करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। पीएम मोदी ने पीएम अल्बनीज को वार्षिक शिखर सम्मेलन और इस वर्ष के अंत में भारत में आयोजित होने वाले क्वाड शिखर सम्मेलन सहित भारत आने का निमंत्रण दिया।

---

## खबर संक्षेप

### पुंछ में खाई में गिरी बस 4 की मौत, 25 घायल

**पुंछ।** जम्मू कश्मीर के पुंछ में एक बस दुर्घटना में 4 लोगों की मौत हो गई और 25 लोग घायल हो गए। हादसा पुंछ जिले के गनी मेंढर इलाके में हुआ। घायलों को सेना के जवानों और पुलिस ने तुरंत रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर बचा लिया और उन्हें इलाज के लिए मेंढर के उप-जिला अस्पताल पहुंचाया गया। हादसे को लेकर बताया जा रहा है कि बस ड्राइवर ने बस पर से अपना नियंत्रण खो दिया था। जिससे यात्रियों से भरी बस खाई में गिर गई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।



---

### 19 मई को सबरीमाला मंदिर जाएंगी द्रौपदी मुर्मू

# भगवान अयप्पा के दर्शन करने वाली पहली राष्ट्रपति होंगी, तैयारियां शुरू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 19 मई को केरल के सबरीमाला मंदिर में भगवान अयप्पा के दर्शन और पूजा-अर्चना करेंगीं। देश के इतिहास में वह पहली राष्ट्रपति होंगी जो सबरीमाला मंदिर जाएंगीं। मंदिर प्रबंधन संस्था त्रावणकोर देवस्वोम बोर्ड (टीडीबी) ने उनकी यात्रा की पुष्टि की। साथ ही इसे देश के इतिहास में गर्व का पल करार दिया।



#### यह गर्व का क्षण

*टीडीबी के अध्यक्ष पीएस प्रशांत ने कहा कि यह पहली बार है कि जब किसी राष्ट्रपति का सबरीमाला मंदिर में आगमन हो रहा है। वे यहां प्रार्थना करने वाली पहली राष्ट्रपति होंगी। यह गर्व का क्षण है। उन्होंने बताया कि 18 और 19 मई को मंदिर में भक्तों को दर्शन नहीं मिलेंगे। इसके लिए क्यूआर टिकट सेवाओं को भी बंद कर दिया गया है। हमने सड़कों की मरम्मत और निर्माण कार्य शुरू करा दिया है।*

---

### अमेरिकी संसद के स्पीकर ने की पहलगाम हमले की निंदा कहा-

# आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में हम भारत के साथ

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

पहलगाम आतंकी हमले की लगातार निंदा हो रही है। अब अमेरिकी संसद के स्पीकर माइक जॉनसन ने भी पहलगाम हमले को गलत बताया है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में अमेरिका भारत का पूरा समर्थन करेगा। भारत कई मायनों में अमेरिका का साझेदार है। माइक जॉनसन ने भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर भी बात की। कैपिटल हिल में कांग्रेस की ब्रीफिंग के दौरान माइक जॉनसन ने कहा कि भारत में जो भी कुछ हो रहा, उसके लिए हमारी बहुत सहानुभूति है। हम अपने सहयोगियों के साथ हैं। मुझे लगता है कि दोनों देशों के बीच व्यापार वार्ता अच्छी तरह से काम करेगी। भारत को आतंकवाद के खिलाफ खड़ा होना होगा। हम अमेरिका में भारत के प्रयासों का समर्थन करने का हर संभव प्रयास करेंगे।



*भारत कई मायनों में अमेरिका का साझेदार*

*ट्रंप भारत के साथ रिश्तों को महत्व देते हैं*

#### भारत ने यूएस को शून्य टैरिफ का दिया प्रस्ताव

भारत-अमेरिका के बीच व्यापार समझौते पर जल्द सहमति बन सकती है। भारत ने व्यापार वार्ता में अमेरिका के समक्ष इस्पात, ऑटो पार्ट्स व दवाओं पर दोनों देशों में शून्य टैरिफ का प्रस्ताव रखा है। भारत का प्रस्ताव है कि उत्पादों की एक निश्चित मात्रा और पारस्परिक आधार पर इस टैरिफ व्यवस्था को अपनाया जा सकता है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले महीने वाशिंगटन में हुई बातचीत में भारतीय अधिकारियों ने यह प्रस्ताव रखा। इसके तहत एक तय सीमा तक वस्तुओं पर कोई आयात शुल्क नहीं लगेगा। आयात तय सीमा से ज्यादा होता है, तो सामान्य दरों पर शुल्क लागू होगा।

#### ट्रंप प्रशासन आतंकवाद के खतरे को समझता है

माइक जॉनसन ने कहा कि भारत और अमेरिका का रिश्ता लगातार विकसित हो रहा है। ट्रंप प्रशासन भी इस रिश्ते के महत्व को समझता है। वह आतंकवाद के खतरे के महत्व को भी समझता है। इसलिए अगर आतंकवाद बढ़ता है तो ट्रंप प्रशासन इससे निपटने में मदद करने के लिए अधिक ऊर्जा, संसाधन और समय लगाएगा।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109